8.	अन्तरिम समाधान प्रोफेशनल के रूप में कार्यरत ऋण शोध अक्षमता प्रोफेशनल का नाम और रजिस्ट्रेशन नम्बर	सुनील प्रकाश शर्मा IBBI/IPA-002/IP-N00551/2017-18/11726
9.	अन्तरिम समाधान प्रोफेशनल पता और ई–मेल, जैसा कि बोर्ड में पंजीबद्ध है।	लोअर ग्राउण्ड फ्लोर, ई–25, लाजपत नगर–3, नई दिल्ली–24 ई–मेल : adv.sunilprakash@gmail.com
10.	अन्तरिम समाधान प्रोफेशनल का पत्राचार हेतु प्रयुक्त पता और ई–मेल	लोअर ग्राउण्ड फ्लोर, 2/6–ए, जंगपुरा–ए, नई दिल्ली–14 ई–मेल : irpsunil.futecshelters@gmail.com
11.	दावा प्रस्तुत करने हेतु अन्तिम तिथि	25.10.2019
12.	अन्तरिम समाधान प्रोफेशनल द्वारा धारा 21 की उप–धारा (6क) के क्लॉज (ख) के तहत अभिनिश्चित लेनदारों की श्रेणियाँ, यदि कोई हो	अब तक निर्धारित नहीं
13.	किसी श्रेणी में लेनदारों के अधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने हेतु चिन्हित ऋण शोध अक्षमता प्रोफेशनल के नाम (प्रत्येक श्रेणी के लिए तीन नाम)	1. शैलेश दयाल, मोबाइल नं. : 9811255855 ई–मेल आईडी : shaileshdayal@gmail.com 2. अशोक कुमार जालान, मोबाइल नं. : 9312279229 ई–मेल आईडी : akjalan@jalanca.com 3. भीम सेन गोयल, मोबाइल नं. : 9811081491 ई–मेल आईडी : bsgoyal1@gmail.com
14.	(क) सम्बन्धित प्रपत्र और (ख) अधिकृत प्रतिनिधियों का विवरण पर उपलब्ध है :	कारपोरेट व्यक्तियों के लिए ऋण शोध अक्षमता समाधान प्रक्रिया विनियम, 2016 के विनियम 7, 8, 8ए, 9 तथा 9ए के सन्दर्भ में दावे उनके निर्दिष्ट प्रारूप में जमा किये जा सकते हैं प्रपत्र ख प्रचालनात्मक लेनदारों द्वारा, प्रपत्र ग वित्तीय लेनदारों द्वारा, प्रपत्र गक वर्ग में लेनदारों द्वारा प्रपत्र घ कारपोरेट देनदार के कामगारों या कर्मचारियों द्वारा, प्रपत्र ङ कामगारों या कर्मचारियों के अधिकृत प्रतिनिधियों द्वारा, प्रपत्र च अन्य लेनदारों के दावों द्वारा, http://www.ibbi.gov.in

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि राष्ट्रीय कम्पनी विधि न्यायाधिकरण, नई दिल्ली प्रधान पीठ ने दिनांक 09.10.2019 को फ्यूटेक शेल्टर्स प्राइवेट लिमिटेड के विरुद्ध ऋण शोध अक्षमता प्रक्रिया आरम्भ करने का आदेश दिया है।

फ्यूटेक शेल्टर्स प्राइवेट लिमिटेड के लेनदारों से एतद्द्वारा अपने दावों का प्रमाण 25.10.2019 को अथवा इससे पूर्व अन्तरिम समाधान प्रोफेशनल के समक्ष ऊपर आइटम 10 के समक्ष वर्णित पते पर प्रस्तुत करने के लिए कहा जाता है। वित्तीय लेनदारों को अपने दावों का प्रमाण केवल इलेक्ट्रॉनिक साधनों द्वारा प्रस्तुत करना होगा। अन्य सभी लेनदार अपने दावों का प्रमाण दस्ती (व्यक्तिगत रूप से), डाक द्वारा अथवा इलेक्ट्रॉनिक साधनों द्वारा प्रस्तुत कर सकते हैं। दावे के फर्जी अथवा भ्रामक प्रमाण की प्रस्तुति दण्डनीय होगी।

हस्ता./–
तिथि : 11.10.2019
स्थान : नई दिल्ली
सुनील प्रकाश शर्मा
अन्तरिम समाधान प्रोफेशनल

इण्डियन ओवरसीज बैंक

असेट रिकवरी मैनेजमेंट शाखा,
रचना बिल्डिंग, चतुर्थ तल, 2, राजेन्द्र प्लेस, पूसा रोड, नई दिल्ली–110008
फोन नंबर : 011–25758124, ई–मेल आईडी : iob1997@iob.in

अचल सम्पत्ति की बिक्री के लिए बिक्री सूचना
[प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली के नियम 8(6) के परंतुक के तहत]

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण तथा पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के परन्तुक 8 (6) के तहत अचल आस्तियों की बिक्री के लिए ई–नीलामी सूचना।

एतद्द्वारा सर्व साधारण को तथा विशेष रूप से कर्जदारों और गारंटरों को सूचना दी जाती है कि **इण्डियन ओवरसीज बैंक** के पास बंधक रखी गई निम्नवर्णित अचल सम्पत्तियां, जिनका कब्जा इण्डियन ओवरसीज बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है, नीचे उल्लिखित विवरण को "जैसी है जहां है", "जो है जैसी है", "जो भी है वहां है" आधार पर बेची जाएंगी।

क्र. स.	कर्जदारों का नाम / गारंटरों का नाम	इण्डियन ओवरसीज बैंक को देय राशि	अचल संपत्ति का विवरण / ज्ञात ऋणभार यदि कोई हो	कब्ज़ा का प्रकार	सुरक्षित मूल्य / बोली वृद्धि राशि	नीलामी की तिथि / ईएमडी जमा करने हेतु अंतिम तिथि	संपर्क व्यक्ति और मोबाइल नं.
1.	**मैसर्स जी टी बायोफार्मा प्रा. लि.** बी–87, दूसरी मंजिल, डिफेन्स कॉलोनी, नई दिल्ली –110024 **यहां भी : मैसर्स जी टी बायोफार्मा प्रा.लि.** 304, मनीषा बिल्डिंग ,75–76 नेहरू प्लेस ,नई दिल्ली –110019 **यहां भी : मैसर्स जी टी बायोफार्मा प्रा.लि.** कालाअम्ब, मौजा मोगीनंद, तहसील नाहन, जिला सिरमौर ,हिमाचल प्रदेश 1. **श्री मुकेश मल्लीन (निदेशक और गारंटर)** ई–21, राजौरी गार्डन, नई दिल्ली –110027 2. **श्री संजय भारतीय (निदेशक और गारंटर)** ओ –84, लाजपत नगर 1ll, नई दिल्ली – 110024 3. **श्री कमल भाटिया (गारंटर)** 86, सज्जा सिंह पार्क, मॉडल टाउन, पानीपत, हरियाणा – 132103 4. **मैसर्स इंडकुश ड्रग्स एंड फार्मा श्री कमल भाटिया और श्रीमती वीणा भाटिया**, इसके भागीदार के माध्यम से प्लॉट न. 41–42, सेक्टर–49, हुडा पानीपत, हरियाणा – 132102 (बन्धककर्ता) 5. **मैसर्स इंडकुश ड्रग्स एंड फार्मा श्री कमल भाटिया और श्रीमती वीणा भाटिया**, इसके भागीदार के माध्यम से गांव मोगीनंद, चंडीगढ़ देहरादून रोड, कालाअम्ब, जिला सिरमौर, हिमाचल प्रदेश –173001 (बन्धककर्ता) 6. **श्रीमती वीणा भाटिया (गारंटर)** 86, सज्जा सिंह पार्क, मॉडल टाउन, पानीपत, हरियाणा – 132103 7. **मैसर्स जी टी बायोफार्मा प्रा.लि.** बी–87, दूसरी मंजिल, डिफेन्स कॉलोनी, नई दिल्ली –110024	**09.10.2017** को **रु. 17,29,14,939.44** ब्याज और लागत के साथ	औद्योगिक प्लॉट माप 950.81 वर्ग गज जो प्लॉट नं ई –47 पर,भूमि क्षेत्र माप 795 वर्ग मीटर , जी टी रोड के दक्षिण, औद्योगिक क्षेत्र, गाजियाबाद, यूपी में स्थित, जो **मैसर्स जी टी बायोफार्मा प्राइवेट लिमिटेड** के स्वामित्व में है। **(संपत्ति बैंक के प्रतीकात्मक कब्जे में है)** ज्ञात नहीं	सांकेतिक	**रु 236.10 लाख** (आईटी अधिनियम की धारा 194 IA के अनुसार आरक्षित मूल्य 1% टीडीएस राशि का समावेश है।) **रु 23.61 लाख**	**30.10.2019** **29.10.2019**	**श्री अमनदीप सिंह** **मो नं. 9643330180**
2.	**मैसर्स अल्फा प्रिंटर्स** 1. **श्रीमती राधा रानी गौर** 2. **श्री इशांक गौर** 3. **श्री राकेश कुमार गौर**	**17.01.2019** को **रु. 5,16,00,582** ब्याज और लागत के साथ	निर्मित फ्री होल्ड आवासीय कम कमर्शियल सम्पत्ति विथरिंग न.–डी –17, सम्पूर्ण छत / छत के अधिकारों के साथ, 75 वर्ग गज की दूरी पर भूमि क्षेत्र पर निर्मित,शॉपिंग सेंटर नंबर –02, मानसरोवर गार्डन, नई दिल्ली –110015 में स्थित,जो श्री राकेश कुमार गौर पुत्र श्री जय प्रकाश शर्मा के स्वामित्व में ज्ञात नहीं	भौतिक	**रु 152.31 लाख** **रु 15.24 लाख**	**30.10.2019** **29.10.2019**	**श्री भुवनेश्वर कुमार** **मो नं. 9650075893**
3.	**मैसर्स पैटाकल क्लोथिंग प्रा. लि.** 1. **श्री कमल कंटोर** 2. **श्रीमती आकृति कंटोर** 3. **श्रीमती शांति नवल** 4. **श्री विराग नवल**	**17.12.2015** को **रु. 1,62,69,954.78** आगे ब्याज और लागत के साथ **01–12–2015** से	श्रीमती शांति नवल के स्वामित्व में गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की कौशांबी योजना में स्थित फ्लैट नंबर 203, कंचनजंगा की लीज होल्ड सम्पत्ति ज्ञात नहीं	सांकेतिक	**रु 93.93 लाख** **रु 09.40 लाख**	**19.11.2019** **18.11.2019**	**श्री एहसान खलील** **मो नं. 8668493544**
4.	**मैसर्स मलिक एंटरप्राइजेज स्वामी श्री आज़ाद खान, के माध्यम से** 1011, किशन गंज, तेलीवाड़ा, सदर बाजार, दिल्ली –110006 **श्री आज़ाद खान** 62, चौधरी ब्रह्म सिंह मार्ग, मौजपुर, दिल्ली –110053 **इसके अलावा:** 172/1, गली नंबर 4, नेहरू विहार, शेरपुर चौक के पास, करावल नगर, दिल्ली –110094 **यहाँ पर भी:** सी–227/7, नेहरू विहार, दिल्ली –110094	**30.11.2016** को **रु 20,57,679** ब्याज और लागत के साथ	संपत्ति विथरिंग न. ए 172 / 1, ग्रूजीएफ और पहली मंजिल (पुराना नंबर 73) गली नंबर 4, नेहरू नगर, दिल्ली –110095 में क्षेत्र माप 27 वर्ग गज (22.57 वर्ग मीटर) जो **श्री आज़ाद खान के नाम पर** **(संपत्ति बैंक के भौतिक कब्जे में है)** ज्ञात नहीं	भौतिक	**रु 14,40,000** **रु 1,44,000**	**30.10.2019** **29.10.2019**	**श्री मृत्युन्जय शुक्ला** **मो नं. 7827373601**
5.	1. **मैसर्स सूर्या बुकसेलर्स एंड सप्लायर्स स्वामी श्री सुनील कुमार के माध्यम से,** ए –172, अपर ग्राउंड फ्लोर, गली नंबर 4, नेहरू विहार, करावल नगर, दिल्ली –110094 2. **मैसर्स जी.सी. बुक क. स्वामी श्री सतीश चंद मिश्रा के माध्यम से** ए –172, गली नं. 4, नेहरू विहार, करावल नगर, दिल्ली –110094 1. **श्री सुनील कुमार पुत्र श्री अजय कुमार,** प्लॉट नंबर 73, खसरा नंबर 68/23, अजीत विहार, बुराड़ी, दिल्ली –110084 2. **श्री सतीश चंद मिश्रा,** ए –172, गली नंबर 4, नेहरू विहार, करावल नगर, दिल्ली –110094 3. **श्री विजय कुमार मिश्रा,** पुत्र श्री पारस नाथ मिश्रा, 56ए, गली नंबर 5, संत नगर, बुराड़ी, दिल्ली –110084 **यहाँ भी :** गली नंबर 4, सी–ब्लॉक, मोहनपुरी, नीजापुर, दिल्ली –53 **यहाँ भी :** बी–24, प्रेम नगर, डी–ब्लॉक, फेज–I, किराड़ी सुलेमान नगर, दिल्ली –110086	1. **मैसर्स सूर्या बुकसेलर** **रु. 27,40,613/–** 2. **मैसर्स जी.सी. बुक कं.** **रु 43,38,591/–** ब्याज और लागत के साथ	लॉट 1 – फ्रीहोल्ड सम्पत्ति, पूर्ण भूतल और पहली मंजिल से मिलकर (बिना छत के अधिकारों के) जो प्लॉट नंबर ए –172 (पुराना नं. 73) , खसरा नं. 335/1, गली नं. 4, नेहरू विहार (शेरपुर चौक के पास), गाँव मुस्तफाबाद, जिला शाहदरा, दिल्ली –110094 में स्थित मालिक **श्री विजय कुमार मिश्रा** **(संपत्ति बैंक के भौतिक कब्जे में है)** लॉट–2 – फ्रीहोल्ड सम्पत्ति ,पूर्ण दूसरी मंजिल से मिलकर (बिना छत के अधिकारों के) जो प्लॉट नंबर ए –172 (पुराना नं. 73) , खसरा नं. 335/1, गली नं. 4 , नेहरू विहार (शेरपुर चौक के पास), गाँव मुस्तफाबाद, जिला शाहदरा, दिल्ली –110094 में स्थित, सुपर एरिया 657 वर्ग फिट मालिक **श्री विजय कुमार मिश्रा** **(संपत्ति बैंक के प्रतीकात्मक कब्जे में है** ज्ञात नहीं	लॉट 1 भौतिक लॉट 2 सांकेतिक	**लॉट 1 : रु 34,48,000** **लॉट 2 : रु 17,70,000** **लॉट 1 : रु 3,45,000** **लॉट 2 : रु 1,77,000**	**30.10.2019** **29.10.2019**	**श्री मृत्युन्जय शुक्ला** **मो नं. 7827373601**
6.	**मैसर्स बी एसोसिएट्स** स्वामी श्री बशीर अहमद खान के माध्यम से 1011, किशन गंज, तेलीवाड़ा, सदर बाजार, दिल्ली –110006 1. **श्री बशीर अहमद खान**, 1011, किशन गंज, तेलीवाड़ा, सदर बाजार, दिल्ली –110006 2. **श्रीमती गज़ला बशीर**, 1011, किशन गंज, तेलीवाड़ा, सदर बाजार, दिल्ली –110006	**11.07.2016** को **रु 16,44,115** ब्याज और लागत के साथ	फ्रीहोल्ड सम्पत्ति, पूर्ण तीसरी मंजिल से मिलकर निर्मित क्षेत्रफल माप 73 वर्ग गज (बिना छत के अधिकारों के) जो प्लॉट नंबर ए –172 (पुराना नंबर 73), खसरा नं. 335/1, गली नंबर 4, नेहरू विहार (शेरपुर चौक के पास), गाँव मुस्तफाबाद, जिला शाहदरा, दिल्ली –110094 में स्थित मालिक **श्रीमती गज़ला बशीर** **(संपत्ति बैंक के भौतिक कब्जे में है)** ज्ञात नहीं	भौतिक	**रु 17,64,000** **रु 1,76,400**	**30.10.2019** **29.10.2019**	**श्री मृत्युन्जय शुक्ला** **मो नं. 7827373601**
7.	1. **श्रीमती कुम कम कनोडिया** 10174, वासुदेव टावर, गुरुद्वारा रोड, करोल बाग, नई दिल्ली –110005 **यहां भी :** सी –175, पुष्पांजलि एन्क्लेव, पीतमपुरा, दिल्ली – 110034 2. **मैसर्स क्लासिक इंटरनेशनल (स्वामी श्री रजत कनोडिया)** सी –175, पुष्पांजलि एन्क्लेव, पीतमपुरा, दिल्ली – 110034 **पंजीकृत कार्यालय :** 10174, वासुदेव टावर, गुरुद्वारा रोड, करोल बाग, नई दिल्ली –110005 **यहां भी :** 2523/8, विजय प्लाजा बिल्डिंग, गुरुद्वारा रोड, करोल बाग, नई दिल्ली –110005 1. **श्री राजेश कुमार (गारंटर) खाता श्रीमती कुम कुम कनोडिया** सी –175, पुष्पांजलि एन्क्लेव, पीतमपुरा, दिल्ली – 110034 2. **श्रीमती कुम कुम कनोडिया खाता क्लासिक इंटरनेशनल में** सी –175, पुष्पांजलि एन्क्लेव, पीतमपुरा, दिल्ली – 110034	**खाता श्रीमती कुम कुम कनोडिया** में **31.03.2017** को **रु. 10,41,44,601.17/–** आगे का ब्याज और लागत के साथ **खाता मैसर्स क्लासिक इंटरनेशनल** में **31.03.2017** को **रु. 21,04,48,833.05/–** आगे ब्याज और लागत के साथ	सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : वार्ड नंबर 16, ब्लॉक टी, गाईयाला, गुरुद्वारा रोड, करोल बाग, नई दिल्ली स्थित व्यावसायिक सम्पत्ति संख्या 10174, परिमाप 613 वर्ग गज जो **श्रीमती कुम कुम कनोडिया पत्नी श्री राजेश कुमार** द्वारा स्वामित्वकृत है। **(संपत्ति बैंक के प्रतीकात्मक कब्जे में है)** ज्ञात नहीं	प्रतीकात्मक	**रु 3131.00 लाख** **रु 312.00 लाख**	**30.10.2019** **29.10.2019**	**श्री कृष्ण कुमार डीगवाल** **मो नं. 8601941060**

- जहां कहीं लागू है, सुरक्षित मूल्य में आईटी ऐक्ट की धारा 194(आईए) के तहत 1 प्रतिशत कर शामिल है।
- बिक्री के विस्तृत नियम और शर्तों के बारे में, कृपया इण्डियन ओवरसीज बैंक की वेबसाइट **www.iob.in [https://www.iob.in/TenderDetails.aspx?Tendertype=E_Auction]** पर दिए गए लिंक को देखें तथा क्रम संख्या 1,2,3 और 7 की संपत्तियों के लिए **https://iob.foreclosureindia.com** तथा क्रम संख्या 4,5 और 6 की संपत्तियों के लिए **https://auction.magicbricks.com** देखें।
- यह सूचना उक्त ऋण के कर्जदार /रों तथा गारंटर /रों को प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8(6) / नियम 9(1) के तहत उपरिवर्णित तिथि को ई–नीलामी के आयोजन के बारे में एक नोटिस भी माना जाए।
- ईएमडी जमा करने की तिथि **14.10.2019** से ।

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 11.10.2019
प्राधिकृत अधिकारी, इण्डियन ओवरसीज बैंक

मौसम

तापमान	नोएडा	गाजियाबाद	गुरुग्राम	फरीदाबाद
अधिकतम	33.2 डि.से.	33.2 डि.से.	32.2 डि.से.	33.9 डि.से.
न्यूनतम	20.3 डि.से.	20.3 डि.से.	20.2 डि.से.	20.3 डि.से.

मुख्यमंत्री ने प्रदूषण पर डेनमार्क महापौर सम्मेलन को दिल्ली से किया संबोधित

खुद को सराहा, केंद्र को घेरा

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 11 अक्तूबर।

केंद्र सरकार व दिल्ली सरकार की लंबी खींचतान के बीच शुक्रवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने प्रदूषण पर डेनमार्क महापौर कान्फ्रेंस को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने इस कान्फ्रेंस से दिल्ली में प्रदूषण रोकने के लिए उठाए गए सख्त कदमों की जानकारियां दुनिया को दीं। वहीं, दिल्ली सरकार ने प्रदूषण पर केंद्र सरकार को घेरा। दूसरे राज्यों से हो रहे प्रदूषण के मामले में उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार, पंजाब-हरियाणा, एनजीटी और सुप्रीम कोर्ट प्रदूषण को खत्म करने के लिए कुछ सख्त कदम उठाएंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली में पूरे साल के बाकी माह में 25 फीसद तक प्रदूषण कम हुआ है, लेकिन अक्तूबर में पड़ोसी राज्यों में फसल जलाने का धुंआ खतरनाक प्रदूषण कर रहा है। यह धुंआ दिल्ली आना शुरू हो गया है। हम दिल्ली वाले अपने स्तर पर जो भी मुमकिन है वे सभी कदम उठा रहे हैं। प्रदूषण कम करने के लिए सम-विषम की व्यवस्था लागू होगी, दीपावली पर कचरा जलाने से रोकेंगे और धूल उड़ाना आदि बंद होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे भी डेनमार्क कान्फ्रेंस में शामिल होना चाहते थे लेकिन कुछ कारणों से इस सम्मेलन में नहीं पहुंच सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र की युवा ग्रेटा थनबर्ग ने एक गंभीर मुद्दा उठाया है। प्रदूषण के मुद्दे से दुनियाभर के लोग उससे जुड़ रहे हैं। इससे एक बार साफ है कि दुनिया के लोग प्रदूषण के खिलाफ एक विस्तृत कार्ययोजना की उम्मीद करते हैं। उन्होंने बताया कि जब दिल्ली में 2015 में आम आदमी पार्टी की सरकार बनी थी, तो प्रदूषण अधिक था। इस वजह से आम जनता परेशान थी। सर्दी होने की वजह से यह प्रदूषण और अधिक बढ़ गया था। उस समय दिल्ली सरकार ने देश में सम-विषम नंबर की व्यवस्था को वाहनों के लिए लागू किया। इस नई व्यवस्था से एकाएक 50 फीसद वाहन सड़क से बाहर हो गए थे। इसी के तहत डीजल वाहन बंद करने, कोल आधारित बिजली संयंत्र बंद करने और हरित क्षेत्र बढ़ाने के फैसले लिए गए। इस वजह से प्रदूषण 25 फीसद कम हुआ जबकि इससे पूर्व से लगातार इसमें बढ़ोतरी देखी जा रही थी। उन्होंने कहा कि प्रदूषण नियंत्रण के लिए अभी भी और भी सख्त कदम उठाने की जरूरत है। इससे साबित हुआ है कि अच्छी पर्यावरण नीति से एक अच्छी राजनीति हो सकती है।

भाषा पर हमें गर्व होना चाहिए : केजरीवाल

सम्मेलन के लिए हिंदी में भाषण दिए जाने पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि देश की किसी भी भाषा में बोलें, पर हमें उस पर गर्व होना चाहिए। इस पहल से दुनिया के सामने देश की भाषा मजबूत होती है। वे हिंदी में दिए अपने भाषण पर उठाए गए सवालों का जवाब दे रहे थे।

महापौर जाने के काबिल नहीं थे : संजय

आम आदमी पार्टी (आप) प्रभारी और राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि दिल्ली के निगम दुनिया के सबसे भ्रष्ट निगम हैं। भाजपा के महापौर डेनमार्क सम्मेलन में जाने के काबिल नहीं थे, इसलिए उन्हें इस बार न्योता नहीं दिया। उन्होंने कहा कि यह आमंत्रण नहीं मिलने के लिए खुद भाजपा के नेता दोषी हैं। संजय सिंह ने कहा कि इसलिए भाजपा के दिल्ली प्रभारी का बयान ठीक नहीं है।

प्रदूषण कम करने के लिए ये है तैयारी

- राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम से 2024 तक प्रदूषण 30 फीसद तक कम करेंगे
- 2025 तक के लिए दूरगामी नीतियां बनेंगी, इसके तहत सार्वजनिक परिवहन को सुधारा जाएगा
- बसों की संख्या को 5500 से 11000 तक करने की योजना
- 2024 तक नई नीति के तहत ई-वाहनों को बढ़ावा
- 2020 तक दिल्ली को मिलेगी इलेक्ट्रिक बसें
- प्रदूषण जांच के नियमों को सख्ती से करेंगे लागू

दिल्ली सरकार आरोप-प्रत्यारोप पर उतर आई : तिवारी

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मनोज तिवारी ने कहा कि दिल्ली सरकार अगर प्रदूषण को लेकर अत्यंत गंभीर है तो उसे तत्काल विधानसभा का विशेष सत्र बुलाना चाहिए। इस सत्र में आगामी प्रदूषण को लेकर चर्चा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रदूषण के मामले में दिल्ली सरकार ने अपनी पुरानी चाल चल दी है और वह एक बार फिर से आरोप प्रत्यारोप की राजनीति पर उतर आई है। 56 माह की नाकामियों का ठीकरा सरकार ने दूसरे राज्यों पर फोड़ा है।

पराली से पहले बिगड़ने लगा स्तर

दूसरे राज्यों से अभी दिल्ली तक पराली का धुंआ नहीं पहुंचा है, लेकिन प्रदूषण का स्तर खराब होना शुरू हो गया है। पर्यावरण विभाग के आंकड़ों के मुताबिक दिल्ली में प्रदूषण स्तर लगातार खराब हो रहा है। शुक्रवार को वायु गुणवत्ता स्तर बेहद ही खराब दर्ज किया गया है। यह स्तर आनंद विहार पर 220, मंदिर मार्ग पर 197, पूसा मार्ग पर 157, मंदिर मार्ग पर 197, नई दिल्ली दूतावास एरिया में 189, मेजर ध्यान चंद स्टेडियम में 157 तक पहुंच गया था। पर्यावरण विशेषज्ञ मानते हैं कि प्रदूषण के ये खराब हालत दिल्ली की स्थानीय परेशानियों की वजह से हैं। बार्डर से सटे आंनद विहार व आसपास के क्षेत्र में हालत सबसे

अपने के बिछड़ने का दर्द

द स्काई इज पिंक

रेटिंग- ★★½

निर्देशक- शोनाली बोस

कलाकार- फरहान अख्तर, प्रियंका चोपड़ा, जायरा वसीम, रोहित सर्राफ

2015 में दिल्ली से लगे गुड़गांव यानी आज के गुरुग्राम की रहनेवाली 18 साल की आशा चौधरी का निधन हुआ था। आशा को एक गंभीर लाइलाज बीमारी थी। फिर भी उस उम्र तक उसने एक भरपूर जिंदगी जी। वो एक मोटिवेशनल स्पीकर थी और जिंदगी को सकारात्मकता से जीने का संदेश देती थी। उसकी एक किताब भी 'माई लिटिल एफीमेनीज' नाम से प्रकाशित हुई थी। निर्देशक शोनाली बोस की यह फिल्म उसी के जीवन पर आधारित है।

बेशक आशा की कहानी प्रेरणादायी है। पर सोचने की बात है कि क्या फिल्म भी वैसी ही है? इसका जवाब है कुछ हद तक। असल में लंबी खींच जाने की वजह से फिल्म कुछ जगहों पर बोर भी करती है। अगर निर्देशक ने इसे थोड़ा चुस्त किया होता तो शायद यह फिल्म कुछ बेहतर होती।

आशा का किरदार जायरा वसीम ने निभाया है। फरहान अख्तर ने आशा के पिता नीरेन चौधरी की भूमिका निभाई है। प्रियंका चोपड़ा इसमें आशा की मां अदिति चौधरी बनी है और रोहित सर्राफ आशा के भाई। फिल्म में आशा चौधरी का परिवार दिल्ली के चांदनी चौक में रहता है। आशा को रेयर इम्यून डिफिसिएंसी सिंड्रोम नाम की बीमारी हो जाती है, जो एक तरह से लाइलाज है। इस बीमारी में मनुष्य की प्रतिरोधक क्षमता खत्म हो जाती है। हालांकि आशा के लंबे समय तक जीवित रहने की संभावना कम है। फिर भी उसके माता-पिता उसका इलाज कराने लंदन जाते हैं। फिल्म का काफी हिस्सा फ्लैशबैक को सहारे आगे-पीछे होता रहता है आशा की कहानी के साथ नीरेन और अदिति के प्रेम और विवाह के आरंभिक दिन भी इसमें हैं। आशा की एक बहन भी थी तान्या। वो भी बहुत कम उम्र में चल बसी थी। ये सारे प्रसंग फिल्म में गुंथे हुए हैं।

इसमें संदेह नहीं कि यह फिल्म एक परिवार की जिंदगी में आने वाली खुशी और गम के लम्हों को दिखाती है। साथ ही इसमें एक जीवन दर्शन भी है, वो है परेशानियों और कठिनाइयों के बावजूद जिंदगी को जीने के जज्बे को रेखांकित करना। फिल्म में दर्द और पीड़ा दो स्तरों पर है। एक तो आशा को ये मालूम है कि उसे अब ज्यादा जीना नहीं है और दूसरे माता-पिता के स्तर पर, जिनको भी ज्ञात है कि बेटी अब बचनेवाली नहीं है। फिर भी जीवन संभावनाओं के सहारे चलती है और यही इस फिल्म के मूल में है। खैर ये सब तो हुआ फिल्म का वैचारिक पहलू। निर्देशक ने इसे कई जगहों पर हल्का-फुल्का भी रखा है और इसमें हंसी और गुदगुदी के लिए भी कई अवसर हैं। लेकिन बीमारी पर केंद्रित होने के कारण कुछ जगहो पर जरूरत से ज्यादा संजीदगी दिखती है। जहां तक अभिनय का सवाल है, इसमें फरहान और प्रियंका एक ऐसे दंपति के रूप में आए हैं, जो अपनी संतान की खुशी के लिए बहुत कुछ दांव पर लगाने के लिए तैयार हैं। पर इसी का दूसरा पहलू यह भी है कि दोनों यानी प्रियंका और फरहान अब फिल्मी दुनिया में माता-पिता की भूमिकाओं में स्टीरियोटाइप हो सकते हैं। फरहान के लिए तो वैसे भी हीरो के रूप में बॉलीवुड में कोई संभावना नहीं बची है इसलिए उनको पिता, चाचा या ताऊ के रोल ही मिलेंगे। जायरा का अभिनय बेहतरीन है लेकिन अब वे भी बॉलीवुड को अलविदा कर चुकी है। यही इस फिल्म की कमजोरी है क्योंकि विदा होते लोग दुख तो देते हैं पर नेपथ्य में भी चले जाते हैं।

सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया
Central Bank of India
1911 से आपके लिए "सेंट्रल" "CENTRAL" TO YOU SINCE 1911
शाखा कार्यालयः सी-3, मालवीय नगर, नई दिल्ली-110017
कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति के लिए)
परिशिष्ट-IV (नियम 8 (1) देखें)

जबकि वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम, (दूसरा) अध्यादेश 2002 (2002 का अध्यादेश 3) के अंतर्गत **सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, मालवीय नगर, नई दिल्ली शाखा** का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पढ़े जाने वाले अनुच्छेद 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी ने मांग सूचना दिनांक **30/07/2019** जारी की थी, जिसके द्वारा **कर्जदारः श्री कुलदीप कुमार पुत्र श्री नन्द किशोर भटनागर, ए-58, फ्लैट नं.148, एस.एफ.एस. गेट नं.4, पश्चिम विहार, पश्चिमी दिल्ली-110063,** को सूचना में उल्लिखित राशि **रु.67,20,920/- (सड़सठ लाख बीस हजार नौ सौ बीस रूपये मात्र),** उक्त सूचना की प्राप्ति के 60 दिनों के भीतर चुकाने के लिए कहा गया था। **कर्जदार** के इस राशि को चुकाने में असफल रहने के कारण, कर्जदार तथा आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 के साथ पढ़े जाने वाले कथित अधिनियम की धारा 13(4) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा **दिनांक 10 अक्टूबर, 2019** को ले लिया है। **कर्जदार** को विशेष तौर पर तथा आम जनता को सामान्य तौर पर एतद्द्वारा सावधान किया जाता है कि वे **सम्पत्ति** के साथ किसी प्रकार का लेन-देन न करें और **सम्पत्ति** का कोई भी लेनदेन **रु.67,20,920/- (सड़सठ लाख बीस हजार नौ सौ बीस रूपये मात्र) और उस पर ब्याज के साथ, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, मालवीय नगर, नई दिल्ली शाखा** के प्रभार के भुगतान के अधीन होगा।

ऋणियों का ध्यान सुरक्षित सम्पत्ति को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम के अनुच्छेद (13) के उप-अनुच्छेद (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।

अचल सम्पत्ति का विवरण

सम्पत्ति सं. एस.एफ.एस. फ्लैट नं. 148, प्रथम तल, भूतल पर एक स्कूटर गैराज के साथ, ब्लॉक ए 5-बी, पश्चिम विहार, नई दिल्ली-110063 के सभी भाग एवं हिस्से **जो घिरा है:**

उत्तरः प्रवेश एवं फ्लैट नं. 147 — दक्षिणः खुला नीचे
पूर्वः खुला नीचे — पश्चिमः खुला नीचे

स्थानः नई दिल्ली — **प्राधिकृत अधिकारी**
तिथिः 10.10.2019 — **सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया**

आवास फाइनेंसर्स की तीन शाखाएं और खुलीं

गाजियाबाद, 11 अक्तूबर (जनसत्ता)।

घर के लिए कर्ज देने वाली गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी क्षेत्र की बड़ी कंपनी आवास फाइनेंसर्स लिमिटेड ने हापुड़, मुरादनगर और पिलखुवा में भी अपनी शाखाओं का उद्घाटन किया। कंपनी का मकसद पश्चिमी उत्तर प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में लोगों को घर बनाने और खरीदने के लिए सस्ता कर्ज मुहैया कराना है। इस मौके पर गाजियाबाद के शाखा प्रबंधक दीपेश चतुर्वेदी सहित तीनों नई शाखाओं के कर्मचारी मौजूद थे। आवास फाइनेंसर्स लिमिटेड पहले एयू हाउसिंग फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड के नाम से जाती थी।

आज के कार्यक्रम

संगीत

संपूर्णा - खाटू श्याम संकीर्तन, रजापुर गांव सेक्टर-9 रोहिणी, 11-12 अक्तूबर, समय साढ़े पांच बजे।

युवक ने थाने में खुद को लगाई आग, गंभीर

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 11 अक्तूबर।

प्रेम नगर पुलिस थाने के अंदर ड्यूटी ऑफिसर के कमरे के बाहर फेसबुक पर लाइव आकर एक युवक ने ज्वलनशील पदार्थ डालकर आत्महत्या करने की कोशिश की। युवक की पहचान आंशू आर्य (24) के तौर पर हुई है। युवक थाने में जब पहुंचा था तो वह हेड कांस्टेबल संदीप के बारे में पूछताछ कर रहा था। इससे पहले पुलिसकर्मी युवक को कुछ समझा पाते, युवक ने खुद को आग लगा ली।

आग पर काबू पाने के बाद उसे आंबेडकर अस्पताल में भर्ती कराया गया। युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है। रोहिणी जिला पुलिस उपायुक्त एसडी मिश्रा के मुताबिक, दशहरे वाले दिन शाम करीब साढ़े आठ बजे आंशू अपने पिता याद राम के साथ घूम रहा था। इस दौरान आंशू की दो युवक अमन डबास और हरदीप डबास से मामूली कहासुनी के बाद लड़ाई हो गई थी। रात करीब साढ़े दस बजे पुलिस को जानकारी मिली कि आंशू ने थाने में आकर अमन और हरदीप के खिलाफ शिकायत दे दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया लेकिन कार्रवाई नहीं की थी। पिता याद राम ने बताया कि झगड़े के बाद आरोपी उन्हें धमकाते थे और जान से मारने की धमकी देते हैं।

मुख्यमंत्री आवास पर रेहड़ी विक्रेताओं का प्रदर्शन

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 11 अक्तूबर।

दिल्ली में स्ट्रीट वेंडर एक्ट 2014 के प्रावधानों को लागू करने लिए गुरुवार को रेहड़ी पटरी विक्रेताओं ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी तय प्रावधानों के तहत शिकायतों के निवारण व विवाद समाधान समितियों की स्थापना करने की मांग कर रहे थे। जल्द ही ये लोग भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मनोज तिवारी का भी घेराव करने की तैयारी कर रहे हैं। संस्था के मुताबिक, भाजपा ने निगम चुनाव में रेहड़ी विक्रेताओं को लाइसेंस देने का वादा किया था। संस्था के राष्ट्रीय सहसंयोजक अरविंद सिंह ने कहा कि पांच साल बीत जाने के बाद भी यह कानून लागू नहीं हो पाया है। अब लोगों का धैर्य टूट रहा है और उन्हें मजबूरन विरोध के लिए सड़कों पर उतरना पड़ रहा है।

DEN

DEN NETWORKS LIMITED
CIN: L92490DL2007PLC165673
Registered Office: 236, Okhla Industrial Estate, Phase-III, New Delhi - 110020
Phone No.: +91-40522200, Fax No.: +91-1140522203, Email Id: investorrelations@denonline.in, www.dennetworks.com

STATEMENT OF CONSOLIDATED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND HALF YEAR ENDED 30TH SEPTEMBER, 2019

(Rs. in million except per share data)

S. No.	Particulars	Quarter Ended			Half Year Ended		Year ended
		30.09.2019 (Unaudited)	30.06.2019 (Unaudited)	30.09.2018 (Unaudited)	30.09.2019 (Unaudited)	30.09.2018 (Unaudited)	31.03.2019 (Audited)
1.	Total Income from Operations	3,324.23	3,131.53	3,103.74	6,455.76	6,245.54	12,060.65
2.	Profit / (Loss) for the period (Before Tax, Exceptional and/or Extra-Ordinary items)	95.50	170.79	(219.24)	266.29	(460.14)	(711.88)
3.	Profit / (Loss) for the period before Tax (after Exceptional and/or Extra-Ordinary items)	119.68	179.78	(253.07)	299.46	(499.87)	(2,876.82)
4.	Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extra-Ordinary items)	95.30	143.11	(285.39)	238.41	(565.24)	(3,005.50)
5.	Total Comprehensive Income for the period (Comprising Profit/(Loss) for the period (after tax) and other Comprehensive Income (after tax))	101.24	137.86	(283.22)	239.10	(560.77)	(2,991.93)
6.	Paid-up Equity Share Capital (net)	4,767.66	4,767.66	1,953.18	4,767.66	1,953.18	4,767.66
7	Reserves (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Audited Balance Sheet of the previous year						20,692.78
8.	Earning Per Share (Face value Rs. 10/-)						
	(a) Basic	0.30	0.24	(1.44)	0.54	(3.01)	(11.63)
	(b) Diluted	0.30	0.24	(1.44)	0.54	(3.01)	(11.63)

Notes to the consolidated financial results:

1 The above is an extract of the detailed format of Quarterly Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly Financial Results are available on the websites of the Stock Exchanges and Den Networks Ltd. (www.dennetworks.com)

2 The Quarterly Financial Results have been reviewed by the Audit Committee and taken on record by the Board of Directors in its meeting held on October 11, 2019.

3 Following are the particulars of the Company on standalone financials:-

(Rs. in million)

Particulars	Quarter Ended			Half Year Ended		Year ended
	30.09.2019 (Unaudited)	30.06.2019 (Unaudited)	30.09.2018 (Unaudited)	30.09.2019 (Unaudited)	30.09.2018 (Unaudited)	31.03.2019 (Audited)
Revenue from operations	3,099.63	2,816.11	2,636.72	5,915.74	5,355.92	10,093.41
Profit Before Tax	249.38	116.80	(188.16)	366.18	(407.37)	(2,190.80)
Profit After Tax	249.38	116.80	(188.16)	366.18	(407.37)	(2,190.80)

For and on behalf of Board of Directors of
DEN NETWORKS LIMITED
Sd/-
SAMEER MANCHANDA
Chairman Managing Director
DIN: 00015459

Date : 11/10/2019
Place : New Delhi

गांधी के बिना आधुनिक 'भारत की कल्पना असंभव : मृदुला सिन्हा

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 11 अक्तूबर।

- 'चरखा संवाद' के आयोजन में गांधी के जरिए ग्रामीण 'भारत के विकास पर बात

इंडिया हेबिटाट सेंटर में शुक्रवार को 'चरखा संवाद' का आयोजन भोर ट्रस्ट और इंडिया सीएसआर की ओर से संयुक्त रूप से किया गया। आयोजन का उद्देश्य भारत के समग्र विकास की रूपरेखा पर विचार करने के साथ उसके तौर तरीके तय करना था। कार्यक्रम के माध्यम से एक ऐसा संवाद स्थापित करने की कोशिश की गई, जिससे यह साफ हो सके कि ग्रामीण विकास के बिना भारत का पूरा विकास नहीं हो सकता है।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि गोवा की राज्यपाल मृदुला सिन्हा ने उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि गांधीजी हमारी भारतीय संस्कृति के द्योतक और अग्रदूत हैं। गांधी के कार्य और विचार सत्य का पोषण करते हैं। गांधीजी के बिना आधुनिक भारत की कल्पना करना असंभव है। मृदुला सिन्हा ने यह भी कहा कि हमारे भारत को गांधी के विचारों पर केंद्रित अर्थव्यवस्था बनाकर ही गांवों और लोगों को अत्मनिर्भर बनाया जा सकता है।

चरखा संवाद के महत्व को उजागर करते हुए कहा कि चरखा कहने से गांधीजी की तस्वीर उभरती है। गांधी और चरखा को अलग-अलग नहीं किया जा सकता। चरखा जीवन के चलाने तथा चलते रहने का प्रतीक है। कार्यक्रम का नेतृत्व अनुरंजन झा और रुसेन कुमार ने किया। इस दौरान मृदुला सिन्हा के साथ केंद्रीय राज्यमंत्री प्रताप चंद्र सारंगी और राज्यसभा सांसद प्रभात झा को प्रतीकात्मक चरखा भेंट किया गया। चरखा स्मृति चिन्ह का निर्माण जेल के कैदियों द्वारा किया गया है। इस दौरान मंत्री प्रताप चंद्र सारंगी ने कहा कि स्वच्छता अभियान गांधीजी के विचारों से प्रेरित होकर जन अभियान बन चुका है।

चरखा संवाद अत्यंत ही प्रासंगिक है। वहीं, राज्यसभा सांसद प्रभात झा ने कहा कि विकास के लिए संवाद और संपर्क स्थापित करना बुनियादी जरूरत है। विकास के लिए हमें संवाद को मजबूत बनाना होगा। उन्होंने कहा कि गांधीजी सबसे बड़े कम्युनिकेटर (संप्रेषक) हैं। उन्होंने कहा कि गांधीजी के विचारों को गांवों तक संप्रेषित करना आज की महति आवश्यकता है। वहीं, अनुरंजन झा ने कहा कि ग्रामीण स्तर पर खादी, खाद, किसानी, उद्यमशीलता को विकसित करके हम बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर गांवों में ही पैदा कर सकते हैं। झा ने चरखा प्रोजेक्ट की घोषणा की, जिसके अंतर्गत चरखा कलस्टर से गांवों में ही स्वरोजगार तैयार किया जाएगा।

अभियान चलाकर बिजली चोर पकड़े

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 11 सितंबर।

नोएडा के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली चोरी के खिलाफ बड़े स्तर पर शुक्रवार को अभियान चलाया गया। बिजली निगम की 17 टीमों ने कुल 1036 कनेक्शनों की जांच-पड़ताल की।

इस दौरान टीम को 597 उपभोक्ताओं को बिजली चोरी करते हुए पाया गया। उनके खिलाफ संबंधित थाने में मामला दर्ज किया गया है। इसी प्रकार 212 पूर्व में बकाए की वजह से काटे गए कनेक्शन को दोबारा से जुड़ा हुआ पाया गया। इन उपभोक्ताओं के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया है। बिजली विभाग के मुताबिक 48 उपभोक्ताओं से मौके पर 25.09 लाख रुपए की वसूली की गई। सुबह 5 बजकर 30 मिनट पर आठ बजे तक चली कार्रवाई के दौरान लोगों में अफरातफरी मची रही। इस दौरान मुख्य अभियंता, दोनों सर्किल के अधीक्षण अभियंता, सभी अधिशासी अभियंता व एसडीओ मौजूद रहे।

गठिया दिवस पर दी जानकारी

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 11 अक्तूबर।

किसी को अचानक तेज पेट दर्द हो रहा हो तो यह कोई पेट का संक्रमण ही नहीं पेट का गठिया भी हो सकता है। गठिया 200 तरह की होती है। गठिया केवल जोड़ों में दर्द व सूजन पैदा करने वाली बीमारी ही नहीं है इससे शरीर का कोई भी अंदरूनी अंग प्रभावित हो सकता है। यह जानकारी एम्स के रूमैटोलॉजी विभाग की मुखिया डॉ उमा कुमार ने विश्व आर्थराइटिस दिवस के मौके पर दी। उन्होंने बताया कि पिछले दो दशकों में पर्यावरणीय बदलावों के चलते आटो इम्यून (स्वप्रतिरक्षित रोग) बीमारियों का खतरा कई गुणा बढ़ गया है। आर्थराइटिस यानी गठिया एक इसी तरह की आटो इम्युन बीमारी है जो गर्भ में पल रहे शिशु से लेकर 90 साल के बुजुर्ग किसी को भी हो सकती है।

गोदाम में लगी आग, एक कर्मचारी झुलसा

नई दिल्ली। शास्त्री पार्क थाना क्षेत्र के सोनिया विहार में एक गोदाम में शुक्रवार सुबह भीषण आग लग गई। अग्निशमन विभाग और स्थानीय पुलिस को 12 बजे जानकारी दी गई। 16 दमकलों ने कड़ी मशक्कत के बाद दोपहर करीब दो बजे आग पर काबू पाया। गोदाम में तीन कर्मचारी काम कर रहे थे, दो को तो सकुशल बाहर निकाल लिया गया, लेकिन एक अजय (20) झुलस गया, जिसे एक निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है। (**जसं**)

epaper.jansatta.com

घुसपैठ की फिराक में पीओके के शिविरों में 500 आतंकवादी : सेना

भदरवाह/जम्मू, 11 अक्तूबर (भाषा)।

सेना के एक शीर्ष अधिकारी ने शुक्रवार को कहा कि पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में नियंत्रण रेखा के समीप विभिन्न प्रशिक्षण शिविरों में 500 से अधिक आतंकवादी जम्मू-कश्मीर में घुसने के अवसर की फिराक में बैठे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि 200 से 300 आतंकवादी पाकिस्तान के सहयोग से इस क्षेत्र को अशांत बनाए रखने के लिए जम्मू-कश्मीर के अंदर सक्रिय हैं।

सेना की उत्तरी कमान के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल रणबीर सिंह ने कहा, 'जहां तक जम्मू-कश्मीर में सक्रिय आतंकवादियों की बात है तो बाहर से आए 200-300 आतंकवादी अपने काम में लगे हुए हैं।' सिंह ने जम्मू-कश्मीर में सक्रिय आतंकवादियों और देश में घुसपैठ करने के लिए पीओके में तैयार बैठे आतंकवादियों की संख्या के बारे में पूछे गए सवालों के जवाब में यह बात कही।

उन्होंने कहा, 'इसी तरह, करीब 500 पीओके में आतंकवादी प्रशिक्षण शिविरों में डेरा डाले हुए हैं और जम्मू-कश्मीर में घुसपैठ करने के लिए तैयार बैठे हैं।' उन्होंने कहा कि आतंकवादियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम के हिसाब से यह संख्या घटती बढ़ती रहती है। सिंह ने कहा, 'उनकी संख्या भले जो भी हो, हम उन्हें रोकने और उनका सफाया करने में सक्षम हैं ताकि इस क्षेत्र में शांति एवं सामान्य स्थिति बनी रहे।'

सैन्य कमांडर ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में शांति एवं सामान्य स्थिति सुनिश्चित करना सेना का सदैव प्रयास रहा है। उन्होंने कहा, 'लेकिन पाकिस्तान यहां शांति बिगाड़ने के लिए कुचेष्टा करता रहता है। आज भी पाकिस्तान के अंदर आतंकवादी ढांचा चल रहा है। उनमें आतंकवादियों के प्रशिक्षण शिविर और देश में घुसपैठ कराने के लिए उनके लांचिंग पैड शामिल हैं।'

जब सिंह से पाकिस्तान द्वारा पंजाब में ड्रोन के माध्यम से हथियार गिराने के मुद्दे पर सवाल किया गया तब उन्होंने कहा कि आतंकवादियों को हथियार से लैस रखने के लिए ड्रोनों की तैनाती पाकिस्तान का नया तरीका है। उन्होंने कहा, 'लेकिन मैं आपको सुनिश्चित करना चाहता हूं कि भारतीय सेना पाकिस्तान के किसी भी नापाक मंसूबे को विफल करने में सक्षम और कृतसंकल्प है। उनके मंसूबों को सफल नहीं होने दिया जाएगा।'

कोलकाता में शुक्रवार को दुर्गा प्रतिमा के विसर्जन से पहले सामुदायिक पूजा पंडाल में आयोजित सिंदूर खेला में अभिनेत्री और तृणमूल कांग्रेस की सांसद नुसरत जहां भी शामिल हुई।

पर्यावरणविद चंडी प्रसाद भट्ट को 'इंदिरा गांधी राष्ट्रीय एकता पुरस्कार'

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 11 अक्तूबर।

जानेमाने पर्यावरणविद चंडी प्रसाद भट्ट (85) को कांग्रेस पार्टी की ओर से दिए जाने वाले 'इंदिरा गांधी राष्ट्रीय एकता पुरस्कार' के लिए चयनित किया गया है। पुरस्कार से जुड़ी सलाहकार समिति के सदस्य सचिव मोतीलाल वोरा की ओर से जारी बयान के मुताबिक देश में राष्ट्रीय एकता के कार्यों के लिए भट्ट को वर्ष 2017-2018 के 31वें इंदिरा गांधी पुरस्कार से अलंकृत किया जाएगा।

चिपको आंदोलन से जुड़े गांधीवादी पर्यावरणविद भट्ट को इससे पहले पद्म भूषण, रैमन मैगसायसाय और गांधी शांति पुरस्कार जैसे प्रतिष्ठित सम्मान भी मिल चुके हैं। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी 31 अक्तूबर को पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि पर यह पुरस्कार प्रदान करेंगी। पुरस्कार के तहत 10 लाख रुपए नकद और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा।

जेपी और नानाजी को श्रद्धांजलि दी प्रधानमंत्री ने

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 11 अक्तूबर।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संपूर्ण क्रांति के नायक जयप्रकाश नारायण और आरएसएस के विचारक नानाजी देशमुख को उनकी जयंती पर शुक्रवार को श्रद्धांजलि अर्पित की। मोदी ने अपने संदेश में कहा कि जय प्रकाश ने स्वतंत्रता संघर्ष में अपना बहुमूल्य योगदान तो दिया ही, आजादी के बाद लोकतंत्र की रक्षा में भी अतुलनीय भूमिका निभाई। मोदी ने कहा नानाजी ने गांव-किसानों के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया।

गैर-कृषि कार्य में उपयोग के लिए यूरिया आयात पर पाबंदी हटी

नई दिल्ली, 11 अक्तूबर (भाषा)।

सरकार ने औद्योगिक या गैर कृषि कार्य में उपयोग के लिए यूरिया के आयात पर लगी पाबंदी हटा ली है। पहले इसकी अनुमति वास्तविक उपयोक्ता के लिए ही थी। विदेश व्यापार महानिदेशालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

टायर से मेट्रो चलाने की तैयारी, समिति गठित

नई दिल्ली, 11 अक्तूबर (भाषा)।

आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय ने मेट्रो रेल के सस्ते विकल्प के रूप में खासकर छोटे शहरों को ध्यान में रखकर स्टील के बजाय रबर के टायरों पर चलने वाली मेट्रो रेल के परिचालन के मानक तय करने के लिए एक समिति का गठन किया है। महाराष्ट्र के नासिक शहर से इस परियोजना की शुरुआत संभावित है।

आवास एवं शहरी मामलों के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हरदीप सिंह पुरी ने शुक्रवार को बताया कि मौजूदा स्वरूप में चल रही मेट्रो रेल के आकार की तुलना में छोटी मेट्रो (मेट्रो लाइट) रेल नीति बनाने के बाद मंत्रालय ने इससे भी किफायती तकनीक पर आधारित टायर पर चलने वाली मेट्रो रेल के परिचालन की पहल की है। उन्होंने इसे मेट्रो रेल और मेट्रो लाइट से भी किफायती बताते हुए कहा, हमने टायर पर चलने वाली मेट्रो के मानक तय करने के लिए समिति गठित की है। समिति की रिपोर्ट मिलने के बाद टायर पर मेट्रो चलाने की परियोजना की नीति बनाकर इसे राज्यों और जनसाधारण के सुझावों के लिए पेश किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मौजूदा व्यवस्था में मेट्रो रेल के परिचालन की लागत 300 करोड़ रुपए प्रति किलोमीटर है। वहीं, मेट्रो लाइट की परिचालन लागत 100 करोड़ रुपए प्रति किलोमीटर और टायर पर मेट्रो चलाने की अनुमानित लागत 60 करोड़ रुपए प्रति किलोमीटर होगी। पुरी ने कहा कि पांच गुना किफायती तकनीक पर चलने वाली इस मेट्रो का परिचालन छोटे शहरों के लिए मुफीद होगा। पुरी ने बताया कि मेट्रो लाइट की नीति को मंत्रालय से मंजूरी मिल चुकी है और दिल्ली मेट्रो रेल कार्पोरेशन ने भी द्वारका सेक्टर 25 से कीर्तिनगर तक 20 किमी के दायरे में इसके परिचालन को मंजूरी दे दी है।

पिथौरागढ़-हिंडन के बीच नियमित हवाई सेवा शुरू

गाजियाबाद/देहरादून, 11 अक्तूबर (भाषा)।

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में गाजियाबाद स्थित हिंडन हवाई अड्डे पर पिथौरागढ़-हिंडन के बीच नियमित हवाई सेवा की औपचारिक शुरुआत की।

'हैरिटेज एवियेशन' के प्रबंधक एमएस धामी ने पिथौरागढ़ में बताया कि एक घंटे की यह उड़ान हिंडन से प्रतिदिन दोपहर एक बजे चलेगी और पिथौरागढ़ के नैनी सैनी हवाई अड्डे पर दो बजे पहुंचेगी।

इकबाल मिर्ची के दो साथी गिरफ्तार

मुंबई, 11 अक्तूबर (भाषा)।

प्रवर्तन निदेशालय ने भगोड़े अपराधी दाऊद इब्राहिम का दायां हाथ माने जाने वाले इकबाल मिर्ची के खिलाफ धन शोधन मामले की जांच के सिलसिले में शुक्रवार को दो लोगों को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

'भाजपा के लिए देश की सुरक्षा वोटबैंक की राजनीति से अहम'

चिखली (महाराष्ट्र), 11 अक्तूबर (भाषा)।

केंद्रीय गृह मंत्री व भाजपा अध्यक्ष अमित शाह ने शुक्रवार को कांग्रेस और राकांपा पर निशाना साधते हुए कहा कि दोनों पार्टियां अपने-अपने परिवारों के लिए काम करती हैं, जबकि भाजपा और शिवसेना के जहन में केवल देशहित रहता है। उन्होंने कहा कि भाजपा के लिए देश की सुरक्षा, वोटबैंक की राजनीति से ज्यादा अहम है।

शाह ने इंडियन ओवरसीज कांग्रेस की ब्रिटेन इकाई के प्रतिनिधिमंडल द्वारा ब्रिटेन की लेबर पार्टी के नेता जेरेमी कोर्बिन से मुलाकात करने और कश्मीर मुद्दे पर चर्चा करने को लेकर पार्टी नेता राहुल गांधी पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को इसके लिए माफी मांगनी चाहिए, क्योंकि यह भारत के उस रुख के खिलाफ है कि कश्मीर में किसी तीसरे पक्ष की कोई भूमिका नहीं होगी और यह भारत का आंतरिक मामला है। राहुल को इस मुद्दे पर अपना पक्ष स्पष्ट करना चाहिए। इसके बाद कांग्रेस ने ब्रिटेन में अपनी ओवरसीज इकाई को यह कहते हुए मान्यता नहीं दी थी कि वह बाहरी लोगों से भारत के आंतरिक मामलों पर बातचीत करने के लिए अधिकृत नहीं है।

बुलढाणा में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए शाह ने अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को निरस्त करने का विरोध करने के लिए विपक्ष पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र के लोगों को विकल्प चुनना होगा। उन्होंने कहा कि मई में दूसरी बार ऐतिहासिक जनादेश हासिल करने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पहला फैसला अनुच्छेद 370 व 35ए के प्रावधानों को निरस्त करना था, जो देश में जम्मू-कश्मीर के एकीकरण में बाधा थे। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि किसी प्रधानमंत्री ने इस मुद्दे को छूने का साहस नहीं दिखाया। लेकिन मोदीजी ने यह किया।

PUBLIC NOTICE

In view of safety and security of little children studying at Nursery Schools located at Group Housing component (namely Wembley Estate) of the residential colony namely Rosewood City at Sector 49 & 50, Gurugram, the Town & Country Planning Department, Haryana has kindly accorded its approval in principle for revised building plans for the aforesaid Nursery Schools thereby permitting construction of boundary wall including grill / fence having height not more than 2.4 metres (with a Wicket Gate) on the open side of the aforesaid Nursery School adjoining the peripheral road of the said Group Housing component.

The earlier approved building plans and the revised building plans of the aforesaid Nursery Schools are available at our Estate Office in the first basement of Eros City Square, Rosewood City, Sector 49 & 50, Gurugram and also on our website (www.eros-group.com) for inspection.

In case any existing allottee of aforesaid Group Housing component has any objection to the above stated amendment in the building plans of the aforesaid Nursery Schools, then he / she may convey his / her objections in writing to the office of the Senior Town Planner, Gurugram within 30 days from the date of this public notice.

General Manager
Ajay Enterprises Pvt. Ltd.
Rosewood City, Sector 49 & 50, Gurugram
Dated: 12/10/2019

केनरा बैंक Canara Bank
शाखा कार्यालय: आखला इंडस्ट्रियल इस्टेट, नई दिल्ली

कब्जा सूचना [धारा 13 (4)] (अचल सम्पत्ति के लिये)

जैसा कि, वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्त्तन अधिनियम, 2002 (2002 के 54) (यहां के बाद "अधिनियम" वर्णित) के अंतर्गत केनरा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्त्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी ने मांग सूचना तिथि 3.5.2019 जारी कर ऋणधारक मै. भारत एलु कम्पनी को उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर सूचना में वर्णित राशि रु. 26,53,166.00 (रुपये छब्बीस लाख तिड़ेपन हजार एक सौ छियासठ मात्र) (शब्दों में) वापस लौटाने का निर्देश दिया था।

ऋणधारक इस राशि को वापस लौटाने में विफल रहे, अतः एतद्द्वारा ऋणधारक तथा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आज 5 अक्टूबर, 2019 को अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 एवं 9 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13 (4) के अंतर्गत उन्हें प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी ने यहां नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा कर लिया है।

विशेष रूप से ऋणधारकों तथा आम जनता को एतद्द्वारा सतर्क किया जाता है कि वे यहां नीचे वर्णित संपत्ति का व्यवसाय न करें तथा इन संपत्तियों का किसी भी तरह का व्यवसाय रु. 26,53,166.00 तथा उस पर ब्याज के लिये केनरा बैंक के चार्ज के अधीन होगा।

ऋणधारक का ध्यान प्रतिभूत परिसम्पत्तियों को विमोचित करने के लिये उपलब्ध समय के संदर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उप धारा (8) के प्रावधानों के प्रति आकृष्ट की जाती है।

अचल सम्पत्ति का विवरण

शॉप नं. 200, ओखला सब्जी मंडी, नई दिल्ली-110020 में शामिल सम्पत्ति का सभी भाग तथा हिस्सा।

चौहद्दी: उत्तर: पैसेज एवं प्रवेश, दक्षिण: शॉप नं. 203
पूर्व: शॉप नं. 201, पश्चिम: शॉप नं. 199

तिथि: 5.10.2019, **प्राधिकृत अधिकारी**
स्थान: नई दिल्ली **केनरा बैंक**

कार्यालय वसूली अधिकारी-II, ऋण वसूली अधिकरण-III, दिल्ली
चौथा तल, जीवन तारा बिल्डिंग, पटेल चौक, संसद मार्ग, नई दिल्ली-110001

आर.सी. नं. 329/2015 बिक्री उद्घोषणा तिथि: 18.9.2019

बैंक तथा वित्तीय संस्थानों के बकाए ऋणों की वसूली अधिनियम, 1993 के साथ पठित आयकर अधिनियम, 1961 की द्वितीय अनुसूची के नियम 38, 52 (2) के अंतर्गत बिक्री उद्घोषणा
सेन्ट्रल ऑफ इंडिया बनाम मोह. करीम एवं अन्य

सेवा में,
(सीडी-1) श्री मोह. करीम, पुत्र मोह. मिनुद्दीन, IX/4305, गली नं. 9, अजीत नगर, गांधी नगर, दिल्ली-110031,
साथ ही: IX/4009, गली नं. 17, अजीत नगर, गांधी नगर, दिल्ली-110031
(सीडी-2) श्रीमती सजीफा बेगम, पत्नी श्री मोह. करीम, IX/4305, गली नं. 9, अजीत नगर, गांधी नगर, दिल्ली-110031,
साथ ही: IX/4009, गली नं. 17, अजीत नगर, गांधी नगर, दिल्ली-110031
(सीडी-3) श्री मोह. सलीम, पुत्र श्री मोह. करीम, IX/4305, गली नं. 9, अजीत नगर, गांधी नगर, दिल्ली-110031,
साथ ही: IX/4009, गली नं. 17, अजीत नगर, गांधी नगर, दिल्ली-110031
(सीडी-4) श्री योगेन्द्र शर्मा, पुत्र श्री गोपी चन्द शर्मा, 4341, गली नं. 8, अजीत नगर, गांधी नगर, दिल्ली-110031, साथ ही: एच.नं. 10/186, गीता कालोनी, दिल्ली-110031

जैसा कि आप पीठासीन अधिकारी, ऋण वसूली अधिकरण, दिल्ली द्वारा जारी ओए नं. 323/2014/डीआरटी-III, दिल्ली में रिकवरी प्रमाणपत्र के अनुसार आपके द्वारा देय रु. 29,69,715/- (रुपये उन्नतीस लाख उन्हत्तर हजार सात सौ पन्द्रह मात्र) की राशि तथा रिकवरी प्रमाणपत्र के अनुसार देय ब्याज एवं लागत का भुगतान करने में विफल रहे हैं।

तथा जैसा कि अधोहस्तक्षरी ने उक्त प्रमाण पत्र की संतुष्टि के लिए नीचे तालिका में वर्णित सम्पत्ति की बिक्री का आदेश दिया है।

तथा जैसा कि 12.5.2014 से उस पर लागतों तथा ब्याज के साथ रु. 29,69,715/- (रुपये उन्नतीस लाख उन्हत्तर हजार सात सौ पन्द्रह मात्र) की राशि सीडी नं. 1 से 4 के प्रति बकाया है।

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि स्थगन आदेश की अनुपस्थिति में 16.11.2019 को 3.00 बजे अप. से 4 बजे के बीच (यदि जरूरी हो, समाप्ति से पूर्व अंतिम 5 मिनट में बोली के मामले में स्वतः विस्तार उपबंध के साथ) ई-नीलामी द्वारा उक्त संपत्ति की बिक्री की जाएगी तथा यह बोली "ऑन लाइन इलेक्ट्रानिक बोली" के माध्यम से मै. सी 1 इंडिया प्रा.लि., उद्योग विहार, फेज-2, गल्फ पेट्रोकेम बिल्डिंग, बिल्डिंग नं. 301, गुड़गाँव, प्रथम तल, हरियाणा-122015, हेल्प लाइन न. +91-124-4302020/21/22/23/24, मो.: 09813887931, ईमेल आईडी: support@bankeauctions.co की वेबसाईट के माध्यम से आयोजित की जायेगी।

किसी भी प्रकार की पूछताछ तथा सम्पत्ति के निरीक्षण के लिये इच्छुक बोलीदाता डीआरटी-III, दिल्ली में सम्पर्क कर सकते हैं।

यह बिक्री नीचे तालिका में नामित उपरोक्त प्रतिवादियों की संपत्ति की होगी तथा उक्त संपत्ति से जुड़ी देयताएं एवं दावे, जो अब तक सुनिश्चित हैं, वे प्रत्येक लॉट के समक्ष अनुसूची में निर्दिष्ट हैं।

संपत्ति को अनुसूची में निर्दिष्ट लॉट में बिक्री पर रखा जाएगा। यदि वसूल की जाने वाली राशि संपत्ति के भाग की बिक्री से पूरी हो जाती है तो शेष के मामले में तुरंत बिक्री रोक दी जाएगी। यदि बिक्री संचालक अधिकारी के पास अनुसूची में वर्णित बकाए; ब्याज लागत (बिक्री लागत सहित) जमा कर दी जाती है अथवा उक्त प्रमाणपत्र की राशि, ब्याज एवं लागत अधोहस्ताक्षरी के पास जमा कर दिए होने का उनकी संतुष्टि के लिए प्रमाण जमा कर दिया जाता है तो किसी भी लॉट की नीलामी से पूर्व बिक्री तत्काल रोक दी जाएगी।

ऐसे किसी भी अधिकारी या अन्य व्यक्ति बिक्री के सिलसिले में कोई कर्त्तव्य निर्वहन का दायित्व हो, प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से, वे बेची जा रही संपत्ति को अर्जित करने के लिए बोली लगाने या कोई हित अर्जित करने के लिए प्रयास करने में अक्षम होंगे। यह बिक्री आयकर अधिनियम, 1961 की द्वितीय अनुसूची में निर्दिष्ट शर्तों तथा उसके अंतर्गत निर्मित नियमों तथा आगे की निम्नलिखित शर्तों के अधीन होगी।

संलग्न अनुसूची में निर्दिष्ट विवरण अधोहस्ताक्षरी की सर्वश्रेष्ठ जानकारी के अनुसार प्रस्तुत की गई है, लेकिन, इस उद्घोषणा में किसी गलती, त्रुटि अथवा खामी के लिए अधोहस्ताक्षरी उत्तरदायी नहीं होंगे।

नियम एवं शर्तें

1. आरक्षित मूल्य जिससे क्रम में सम्पत्ति की बिक्री नहीं की जायेगी रु. 29.00 लाख (रुपये उन्नतीस लाख मात्र) है।
2. वह राशि जिसके द्वारा बोली बढ़ाई जाएगी रु. 50,000/- (रुपए पचास हजार मात्र) है। यदि बोली राशि अथवा बोलीदाता से संबंधित कोई विवाद उत्पन्न होता है तो लॉट को फिर से बिक्री पर लगाया जाएगा।
3. उच्चतम बोलीदाता को किसी भी लॉट का क्रेता घोषित किया जाएगा। यदि प्रस्तावित मूल्य स्पष्ट रूप से अपर्याप्त होता है तथा ऐसा करना व्यवहारिक नहीं होता है तो अधोहस्ताक्षरी स्वेच्छा से उच्चतम बोली को स्वीकार/ अस्वीकार कर सकते हैं।
4. रु. 290000/- (रुपये दो लाख नब्बे हजार मात्र) की ईएमडी का भुगतान 14.11.2019 तक रिकवरी अधिकारी-II, ऋण वसूली अधिकरण-III दिल्ली के पक्ष में देय डीडी/ पे आर्डर द्वारा रिकवरी अधिकारी-II, डीआरटी-III दिल्ली के पास किया जायेगा। उसके बाद जमा की गई ईएमडी पर ई-नीलामी में भागीदारी के लिए विचार नहीं किया जाएगा।
5. बोली आवेदन के साथ पैन कार्ड की प्रति, निवास के प्रमाण तथा पहचान के प्रमाण, ई-मेल आईडी, मोबाईल नं. तथा यदि वे अपनी ओर से या अपने प्रधान की ओर से बोली कर रहे हों तो उद्घोषणा जमा किया जायेगा। बाद में मामले में उन्हें उसका प्राधिकार जमा करना होगा अन्यथा बोली निरस्त कर दी जायेगी तथा कंपनी के मामले में कंपनी के बोर्ड के सदस्यों द्वारा पारित प्रस्ताव की प्रति अथवा कंपनी की प्रतिनिधित्व/ अटार्नी की पुष्टि करने वाले अन्य कोई दस्तावेज तथा उस जमा की रसीद/ काउंटर फाइल सेवा प्रदाता अथवा सीएच बैंक के पास ई-मेल या अन्य रूप से उक्त तिथि तक पहुंच जाए तथा उसकी हार्ड कॉपी, रिकवरी अधिकारी II, डीआरटी-III, दिल्ली के पास जमा की जायेगी।
6. सफल बोलीदाता को अगले बैंक कार्य दिवस के 3.00 बजे अप. तक ऊपर पैरा 4 में वर्णित विवरणों के अनुसार उक्त खाता में ईएमडी समायोजित करने के बाद अपनी अंतिम बोली राशि के 25% का भुगतान करना होगा।
7. असफल बोलीदाता को निर्देश दिया जाता है कि अपने ईएमडी के रिफंड के लिये आरसी की सुनवाई की निर्धारित तिथि या उससे पूर्व डीआरटी-III के रजिस्ट्री में पहचान के प्रमाण के साथ आवेदन दाखिल करें जो तदनुसार आरसी की सुनवाई की अनुसूचित/परवर्ती तिथि को वापस लौटाई जाएगी।
8. क्रेता को संपत्ति की बिक्री की तिथि से 15वें दिन या उससे पूर्व तथा यदि 15वां दिन अवकाश या रविवार होता है तो 15वें दिन के बाद प्रथम बैंक कार्य दिवस में ऊपर पैरा 4 में वर्णित निर्धारित प्रक्रिया में अंतिम बोली राशि के शेष 75% का भुगतान करना होगा। उपरोक्त के अतिरिक्त क्रेता को रु. 1000/- तक 2% की दर से तथा रु. 1000/- की उक्त राशि के अधिक पर 1% की दर से रजिस्ट्रार, डीआरटी-III, दिल्ली के पक्ष में डीडी के माध्यम से रिकवरी अधिकारी-I, डीआरटी-III, दिल्ली के पास पाउंडेज शुल्क का भी भुगतान करना होगा।
9. निर्धारित अवधि के भीतर भुगतान में चूक करने पर बिक्री की नई उद्घोषणा जारी करने के बाद संपत्ति की फिर से बिक्री की जाएगी। बिक्री के खर्चे को डेफ्रे करने के बाद यदि अधोहस्ताक्षरी उपयुक्त समझते हैं तो जमा की गई राशि सरकार के पक्ष में जब्त कर ली जाएगी तथा चूक करने वाले क्रेता उस संपत्ति अथवा उस राशि जिसके लिए बाद में उसकी बिक्री की जाएगी के प्रति अपने सभी दावे से वंचित हो जाएंगे। बिक्री की नई उद्घोषणा जारी करने के बाद सम्पत्ति की फिर से बिक्री की जायेगी।
10. संपत्ति की बिक्री **'जैसा है जहां है तथा जो भी वहां है'** आधार पर की जा रही है।
11. अधोहस्ताक्षरी को किसी या सभी बोली को स्वीकार करने अथवा अनुपयुक्त पाते हैं तो अस्वीकार करने अथवा बिना कोई कारण बताए किसी भी समय नीलामी को स्थगित करने का अधिकार प्राप्त है।

क्रम सं.	बिक्री की जाने वाली संपत्ति का विवरण जहाँ सम्पत्ति चूककर्ता तथा सह-स्वामी के रूप में किसी अन्य व्यक्ति का है के नाम के साथ	आरक्षित मूल्य	ईएमडी (जमा)
1.	सम्पूर्ण निर्मित सम्पत्ति सं. IX/4009, गली नं. 17, अजीत नगर, गांधी नगर, दिल्ली-110031, माप 50 वर्ग यार्ड्स	रु. 29.00 लाख	रु. 2.90 लाख

सम्पत्ति या इसके किसी भाग पर मूल्यांकित राजस्व: उपलब्ध नहीं
सम्पत्ति पर अभिभार बकाया, यदि कोई हो, का विवरण: उपलब्ध नहीं
दावें, यदि कोई हो, जो सम्पत्ति के साथ जुड़ें हैं और इसके प्रकार एवं मूल्य के अन्य कोई ज्ञात विवरण: उपलब्ध नहीं

आज 18 सितम्बर, 2019 को मेरे हस्ताक्षर एवं मोहर के साथ जारी (कोर्ट की मोहर) (विकास जेटली)
वसूली अधिकारी-2, डीआरटी-3, दिल्ली

सिंडिकेट बैंक SyndicateBank
भारत सरकार का उपक्रम A Govt. of India Undertaking
Branch- Shipra Sun City, Plot No. 11, Ward no. 87, Vaibhav Khand, GZB.
Email- br.8893@syndicatebank.co.in

Ref. No. 105404 दिनांक: 12.09.2019

सेवा में, कर्जदारगण:

नाम	पता
शौलभ खारे	120 बी, रिजेन्ट, शिप्रा सन सिटी, इन्द्रापुरम, गाजियाबाद – 201010
अभिलाषा स्वरूप खारे	120 बी, रिजेन्ट, शिप्रा सन सिटी, इन्द्रापुरम, गाजियाबाद – 201010
जमानती:–	
अभय कृष्णा	112 डी, शिप्रा सन सिटी, इंद्रापुरम, गाजियाबाद – 201014

प्रिय महोदय/महोदया,
वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के तहत सूचना
(1) हमने, आपके अनुरोध पर, कर्जदार/रों को कुल योग राशि रु. 15,50,000/– हेतु क्रेडिट सिलिटीज मंजूर की हैं तथा हम हमारे द्वारा प्रदान की गई विभिन्न क्रेडिट सुविधाओं का पूर्ण विवरण यहां नीचे दे रहे हैं :

क्रम सं.	सुविधा का प्रकार/ खाता संख्या	Limit/Loan Amount (Rs.)	Outstanding Liability (Rs.)	NPA Date
1.	88937200002758	15,50,000	8,42,080.45	31/08/2019
	Total	15,50,000	8,42,080.45	

(2) चूंकि आपने देय राशियां चुकाने में चूक की है, हमने भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी निर्देशों अथवा दिशानिर्देशों के अनुसार आपका खाता को अनार्थक आस्ति के रूप में सूचीबद्ध किया है।
(3) ऋण दस्तावेज की सहमत शर्तों के अनुसार भुगतान में लगातार चूक के दृष्टिगत, पूरी राशि देय हो चुकी है। अतः अब रु. 8,42,080.45 (रु. आठ लाख बयालिस हजार अस्सी और पैंतालिस पैसे मात्र) की राशि दिनांक 01-09-2019 से ब्याज और लागतों इत्यादि सहित बकाया है।
(4) हम आपको यह भी सूचित करते हैं कि हमारी पूरी बकाया राशि के भुगतान हेतु बारम्बार सूचनाओं तथा मौखिक अनुरोधों के बावजूद, आपने अभी तक उसका भुगतान नहीं किया है।
(5) आपको विदित है कि हमारे द्वारा मंजूर की गई लिमिट द्वारा स्वाधिकृत निम्नलिखित आस्तियों (प्रतिभूत आस्तियों) द्वारा प्रत्याभूत है।
आवासीय फ्लैट नं0. 120 बी, प्रथम तल, रिजेन्ट शिप्रा सन सिटी, इन्द्रापुरम गाजियाबाद, मालिक शौलभ खारे।
चौहद्दी :– उत्तर : फ्लैट नं0. 118 बी, दक्षिण : फ्लैट नं0. 122 बी, पूर्व : फ्लैट नं0. 119 बी, पश्चिम : भूमि तल पर ग्रीन एरिया।
(6) उपरिवर्णित कारणों के आधार पर, हम एतद्द्वारा आपसे हमारी पूरी बकाया राशि इस सूचना की तिथि से 60 दिन के भीतर चुकाने की मांग करते हैं, जिसमें असफल रहने पर, हम उपरिवर्णित प्रत्याभूत आस्तियों के विरुद्ध वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम की धारा 13 के अधीन शक्तियों का प्रयोग करेंगे। अधिनियम की धारा 13 के अधीन हमको प्राप्त शक्तियों में अन्य के साथ
(7) कर्जदार की प्रत्याभूत आस्ति का कब्जा प्राप्त करना, जिसमें प्रत्याभूत आस्ति के नकदीकरण हेतु पट्टा, समनुदेशन अथवा बिक्री द्वारा अंतरण, (पप) व्यवसाय का प्रबंधन अधिग्रहीत करना, जिसमें पट्टा, समनुदेशन अथवा बिक्री द्वारा अंतरण का अधिकार तथा प्रत्याभूत ऋण की वसूली शामिल है तथा हमारे द्वारा किए गए प्रत्याभूत आस्ति के अंतरण से अंतरित प्रत्याभूत आस्ति के संबंध में सभी अधिकार अंतरिती को इस प्रकार प्रकार प्राप्त हो जाएंगे जैसाकि आपके द्वारा किए गए अंतरण से प्राप्त होते।
(7) उपरिवर्णित शक्तियों के प्रयोग से प्राप्त होने वाली राशि सर्वप्रथम उन सभी लागतों, प्रभारों तथा खर्चों हेतु प्रयुक्त की जाएगी, जो कानून की दृष्टि में हमारे द्वारा समुचित उचगत किए गए हैं अथवा उनके अनुषंगी हैं और द्वितीयतः हमारी उपरिवर्णित बकाया राशि, इस सूचना की तिथि से वास्तविक वसूली तक संविदात्मक दर पर ब्याज चुकाने हेतु प्रयुक्त की जाएगी, तथा शेष राशि, यदि कोई होगी, आपको अदा कर दी जाएगी।
(8) कृपया नोट करें कि इस सूचना की प्राप्ति के बाद, आप इस सूचना में संदर्भित किसी भी प्रत्याभूत आस्ति का बिक्री, पट्टा अथवा अन्य प्रकार से अंतरण, बैंक (प्रत्याभूत लेनदार) की लिखित सहमति के बिना नहीं करेंगे। यदि ऐसा किया तो यह अधिनियम की धारा 29 के तहत दंडनीय अपराध होगा।
(9) आपका का ध्यान, प्रत्याभूत आस्तियों को छुड़ाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधान की ओर भी आकृष्ट किया जाता है।
(10) कृपया यह भी नोट करें कि यह सूचना पूरी बकाया राशि अथवा उसके किसी अंश की वसूली, उसकी वसूली की तिथि तक देय ब्याज एवं लागतों के साथ करने के लिए आपके विरुद्ध डीआरटी/सक्षम न्यायालय में कार्यवाही आरंभ करने के बैंक के अधिकार को प्रतिकूल प्रभावित नहीं करेगी।

दिनांक– 12.09.2019 स्थान– गाजियाबाद। प्राधिकृत अधिकारी

सिंडिकेट बैंक SyndicateBank
आजादपुर शाखा, दिल्ली
ए-257, डेराबल नगर, आजादपुर, दिल्ली-110033
टेलीफैक्स: 011-27247077, टेली.: 27234231, एम.: 9958309022
ईमेल आईडी: 9022delazadpur@syndicatebank.co.in

कब्जा सूचना
[अधिनियम-नियम-8(1) के अंतर्गत परिशिष्ट IV]

जैसा कि, वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्त्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत सिंडिकेट बैंक के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्त्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (2) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी ने मांग सूचना तिथि 26.7.2019 जारी कर ऋणधारक/स्युरिटी/सम्पत्ति के स्वामी मै. हेलिक्स लेटेक्स इंडस्ट्रीज, अगम बहल, अभय बहल, इकबाल नाथ बहल, निर्मल बहल को उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर सूचना में वर्णित राशि रु. 502557.75 (रुपये पचास लाख दो हजार पाँच सौ सत्तावन तथा पैसे पचहत्तर मात्र) वापस लौटाने का निर्देश दिया था।

ऋणधारक/स्युरिटी/सम्पत्ति के स्वामी इस राशि को वापस लौटाने में विफल रहे, अतः एतद्द्वारा ऋणधारक, स्युरिटी, सम्पत्ति के स्वामी तथा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आज, 5 अक्टूबर, 2019

जनसत्ता

12 अक्तूबर, 2019

एक और कदम

महाबलीपुरम में शुक्रवार शाम चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अनौपचारिक बातचीत ने दोनों देशों के रिश्तों में एक और आयाम जोड़ दिया है। यह दोस्ती की नई इबारत है। पिछले डेढ़ साल में यह दूसरी अनौपचारिक मुलाकात इस बात का प्रमाण है कि भारत और चीन रिश्तों को और मजबूत करने की दिशा में आगे बढ़ा चुके हैं। जिनपिंग और मोदी की यह मुलाकात ऐसे समय में हुई है जब भारत के अपने एक और पड़ोसी पाकिस्तान के साथ रिश्ते तनावपूर्ण चल रहे हैं। ऐसे में इसके कूटनीतिक मायने भी महत्त्वपूर्ण हो जाते हैं। इस मुलाकात का बड़ा मकसद रिश्तों को मौजूदा स्तर से और बेहतर बनाना है। दोनों देशों की कोशिश रही है कि पाकिस्तान की वजह से रिश्तों में कहीं कोई दरार न आए। इसलिए रिश्तों को मजबूत बनाने की दिशा में तभी बढ़ा जा सकता है जब रणनीतिक संतुलन भी बना रहे। ऐसे में अनौपचारिक मुलाकातें और बैठकें ज्यादा महत्त्वपूर्ण हो जाती हैं, जिनमें निर्धारित एजेंडे से अलग हट कर भी गिले-शिकवे दूर किए जा सकते हैं। इस तरह की मुलाकातों से जटिल से जटिल मुद्दों को हल करने का रास्ता ज्यादा आसानी से बन सकता है। इस दृष्टि से महाबलीपुरम में भारत और चीन की दोस्ती का नया कदम नई उम्मीदें लिए हुए है।

इसमें कोई दो राय नहीं कि जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 को निष्क्रिय करने और राज्य को दो हिस्सों में बांट कर जम्मू-कश्मीर तथा लद्दाख को केंद्र शासित प्रदेश बनाने के भारत के फैसले से चीन भी खुश नहीं है। उसकी पीड़ा लद्दाख को लेकर ज्यादा इसलिए है कि लद्दाख क्षेत्र में भारत और चीन की विशालकाय सीमा है। चीन इस बात को भी अच्छी तरह समझ रहा है कि कश्मीर के मुद्दे पर भारत का रुख एकदम स्पष्ट है और इस पर वह किसी से कोई समझौता नहीं करेगा या कश्मीर पर वार्ता को लेकर किसी तीसरे पक्ष को बीच में नहीं आने देगा। इसलिए अंदर से चीन भारत के कठोर रुख से बेचैन है। चीन इस हकीकत को भी भलीभांति समझ रहा है कि इस तरह के मुद्दों को लेकर तनाव बनाए रखना न दोनों देशों के हित में है, न एशियाई शांति के लिए यह अच्छा है। ऐसे में चीनी राष्ट्रपति की यह भारत यात्रा रिश्तों के नए दौर का संदेश देती है।

चीन और भारत के रिश्ते कोई सौ-दो सौ साल के नहीं, बल्कि सदियों पुराने हैं। हजारों सालों से दोनों देशों के बीच व्यापार चलता रहा है। चीनी लोग भारत आकर यहां की संस्कृति को समझते रहे हैं। बौद्ध धर्म तो फैला ही भारत से है। कारोबारी नजरिए से देखें तो आज भी चीन के लिए भारत बड़ा बाजार है। ऐसे में किसी भी मुद्दे पर टकराव दोनों देशों के हितों में नहीं है। जहां तक भारत और चीन के बीच सीमा विवाद जैसे कुछ जटिल मुद्दे हैं तो उन्हें बातचीत के जरिए ही सुलझाया जा सकता है। भारत हमेशा से ही शांति और वार्ता का पक्षधर रहा है। लेकिन अतंकवाद के मुद्दे पर चीन को अपने रुख में बदलाव करना होगा। पूरी दुनिया जानती है कि पाकिस्तान किस तरह से भारत में आतंकवाद फैलाता रहा है और बड़े आतंकी हमलों से भारत को गहरे जख्म दिए हैं। ऐसे में भारत चीन से यही उम्मीद करता है कि वह आतंक के मुद्दे पर पाकिस्तान का साथ न दे। महाबलीपुरम की मुलाकात से दोनों देशों के बीच पुख्ता समझ बननी चाहिए, जो विवादों को हल करने की दिशा में मील का पत्थर साबित हो सके।

अनियमितता के कोष

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने भरोसा दिलाया है कि वित्तीय अनियमितता करने वाले सहकारी बैंकों के खिलाफ कड़े कानून बनाए जाएंगे। इसके लिए एक समिति गठित की जाएगी, जिसमें भारतीय रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर भी शामिल होंगे। अगर जरूरत पड़ी तो संसद के शीतकालीन सत्र में जरूरी विधायी संशोधन किए जाएंगे। दरअसल, पंजाब एवं महाराष्ट्र बैंक यानी पीएमसी नामक सहकारी बैंक में वित्तीय गड़बड़ियां पाई जाने और उस पर पाबंदी लगाई जाने के बाद लोगों में अपने धन की सुरक्षा को लेकर जो आशंकाएं पैदा हो गई हैं, उससे सहकारी संस्थाओं की साख को गहरा धक्का पहुंचा है। पीएमसी के खातों और उसके कारोबार की छानबीन के बाद मिली गड़बड़ियों के मद्देनजर सरकार के लिए भी ये संस्थाएं चिंता का सबब बन गई हैं। पीएमसी की महाराष्ट्र में करीब एक सौ बीस शाखाएं थीं। दूसरे राज्यों में भी उसका कारोबार फैला हुआ था। वह तेजी से उभरता हुआ सहकारी बैंक था। बताया जा रहा है कि वह बैंकिंग की मुख्यधारा में शामिल होने के लिए लाइसेंस पाने की फिराक में था। इसलिए उसने अपने खाता संबंधी ब्योरों में अपने कारोबारी मुनाफे को बढ़ा-चढ़ा कर दिखाया था। जबकि उसने जो कर्ज बांटे थे, उसमें से अधिकतर डूब चुके थे। इसी के मद्देनजर रिजर्व बैंक ने उस पर नकेल कसने का फैसला किया।

हालांकि सरकार इस बात के लिए प्रतिबद्ध है कि पीएमसी के ग्राहकों का पैसा डूबने न पाए, पर चिंता इस बात की है कि ऐसे और कितने बैंकों की अनियमितता की परतें उघड़ेंगी। सहकारी संस्थाओं के गठन और उनके जरिए लेनदेन को बढ़ावा देने का नियम इस मकसद से बना था कि लघु बचत करने, दूर-दराज के इलाकों में रहने वाले वित्तीय रूप से कमजोर किसानों, बुनकरों, हस्तशिल्प आदि के काम में लगे लोगों को आसान शर्तों पर वित्तीय मदद पहुंचाई और उन्हें बचत के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। मगर सहकारी संस्थाओं के गठन के शुरुआती दिनों में ही यह पोल खुल गई थी कि वे धीरे-धीरे भ्रष्टाचार के अड्डे बनते गए हैं। किसानों, बुनकरों, छोटे उद्यमियों आदि को कम ब्याज दरों पर दिए जाने वाले कर्ज का लाभ ज्यादातर बड़े कारोबारी उठाने लगे और फिर वह धन बट्टेखाते में जाता रहा। जाहिर है, उसमें खाताधारकों और सहकारी बैंकों या समितियों के अधिकारियों की साठगांठ थी। इस तरह कई सहकारी समितियां बंद हो गईं। कई मामलों में काले धन को सफेद करने का जरिया भी ये संस्थाएं बनती रही हैं। नोटबंदी के समय के खुलासे इसके हाल के उदाहरण हैं। लिहाजा, सहकारी संस्थाओं पर कड़ी निगरानी की जरूरत लंबे समय से रेखांकित की जाती रही है।

अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में सहकारी संस्थाओं और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों की कारगर भूमिका मानी जाती है। देश के बहुत सारे लोग, जो बड़े बैंकों से नहीं जुड़े होते या फिर बैंकों के पास बहुत छोटी रकम की वित्तीय सहायता जैसे खाद, बीज, सूत, मवेशी आदि खरीदने के लिए कर्ज देने का प्रावधान नहीं होता, वे इन सहकारी या फिर गैर-बैंकिंग वित्तीय संस्थाओं की मदद से अपने कारोबार को आगे बढ़ाते रहे हैं। पर ये कुछ खिलाड़ी कारोबारियों या कालाधन जमा करने वालों के हाथ की कठपुतली बन जाएं और भारी पैमाने पर अनियमितता करने लगें, तो इन्हें गठित करने का मकसद ही कहीं खो जाता है। इसलिए केंद्रीय वित्त मंत्रालय की सहकारी संस्थाओं पर कड़ी नजर रखने और अनियमितता करने वालों के खिलाफ सख्ती बरतने का इरादा सराहनीय है।

कल्पमेधा

मनुष्य के कर्म उसके विचारों की सबसे बड़ी परिभाषा हैं।
-लांगफेलो

घटते वन, बिगड़ता पर्यावरण

अभिजीत मोहन

निश्चित रूप से विकास के लिए प्रकृति प्रदत्त संसाधनों का दोहन आवश्यक है। लेकिन इसकी सीमा भी निर्धारित होनी चाहिए, जिसका कि पालन नहीं हो रहा है। विकास के नाम पर जंगलों को उजाड़ने का ही नतीजा है कि आज मनुष्य को बढ़ते वैश्विक तापमान, ओजोन परत के क्षरण, भूकम्प, भारी वर्षा, बाढ़ और सूखे जैसी विपदाओं का सामना करना पड़ रहा है।

यह राहत की बात है कि सुप्रीम कोर्ट ने देश की वाणिज्यिक राजधानी मुंबई की आरे कालोनी में पेड़ों की कटाई पर रोक लगा दी है। इस कालोनी में मेट्रो कारशेड के लिए ढाई हजार से ज्यादा पेड़ काटे जाने थे और वहां के निवासी और पर्यावरण संरक्षक इसका विरोध कर रहे थे। प्रशासन ने विरोध करने वाले प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार कर जेल में डाल दिया। तब मामला शीर्ष अदालत में पहुंचा। हालांकि तब तक दो हजार से ज्यादा पेड़ काटे जा चुके थे। सरकार का तर्क है कि छोटे हिस्से से पेड़ काटे गए हैं। सरकार ने यह दलील भी दी कि इन पेड़ों को काटने से पहले तेईस हजार आठ सौ छियालीस पेड़ लगाए जा चुके हैं और पच्चीस हजार पौधे वृक्षारोपण के लिए बांटे गए हैं। लेकिन अदालत ने दो टूक कहा कि सवाल छोटे हिस्से का नहीं, बल्कि यह कानूनन गलत है तो इसकी इजाजत नहीं दी जा सकती।

सर्वोच्च अदालत के पूर्व आदेश के अनुसार राज्यों को किसी क्षेत्र को जंगल के रुप में अधिसूचित करना आवश्यक है, लेकिन महराष्ट्र सरकार ने अभी तक ऐसा नहीं किया है। पर्यावरण संरक्षकों और विशेषज्ञों की मानें तो आरे को 'अवर्गीकृत जंगल' के रुप में समझा जाता था और वहां पर्यावरण के प्रति संवेदनशील क्षेत्र में पेड़ों की कटाई अवैध है। महाराष्ट्र सरकार के मुताबिक यह अवर्गीकृत जंगल नहीं है और न ही यह संवेदनशील क्षेत्र है। सरकार ने पेड़ों की कटाई तब शुरू की थी जब बबई हाई कोर्ट ने आरे कालोनी को वन क्षेत्र घोषित करने और मुंबई नगर निगम की मेट्रो कारशेड के लिए पेड़ों की कटाई की इजाजत देने वाली अधिसूचना रद्द करने की मांग ठुकरा दी थी।

आज जिस तरह विकास के नाम पर पेड़ों की अंधाधुंध कटाई हो रही है और वनों को उजाड़ा जा रहा है, उससे पर्यावरण संतुलन बिगड़ गया है। पिछले साल भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने दावा किया था कि अगर जंगलों को बचाने की पहल तेज नहीं हुई तो 2025 तक देश के अन्य हिस्सों के साथ-साथ पूर्वोत्तर के छह राज्यों असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नगालैंड और त्रिपुरा और केंद्र शासित प्रदेश अंडमान और निकोबार द्वीप समूह का वन क्षेत्र खत्म हो जाएगा, जो आकार में मॉरीशस के कुल क्षेत्रफल के बराबर बैठता है। इन राज्यों में 2005 से 2013 के बीच वन क्षेत्र में 0.3 प्रतिशत की दर से कमी दर्ज की गई है। वैज्ञानिकों ने इन्हीं राज्यों के घटते वन क्षेत्र को 2025 के वन क्षेत्र के अनुमान के लिए आधार बनाया है और उनका यह शोध पिछले दिनों 'अर्थ सिस्टम साइंस' नामक जर्नल में छपा है। चूंकि यह शोध हैदराबाद स्थित इसरो के नेशनल रिमोट सेंसिंग सेंटर और तिरुवनंतपुरम स्थित इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ स्पेस साइंस एंड टेक्नोलॉजी के वैज्ञानिकों ने किया है, इसलिए शोध की विश्वसनीयता पर संदेह नहीं किया जा सकता। वैज्ञानिकों का दावा है कि एक सौ तैंतीस साल में चालीस प्रतिशत वन क्षेत्र कम हो चुका है। वर्ष 1880 में देश में 10.42 लाख वर्ग किलोमीटर वन क्षेत्रफल होने का अनुमान लगाया गया था, जो देश के 37.1 प्रतिशत भौगोलिक हिस्से को दर्शाता था। लेकिन विकास के नाम पर वनों की अंधाधुंध कटाई की वजह से 1880 से 2013 के बीच इसमें चालीस प्रतिशत की कमी आई है। गंभीर चेतावनी तो यह है कि साल 2025 तक इसमें और कमी आने की आशंका है।

वन क्षेत्र में आ रही कमी के बारे में अध्ययन के लिए वैज्ञानिकों ने कंप्यूटर पर लैंड चेंज मॉडलर सॉफ्टवेयर पर प्राचीन भारत के वन क्षेत्र का मॉडल तैयार किया है। इनमें उन इलाकों का पर्यवेक्षण किया गया है, जहां वन क्षेत्र में सर्वाधिक कमी हो रही है। वैज्ञानिकों का कहना है कि उत्तर-पूर्वी राज्यों में गैर-सरकारी संस्थाओं द्वारा अधिकांश वन क्षेत्र की भूमि को लीज पर लेने और बड़े स्तर पर वन क्षेत्रों को कृषि के लिए उपयोग में लाने के कारण वन क्षेत्र में लगातार गिरावट आ रही है। तथ्य यह भी कि अंधाधुंध विकास के नाम पर मानव प्रति वर्ष सात करोड़ हेक्टेयर वनों का विनाश कर रहा है। एक आंकड़े के मुताबिक पिछले सैकड़ों सालों में हमने प्रकृति की एक तिहाई से अधिक प्रजातियां नष्ट कर डाली हैं। जंगली जीवों की संख्या में भी पचास प्रतिशत की कमी आई है।

वन किसी भी राष्ट्र की अमूल्य निधि होते हैं, जो वहां की जलवायु, भूमि की बनावट, वर्षा, जनसंख्या

के घनत्व, कृषि और उद्योग आदि को अत्यधिक प्रभावित करते हैं। भारत प्राकृतिक वन संपदा की दृष्टि से एक संपन्न देश रहा है। भारत में पौधों और वृक्षों की सैंतालीस हजार प्रजातियां पाई जाती हैं। लेकिन वनों की कटाई के कारण प्रजातियां नष्ट हो रही हैं और जंगल सिकुड़ते जा रहे हैं। यह स्थिति तब है जब वनों को बचाने के लिए 1950 से लगातार हर वर्ष जुलाई के प्रथम सप्ताह में वन महोत्सव कार्यक्रम आयोजित होता है, जिसके जरिए खेतों की मेड़ों, नदियों, नहरों और सड़कों के किनारे तथा बेकार भूमि पर वृक्षारोपण किया जाता है। वन-विकास कार्यक्रम को गति प्रदान करने के लिए सरकार ने 1952 में ही वन-नीति बना ली थी और वन विकास के लिए नई-नई घोषणाओं के साथ वनों का क्षेत्र बाईस प्रतिशत से बढ़ा कर तैंतीस प्रतिशत करने के संकल्प व्यक्त किया था। इसके अलावा वनों पर सरकारी नियंत्रण रखने और वृक्षों की हरित पट्टी विकसित करने के कार्यक्रम भी तय किए। यही नहीं, वनों को बचाने के लिए 1965 में केंद्रीय वन आयोग की स्थापना भी की गई थी। इस आयोग का कार्य वनों से संबंधित आंकड़े और सूचनाएं एकत्रित करना और उन्हें प्रकाशित करना है। लेकिन विडंबना है कि इस कवायद के बावजूद वनों का क्षेत्रफल बढ़ने के बजाए उसमें लगातार घटता ही जा रहा है। स्थिति यह है कि आज देश के कुल भौगोलिक क्षेत्रफल के महज 20.64 प्रतिशत हिस्से पर ही वन क्षेत्र रह गया है। अगर समय रहते वनों को संरक्षित नहीं किया गया तो न केवल लकड़ी, उद्योगों के लिए कच्चा माल, पशुओं के लिए चारा, औषधियां, सुगंधित तेल का संकट उत्पन होगा, बल्कि पर्यावरण भी तेजी से प्रदूषित होगा।

वैज्ञानिकों का कहना है कि वनों के विनाश से वातावरण जहरीला होता जा रहा है। प्रतिवर्ष दो अरब टन अतिरिक्त कार्बन-डाइआक्साइड वायुमंडल में घुल-मिल रही है। इससे जीवन का सुरक्षा कवच मानी जाने वाली ओजोन परत को भारी नुकसान पहुंच रहा है। वायुमंडल में छत्तीस लाख टन कार्बन डाइआक्साइड की वृद्धि हो चुकी है और चौबीस लाख टन आक्सीजन समाप्त हो चुकी है। अगर यही स्थिति रही तो 2050 तक पृथ्वी के तापक्रम में लगभग चार डिग्री सेल्सियस तक वृद्धि हो सकती है। ओजोन परत को होने वाले नुकसान से कुछ खास किस्म के अत्यंत अल्पजीवी तत्वों (वीएसएलएस) की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई है जो मानव जाति के अस्तित्व के लिए खतरनाक हैं। इन खास किस्म के अत्यंत अल्पजीवी तत्वों की ओजोन को नुकसान पहुंचाने में भागीदारी नब्बे फीसद है।

निश्चित रूप से विकास के लिए प्रकृति प्रदत्त संसाधनों का दोहन आवश्यक है। लेकिन इसकी सीमा भी निर्धारित होनी चाहिए, जिसका कि पालन नहीं हो रहा है। विकास के नाम पर जंगलों को उजाड़ने का ही नतीजा है कि आज मनुष्य को बढ़ते वैश्विक तापमान, ओजोन परत के क्षरण, भूकम्प, भारी वर्षा, बाढ़ और सूखे जैसी विपदाओं का सामना करना पड़ रहा है। अगर हालात ऐसे ही बने रहे और जंगलों को संवारने एवं संरक्षित करने की चेष्टा नहीं की गई तो वह दिन दूर नहीं जब पृथ्वी पर मनुष्य का जीवन असंभव हो जाएगा।

स्मृतियों में गांव

घनश्याम कुमार देवांश

दुनिया मेरे आगे

मिट्टी की एक खुशबू होती है, इसका पता तब चला, जब सब कुछ छोड़ कर मैं गांव से शहर चला आया। या फिर कहा जाए कि माता-पिता द्वारा शहर में ले आया गया। शहर, जहां चारों ओर कंक्रीट ही कंक्रीट दिखता है, मिट्टी के लिए थोड़ी बहुत जगह या तो बाग-बगीचों और पार्कों में होती है या फिर घर के गमलों में। जाहिर है, शहर में आने के साथ ही मिट्टी की अपनी खुशबू से भी दूर हुआ। जब अपने गांव से दूर हो गया, तब उसकी मिट्टी की खुशबू और उसकी कीमत का अंदाजा हुआ। आज भी जब गांव जाता हूं तो लगता है, अपने घर आ गया हूं।

गांव मुझे बहुत पसंद हैं। हालांकि वहां रहने की अपनी बड़ी समस्याएं भी हैं, लेकिन इसके बावजूद गांव मुझे आकर्षित करता है। अब तो हालात इतने खराब हैं कि गांव के लोग खुद भी वहां रहना नहीं चाहते। गांवों के सब पुराने काम लगभग खत्म हो चुके हैं, खासकर हाथ से किए जाने वाले काम। हालांकि सामाजिक दृष्टि से देखें तो समाज के अलग-अलग समूहों के पारंपरिक पेशे की अपनी समस्याएं थीं। लेकिन इससे इतर देखें तो खेती से लेकर घर-बाहर के अनेक ऐसे काम हैं, जिन्हें अब मशीनों के जरिए किया जाता है। इससे वहां आजीविका और पेट पालने के साधन पहले से बहुत कम हो गए हैं। खेती के खर्चे इतने ज्यादा बढ़ गए हैं कि फसल तैयार होने पर आमतौर पर उसकी लागत का खर्चा भी नहीं निकल पाता। जो बैंक किसानों की मदद के नाम पर किसान क्रेडिट कार्ड और कर्ज की योजनाएं लेकर सामने आए थे, उन्होंने किसानों के जीवन को बर्बाद करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। सरकार की ओर से कर्ज और दूसरी सुविधाओं की घोषणा का जमीनी सच यह है कि किसान कर्ज के चंगुल में ऐसे फंस जाते हैं कि फिर उनका निकलना ही मुश्किल हो जाता है।

ग्रामीण इलाकों में अशिक्षा और गरीबी आज भी भयानक स्तर तक कायम हैं। जब तक वहां के बच्चों को अच्छी और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा नहीं मिल जाती, तब तक वहां के जीवन में कोई बदलाव आएगा, ऐसा सोचना शायद महज खामखयाली है। अशिक्षा के कारण ही गांवों में आज भी अंधविश्वास और सामाजिक कुरीतियां जमी हुई हैं। महिलाओं की स्थिति कई स्तरों पर खराब है और ज्यादातर महिलाएं अब भी अपने-अपने घरों में बंद जीवन गुजारती हैं। उनके पास न सपने हैं, न उन सपनों को पूरा करने के लिए उड़ान। सुविधाओं का जैसा भयानक अकाल गांवों में दिखाई देता है, वह आतंकित करने वाला है। हालत यह है कि जिले के सबसे बड़े अस्पताल भी दयनीय हालत में दिखाई देते हैं। शायद ही कहीं डॉक्टर ईमानदारी से अपनी ड्यूटी करते दिखाई देते हैं। ऐसे में इलाज की क्या स्थिति होगी, यह अंदाजा ही लगाया जा सकता है। आमतौर पर देखा गया है कि डॉक्टरों के निजी क्लीनिकों और बाकी अस्पतालों में मरीजों के साथ बेहद संवेदनहीन तरीके से बर्ताव किया जाता है। अस्पतालों के दृश्य देख कर कई बार तो विश्वास नहीं होता कि यह आधुनिक युग का कोई अस्पताल है।

आम बातचीत में 'गंवार' शब्द का प्रयोग धड़ल्ले से किया जाता है। खासतौर पर पढ़े-लिखे और खुद को समझदार मानने वाले लोग आमतौर पर पर इसका प्रयोग करते हैं। मुझे लगता है कि यह शब्द संभवतः गांव से बना और प्रचलन में आया होगा। शहर के लोग इस शब्द का इस्तेमाल मूर्ख, असभ्य और अनपढ़ आदमी के अर्थ में करते हैं। इससे हम बड़ी सरलता से यह अनुमान लगा सकते हैं कि गांव के लोगों को लेकर शहर के लोग क्या सोचते हैं! यों शहरों में भी हालात कुछ ज्यादा अच्छे नहीं हैं, लेकिन गांवों से बेहतर है। शहर में लोग अपने रोजगार का प्रबंध कर लेते हैं। भोजन-पानी का जोड़-जुगाड़ हो जाता है। मनुष्य वहां मनुष्यों की भीड़ में रह कर खुद को सुरक्षित महसूस करता है।

लेकिन शहर भी इन दिनों बुरी तरह से अव्यवस्था के शिकार हैं। इधर-उधर बने बेतरतीब घर-मकान, बस्तियां शहर में जीवन का एक कठोर चेहरा दिखाती हैं। एक तरह से देखा जाए तो शहर कृत्रिम हैं, जबकि गांव सहजता से बसते हैं। शहर को अगर ठीक से योजना बना कर न बसाया जाए तो सदियों तक उसके नफा-नुकसान चलते रहते हैं। इसलिए अच्छा हो कि उन्हें बेहतर योजना बना कर बसाया जाए। लोगों तक पीने का पानी कैसे पहुंचेगा, एक इलाके में कितनी जनसंख्या होनी चाहिए, रोजगार के क्या साधन होंगे, कितनी दुकानें होंगी, यातायात की क्या व्यवस्था होगी, कानून, शिक्षा और स्वास्थ्य से जुड़ी सुविधाएं कैसी होंगी- ऐसी बहुत सारी बातों का खयाल सरकार को रखना चाहिए। एक तरह से देखा जाए तो शहर और गांव, आज दोनों के लिए ही बहुत अच्छी योजनाओं की जरूरत है, जिसमें सभी सुविधाओं और आवश्यकताओं का ध्यान रखा जाना चाहिए। सिर्फ विकास के नाम पर गांव को बदल कर शहर नहीं बना देना चाहिए!

चौपाल

सूचनाएं और उम्मीदें

स्विट्जरलैंड ने हाल में कालेधन की सूचना के स्वतः आदान-प्रदान की नई व्यवस्था के तहत भारत के साथ-साथ विश्व के पचहत्तर अन्य देशों को भी उनके नागरिकों के स्विस बैंक खातों की सूचना प्रदान की है। पहली बार भारत सरकार को स्विस बैंक में खाता रखने वाले अपने नागरिकों के बारे में इस तरह की सूचनाएं मिली हैं। स्विस सरकार ने पिछले साल भी इस तरह की सूचना छत्तीस देशों के साथ साझा की थी।

यह जरूरी नहीं है की जो सूचनाएं भारत सरकार को स्विट्जरलैंड से मिली हैं, उसमें सभी अवैध खातों की जानकारी हो। उसमें कुछ खाताधारक ऐसे भी होंगे जो वैध तरीके से अपने व्यवसाय या अपनी शिक्षा के लिए स्विट्जरलैंड से जुड़ाव रखते होंगे। भारत सरकार को अब द्वितीय चरण में उन खाताधारकों के भी बारे में जानकारी एकत्र करने का प्रयास करना होगा जिनके खाते अब बंद हो चुके हैं। 2018 की रिपोर्ट के अनुसार स्विस बैंक में भारतीयों का कुल जमा सात हजार करोड़ रुपया था। सूचनाओं का स्वतः आदान-प्रदान एक औपचारिक प्रक्रिया है। इसलिए हमारे पास ज्यादा सूचनाएं आएंगी तो इससे निश्चित तौर पर कर चोरी रोकने में मदद मिलेगी। पहले सिर्फ आपराधिक व्यक्तियों की सूचनाएं ही साझा होती थीं। इस माध्यम से प्राप्त सूचनाओं को हम सार्वजनिक नहीं किया जा सकता, लेकिन इनके आधार पर कार्रवाई जरूर हो सकती है। सवाल यह है कि जो सूचनाएं हमें स्विस बैंक से मिली हैं, वे हमारे लिए कितनी उपयोगी हैं? क्योंकि किसी भी खाता धारक का नाम और उसका स्थायी पता किसी भी अन्य देश को नहीं सौंपा जाता है। इसके अतिरिक्त बैंक बैलेंस की जानकारी भी इस प्रकार के सूचनाओं के अंतर्गत नहीं दी जाती है। इसलिए यह हमारी सुरक्षा एजेंसियों के लिए एक चुनौती होगी। इस प्रकार की सूचनाएं एक विशेष कोडिंग प्रक्रिया के तहत उपलब्ध होती हैं, जो मात्र इशारा कर सकती हैं, और उस को अंजाम तक पहुंचाना जांच एजेंसियों का काम है।

स्विट्जरलैंड उन्हीं देशों को सूचनाएं उपलब्ध कराता है, जहां गोपनीयता के कानून परिपक्व हैं। भारत के लिए राहत की बात यह है कि भारतीयों द्वारा जो धन स्विस बैंक में जमा किया गया है, उसके आधार पर भारत विश्व में चौहत्तरवें नंबर पर आता है। लेकिन आशंका यह भी जताई जा रही है कि हो सकता है विगत वर्षों में अवैध रूप से जमा रहे धन का प्रवाह किसी अन्य देश में हो गया हो। इसलिए जब तक कुछ साल पुरानी सूचनाएं भी न आ जाएं, कुछ भी कहना उचित नहीं होगा।

● *कुलिंदर सिंह यादव, दिल्ली*

मौत के गड्ढे

मुंबई के ठाणे क्षेत्र में सड़क पर गड्ढे ने तेईस वर्षीय महिला डाक्टर की जान ले ली। उनकी स्कूटी गड्ढे में फंसने से पलट गई और पीछे से आ रहे ट्रक ने उन्हें कुचल दिया। मुंबई हो या दिल्ली, कोलकाता हो या चेन्नई या अन्य कोई शहर, देश में गड्ढे मौत का बड़ा कारण बन गए हैं। खासतौर से हर साल बारिश के बाद सड़कें टूट जाती हैं और कदम-कदम पर गड्ढे तैयार हो जाते हैं। सड़क पर गड्ढों की मरम्मत और मेनहोल के रखरखाव की जिम्मेदारी स्थानीय प्रशासन की होती है। प्रशासन और सरकार पूरी तरह से अंखें मूंदे रहती हैं और लोग मरते रहते हैं। अफसोस इस बात का है कि प्रशासन के पास भारी-भरकम अमला होते हुए भी लापरवाही बरती जाती है और इसकी कीमत लोगों को जान देकर चुकानी पड़ती है।

● *पूजा नेनावा साहू, पुणे*

नजीर पेश करे चीन

आपका संपादकीय 'वक्त का तकाजा' पढ़ा। भारत एक संप्रभु देश है और हमें अपनी संप्रभुता में कोई दखल बर्दाश्त नहीं करना चाहिए। जिस तरह पाकिस्तान के साथ भारत का कश्मीर विवाद और इससे जुड़ा सीमा विवाद है, उसी तरह से चीन के साथ भी हमारा सीमा विवाद है। चीन ने अरुणाचल को लेकर भी विवाद कर रखा है। चीन के अपने घर में हांगकांग का मसला चल रहा है। ऐसे में चीन का जोर भारत-पाकिस्तान के बीच में घुसने की बजाय भारत के साथ सीमा विवाद को सुलझाने पर होना चाहिए।

चीन को चाहिए कि वह अपने दोस्त पाकिस्तान को आतंकवाद की राह छोड़ कर शांतिपूर्ण तरीके से भारत के साथ विवाद सुलझाने को कहे और खुद भारत-चीन के बीच के सभी मसले शांतिपूर्ण तरीके से सुलझा कर पाकिस्तान और दुनिया के सामने एक नजीर पेश करे। वक्त का सच्चा तकाजा यही है।

● *बृजेश माथुर, गाजियाबाद*

हताशा के कदम

'मन के हारे हार है और मन के जीते जीत', यह लोकोक्ति बहुत कुछ बयान करती है। आज हम देख रहे हैं कि युवा कितनी जल्दी निराश हो जाते हैं। बोर्ड परीक्षा हो या कोई अन्य परीक्षा हो, परीक्षा हमेशा हमारे धैर्य की परीक्षा भी लेती है। इन परीक्षाओं से डर कर जिस तरह से बच्चे निराशावादी होकर आत्महत्या या अन्य दुखद कदम उठा कर परिवार, समाज अथवा देश के लिए परेशानी का सबब बनते जा रहे हैं, उस बारे में अब व्यापक स्तर विचार करने की आवश्यकता है। आज यह जानना अत्यंत आवश्यक हो गया है कि आखिर किस स्तर पर कमी सबसे अधिक है जिसकी वजह हमारे बच्चे निराशा में घातक कदम उठा रहे हैं। यह बहुत साफ है कि केवल एक ही स्तर इसके लिए जिम्मेदार नहीं है। आज देश में शायद ही कोई ऐसी परीक्षा हो जिसमें घोटाले न उजागर हुए हों। युवा मेहनत करके परीक्षा दें, बाद में उसे उसका फल न मिले तो वह निराशा में कोई भी कदम उठा सकता है। यही हाल स्कूल व कॉलेज की परीक्षाओं का है। अध्ययन और अध्यापन दोनों में बहुत बड़ी कमी की वजह से परिणाम अच्छे नहीं आ पाते हैं। फिर, पारिवारिक संस्कार और परिवार का दबाव भी बहुत हद तक इसके लिए जिम्मेदार है। हम सबको यह समझना चाहिए कि सफलता केवल वह नहीं है जो हम सोचते हैं बल्कि सफलता वह भी है जो हमें परिश्रम करते हुए नेक पथ पर चलना सिखाती है।

● *हेम कुमार यादव, गोंडा*

किसी भी मुद्दे या लेख पर अपनी राय हमें भेजें। हमारा पता है : ए-8, सेक्टर-7, नोएडा 201301, जिला : गौतमबुद्धनगर, उत्तर प्रदेश

आप चाहें तो अपनी बात ईमेल के जरिए भी हम तक पहुंचा सकते हैं। आइडी है : chaupal.jansatta@expressindia.com

राजकाज
जनसत्ता, 12 अक्तूबर, 2019 7

अग्निपरीक्षा

शरद पवार और उनका कुनबा ही नहीं उनकी पार्टी सभी वजूद की लड़ाई लड़ रहे हैं। महाराष्ट्र में 21 अक्तूबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के नतीजे तय करेंगे कि पवार परिवार और राष्ट्रवादी कांग्रेस का भविष्य क्या होगा? सूबे का यह सबसे ताकतवर सियासी परिवार पिछले काफी समय से कलह का शिकार है। ऊपर से प्रवर्तन निदेशालय ने पिछले दिनों दूसरे नेताओं के साथ सहकारी बैंक घोटाले में इस मराठा क्षत्रप को भी नामजद कर दिया। चुनाव सिर पर देख अपना धोबीपाट चला और एलान कर दिया कि वे खुद प्रवर्तन निदेशालय के मुंबई दफ्तर जाएंगे। यह भी साफ कर दिया कि चुनाव प्रचार के दौरान बुलाया तो उनके लिए पेश होना अव्यावहारिक होगा। फिर प्रवर्तन निदेशालय ने मुंबई पुलिस की मार्फत संदेश भेज दिया कि अभी उनकी जरूरत नहीं। इस संकट से कुछ उबरे तो चर्चा तेज हो गई कि वे राजनीति से संन्यास लेने की सोच रहे हैं। उनकी पार्टी का कांग्रेस में विलय हो जाएगा। विलय की अटकल को उनकी बेटी सुप्रिया सुले और भतीजे अजीत पवार ने नकारा तो खुद शरद पवार को अकोला जिले की एक रैली में कहना पड़ा कि वे भाजपा को सत्ता से बेदखल करने के बाद ही संन्यास की सोचेंगे। कांग्रेस से अलग होकर 1999 में बनाई थी अपनी अलग राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी। माना कि उनकी विरासत को लेकर संशय है। पहले भतीजे अजीत पवार पर दांव लगाया था। वे चाचा जैसा कौशल नहीं दिखा पाए तो बेटी सुप्रिया को उतारा। वे भी पिता की तुलना में जम न पाईं। अब भाई के पौत्र से आस है। यह तो हुई भविष्य की बात। पर फिलहाल तो सारा दारोमदार 79 साल के इस जवान के कंधों पर ही टिका है।

बेबाक बोल

एक-दूसरे की अखंडता और संप्रभुता का सम्मान, अनाक्रमण, आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं करना, समान और परस्पकारी लाभकारी संबध और शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व के पंचशील सिद्धांतों के साथ हिंदी चीनी भाई-भाई का नारा भी लगा और दोनों देशों के बीच युद्ध भी हुआ। अब युद्ध नहीं संवाद के साथ आर्थिक विकास के ढांचे को ही सर्वमान्य माना जा रहा है। आक्रमण और अंत तक लड़ेंगे जैसी भाषा बोलने वाले खारिज हो रहे हैं। आज जापान और बांग्लादेश जैसे देशों का आर्थिक ढांचा मिसाल बन रहा है जो समर नहीं संवाद के साथ आगे बढ़ रहे। भारत और चीन के बीच जो अनौपचारिक शिखर वार्ता शुरू हुई है उसके सकारात्मक बिंदुओं को देखा जाए तो संवाद से बेहतर कोई स्थिति नहीं है। भौगोलिक समस्याएं हों या व्यापारिक असमानता, सकारात्मक माहौल से ही हल निकल सकता है। भारत के प्राचीन ऐतिहासिक शहर में नई दुनिया की दो ताकतों की शुरू हुई बातचीत पर बेबाक बोल।

शीर्ष पर संवाद

मुकेश भारद्वाज

पहली मुलाकात अमदाबाद में साबरमती तट के किनारे और तस्वीरें दोनों नेताओं के साथ झूला झूलने की। गुजरात प्रधानमंत्री का गृह प्रदेश है और चीन के राष्ट्रपति का दिल्ली दरबार से दूर वहां भव्य स्वागत किया गया था। राजधानी की परंपराओं से हट कर नेताओं की मुलाकात को एक अनौपचारिक रुख देने की शुरुआत सुखद लगी होगी। इसलिए दूसरे पक्ष की अगवानी चीन की राजधानी बेजिंग में नहीं बल्कि शिआन में हुई। शिआन चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग का गृह प्रदेश है। अब जब चीन के राष्ट्रपति 2018 में हुई वुहान की बैठक के बाद, दूसरी अनौपचारिक शीर्ष वार्ता के लिए भारत आ चुके हैं तो उसके लिए चुना गया दक्षिण भारत का प्राचीन ऐतिहासिक शहर मामल्लापुरम जो महाबलीपुरम के नाम से भी लोकप्रिय है। मामल्लापुरम का चीन के साथ प्राचीन रिश्ता रहा है। पल्लव वंश के शासकों का कारोबार चीन से था। अनौपचारिक बैठक की दूसरी कड़ी में प्राचीन रिश्तों की गंध को बिखेरने की कोशिश की गई है। जब दो नेता वातानुकूलित कक्षों की बजाए प्राचीन मंदिर की दीवारों पर समुद्र की लहरों के टकराने की आवाज सुनेंगे तो शायद मनोवैज्ञानिक प्रभाव कुछ और ही होगा। वैश्विक बाजार की कट्टर होती लड़ाई के बीच दो महाबलियों के संवाद के इस अंदाज का अपना महत्त्व है।

वैश्विक नेताओं को दोस्ती के मंच पर लाने में प्रधानमंत्री के पहले कार्यकाल का भी अहम योगदान रहा है। पिछले सालों में भारतीय नेतृत्व उन वैश्विक मंचों पर भी पहुंचा है जिसे कूटनीति के लहजे से उपेक्षित रखा गया था। एशिया की राजनीति में चीन, भारत और पाकिस्तान के रिश्तों के त्रिकोण पर सामरिक विशेषज्ञों की खास निगाह रहती है। इस लिहाज से भी दिल्ली के सियासी कोलाहल से दूर मामल्लापुरम की शांति अपना योगदान जरूर देगी।

पाकिस्तान के वजीर-ए-आजम अंतरराष्ट्रीय मंच पर कश्मीर के मुद्दे को लेकर रुसवा हो चुकने के बाद चीन की यात्रा पर पहुंचे। इमरान ने यह यात्रा शी जिनपिंग के भारत आगमन के पहले चुनी। इसके पहले चीन कश्मीर मुद्दे पर भारत के लिए चिंताएं पेश करता रहा है। लेकिन जिनपिंग के भारत आगमन के पहले चीन ने कश्मीर मुद्दे को भारत-पाकिस्तान का द्विपक्षीय मसला करार दिया है। इसके साथ ही विजयदशमी के दिन भारत में चीन के राजदूत सुन वेइडॉन्ग का ट्वीट भी उल्लेखनीय है। उन्होंने कहा-भारत और चीन दोनों विकासशील देश हैं। दोनों ही उभरते हुए बड़े बाजार हैं। पिछले साल वुहान में भारत और चीन के बीच शुरू हुई बातचीत से रिश्तों को सकारात्मक गति मिली है। दोनों देश कई क्षेत्रों में आपसी सहयोग के साथ आगे बढ़ रहे हैं और मतभेदों को संवेदनशीलता के साथ संभाल रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ती अनिश्चितता के माहौल में भारत और चीन को अंतरराष्ट्रीय और क्षेत्रीय मुद्दों पर आपसी सहयोग मजबूत करना चाहिए। ठीक उसी तरह जैसे हमने कभी एक साथ पंचशील समझौते पर हस्ताक्षर किया था। वही पंचशील सिद्धांत, जो अंतरराष्ट्रीय संबंधों का आधार बन चुका है।

भारत जिस तरह से अनुच्छेद 370 को अपना घरेलू मुद्दा बनाकर कड़ा रुख अपना चुका है उससे यह तो तय है कि ऐतिहासिक विरासतों और ताजा आर्थिक संबंधों पर बात करने के



दौरान इस मुद्दे पर परहेज ही रखा जाएगा। वैसे भी संयुक्त राष्ट्र में अपने भाषण के दौरान भारत के केंद्रीय नेतृत्व पर निजी हमलों के कारण और कश्मीर को लेकर जेहादी जैसे भाषण और बार-बार परमाणु हथियारों की धमकी देकर इमरान खान ने अपनी छवि एक खलनायक की बना डाली है। आज जब पाकिस्तान दिवालिया होने के कगार पर है तो उसके अगुआ का विश्व मंच पर कश्मीर के लिए प्रलाप असहज करने वाला ही है। ऐसे समय में भारत में कश्मीर पर शी जिनपिंग कोई असहज करने वाला पक्ष रखेंगे, इसकी उम्मीद बहुत कम ही है।

आज की दुनिया में सारे देशों ने अपनी सामरिक शक्ति में जबरदस्त इजाफा कर लिया है। सैन्य शक्ति के स्तर पर समृद्ध होने के अपने मायने हैं, लेकिन आज सामरिक शक्ति और आर्थिक समृद्धि में गहरा संबंध है। वो मध्यकालीन सामंती मानसिकता पीछे छोड़ दी गई है जब हर देश आक्रमण, आक्रमण की बात करता रहता था। आज कुछ ही देश हैं जिन्होंने सामरिक आधार पर आर्थिक ताकत बनाए रखने का उपक्रम जारी रखा है जिसमें अमेरिका अपना मजबूत दखल रखता है। आज यही दखल उसके लिए समस्या भी है। चूंकि वह सामरिक तकनीक को बेचता है तो उसे इसके लिए बाजार भी खोजना होता है, जो बीसवीं सदी की अर्थव्यवस्था का अहम ढांचा रहा है।

इसके साथ जापान और बांग्लादेश जैसे देश भी हैं जिन्होंने सामरिक शक्ति बनने से परहेज कर अर्थव्यवस्था का दूसरा ढांचा अपनाया है। पाकिस्तान और बांग्लादेश भारत की जमीन से अलग हुए दो आजाद मुल्क हैं लेकिन आज भारत के साथ दोनों के रिश्ते अलग तरह के हैं। भारत के साथ सामरिक स्तर पर लड़ने के कारण आज पाकिस्तान बर्बादी के कगार पर पहुंच चुका है। दूसरी ओर बांग्लादेश जैसे छोटे देश ने युद्ध के बजाए संवाद के रिश्ते को अहमियत दी, सामरिक हैसियत के बजाए आर्थिक हैसियत को मजबूत करने की कोशिश की। भारत और बांग्लादेश के बीच भी भौगोलिक और अन्य समस्याएं हैं जिन्हें सैनिकों के बजाय संवादों से सुलझाने पर जोर रहता है। इसी संवाद के सहारे बांग्लादेश अपनी अर्थव्यवस्था मजबूत कर रहा है।

यहीं से सवाल आता है कि आज की तारीख में भारत और चीन के बीच रिश्ते का ढांचा क्या हो? आज हम रफाल जैसे युद्धक विमान दूसरे देशों से खरीद कर अपनी सामरिक जरूरत पूरी कर रहे हैं, और कूटनीतिक स्तर पर संवाद के ही पैरोकार हैं, विश्व मंच पर हम युद्ध नहीं बुद्ध की बात करते हैं। आज चीन के राजदूत जब पंचशील सिद्धांत की बात करते हैं तो यह हमारी एक बड़ी नैतिक जीत है जिसे उल्लेखित किया ही जाना चाहिए। चीन के राजदूत ने इशारा कर दिया है कि सामरिक और कूटनीतिक समस्या को पंचशील के आधार पर सुलझा कर आर्थिक ताकतें बात कर सकती हैं।

आज वैश्विक बाजार का जो संकट है वह अमेरिका, चीन से लेकर भारत के लिए अलग तरह का है। चीन और भारत के घरेलू हालात भी अलग हैं। चीन और भारत की साझेदारी में भारत को व्यापारिक घाटा ज्यादा उठाना पड़ रहा है। इसलिए इस मुद्दे पर सकारात्मक ढंग से बातचीत की पूरी उम्मीद हम कर सकते हैं। भारत मोबाइल नेटवर्क का बहुत बड़ा बाजार है और अमेरिका चीन की कंपनी हुवैई के जासूसी संयंत्र को लेकर सतर्क कर चुका है तो उसे भी अपनी विश्वसनीयता बहाल करनी है। चीन जिस हिसाब से भारतीय उपभोक्ता बाजार का फायदा उठा रहा है उसके संतुलन पर भी बहस की मांग है ही।

इन सबके बीच सबसे बड़ा सच यह है कि जब तक आप आर्थिक ताकत नहीं हैं तो दुनिया में कूटनीति के खिलाड़ी नहीं बन सकते हैं। आज चीन पंचशील का सुझाव दे रहा है तो यह स्वागत भरा कदम है। इसी के जरिए भारत और चीन की तरक्की ज्यादा और दो महाबलियों की टकराहट कम हो सकती है। भारतीय पक्ष संयुक्त राष्ट्र में कह चुका है कि कूटनीति में शब्दों और भावों की अपनी अहमियत होती है। नस्लीय श्रेष्ठता, बंदूक उठाएं और अंत तक लड़ने वाली मध्यकालीन भाषा की आज कोई जगह नहीं है। महाबलियों के मिलन स्थल मामल्लापुरम में भारत और चीन का अतीतव्यामोह रिश्तों का नया रेशमी रास्ता खोले इसी की उम्मीद की जानी चाहिए। अहम पड़ोसी देश के साथ संवाद के इस नए अध्याय का विश्लेषण तो लंबे समय तक चलता ही रहेगा, फिलहाल इस सकारात्मक माहौल का स्वागत।

इस विशेष पन्ने पर आपके ढेरों पत्र हमें लगातार मिलते हैं। हर बार मुमकिन नहीं कि सारे पत्रों का हम इस्तेमाल कर पाएं। पर यह तो तय है कि आपके पत्रों से आपकी पसंद और विषयों के चुनाव में हमें मदद मिलती है। इस बार का यह विशेष पन्ना आपको कैसा लगा? आप अपनी राय भेज सकते हैं। हमारी ई-मेल आइडी है : vishesh.jansatta@expressindia.com

आपके पत्र

मांझी जब नाव डुबोए

डूबती व्यवस्था के लेखन से ज्यादा मर्मांतक है उस पल को जीना जिसे हम पटनावासियों ने पिछले हफ्ते देखा-समझा और तिल-तिल जीया। व्यवस्था को मात्र उत्तरदायी करार देने में बुनियादी सवाल है, अपने आचरण को कठघरे में खड़ा करके निष्पक्ष भाव से पैदा हालात की मीमांसा करना। अनगिनत कारणों से शहरीकरण की ओर हमारा आकर्षण और इस हेतु नित्य नियमों के साथ खेलते असंख्य भवन निर्माण की अदम्य जुगाड़ तकनीक ने हमें अब निढाल कर छोड़ा है। शासन को जिम्मेदारी देने से अच्छा होता जब हम अनुशासन में रहकर भवन निर्माण नियमावली के अंशों का पालन करते। पटना का मास्टर प्लान करीब 20 सालों की जद्दोजहद के बाद अंतिम रूप से 2014 में पारित हुआ। लेकिन आज भी वह लालफीताशाही के शिकंजे में कैद है और पटना की जल निकासी की पुरातन बुनियादी संरचना किसी क्रांतिकारी कदम की चाह में प्रलापित है। सिर्फ मुख्यमंत्री को दोष देनेवाले बड़बोले बाबू कभी नीतीश सरकार के अहम अंग रहे हैं। लेकिन उन्होंने आज के हालात पर कोई बौद्धिक ज्ञान की पोटली नहीं खोली, जबकि उनके राजकाज में भी ऐसी विदारक हालत हुई थी। काश! ऐसे बयान बहादुर लोग राजनीति की रोटी सेंकने की जगह पीड़ित परिवारों को अपने असीमित संसाधन से सहायता मुहैया करा पाते और मिल-बैठकर समस्या के निदानार्थ कुछ सूत्र तलाशते। पटना की सड़कों पर जलजमाव के कालेपन में कुछ हद तक क्षुद्र राजनीति के रंग भी मिले दिखते हैं। हां, यह समय की मांग है कि तंत्र की विफलता के जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई हो।

-**डॉ. अशोक कुमार**, पटना।

नाच रहा भ्रष्टाचार का बेताल

पिछले वर्ष हिमाचल प्रदेश में अवैध निर्माण के तहत एक होटल की इमारत को गिराने का आदेश देती एक सरकारी महिला अधिकारी की उस होटल के मालिक ने ही गोली मारकर हत्या कर दी थी। यदि इस अनधिकृत निर्माण के समय ही प्रशासन सचेत हो जाता तो इस दुर्घटना की नौबत ही क्यों आती? सरकारी नीतियों के ढांचे में बने सुराखों के भीतर झांकने पर उनमें स्वार्थ और भ्रष्टाचार के बेताल नाचते नजर आते हैं। शहरों में निर्माण कार्यों में कानून का अतिक्रमण प्रशासन के नाक तले होता रहता है जिसका लाभ वोट मांगते समय चुनावी दलों को मिल जाता है। ऐसे में शहरों की सुनियोजित बसावट और नियोजन की जिम्मेदारी कौन लेगा? यदि वोट की राजनीति के लोलुप भंवर से निकलकर सरकारी नीतियों को ईमानदारी से कार्य रूप दिया जाए तो किसी डूबते शहर पर सवाल उठाने की गुंजाइश ही खत्म हो जाएगी। वरना व्यवस्था की डूबती नाव को बचा पाना बहुत मुश्किल हो जाएगा।

-**सुमन शर्मा**, रोहिणी, दिल्ली।

हर साल की बात

हर साल बरसात के मौसम में देश के विभिन्न राज्य बाढ़ की चपेट में आते है, लेकिन न तो केंद्र सरकार और न ही राज्य सरकारें इस आपदा से निपटने के लिए पहले से कमर कस के रखती हैं। जब कहीं बारिश आफत बनती है तो सरकारें और प्रशासन कुंभकर्णी नींद से जागकर इस पर मुआवजे और सांत्वना का मरहम लगाकर अगले मानसून तक लंबी तान के सो जाते हैं। इसके लिए हर बार सरकारों और प्रशासन को फटकार हर कोई लगाता है। लेकिन, जिस देश में भ्रष्टाचार चरम पर हो, नगर निगम के भ्रष्ट अफसरों और कर्मचारियों को किसी का खौफ न हो, वहां बारिश आफत नहीं बनेगी तो और क्या होगा?

-**राजेश कुमार चौहान**, जलंधर।

कुदरत से खिलवाड़

तीखे सवालों का तीखा जवाब समस्या का सामाधान नहीं हो सकता. पिछले कुछ सालों में मुंबई से पटना और चेन्नई से चंडीगढ़ तक की सरकारें औसत बरसात का सामना करने में हांफती रही हैं। शहरी सड़कों पर नाव में बैठ कर दूसरे राज्यों की आड़ ले कर डूबती व्यवस्था का बचाव करना खोखली सियासत है। कुदरत का कहर अपने हाथों में नहीं मगर कुदरत से खिलवाड़ करने का हक भी तो नहीं है। ढेर सारे कानून का बोझ सिर पर ले कर व्यवस्था खुद पानी में डूब जाए तो तसल्ली के लिए गैरों की मिसाल दे कर बच निकलना ही बेहतर है। हवा-पानी के खिलाफ काम करने वालों के लिए कानून का पन्ना स्याह क्यों हो जाता है? आपदा प्रबंधन और सेना का इस्तेमाल नालियों की सफाई के लिए किया जाए यह किसी भी सूबे के लिए शर्मनाक है। नए बसने वाले शहर-मुहल्लों के घर छोटे हों मगर नालियां पुख्ता बने ताकि बरसाती पानी बेरोक टोक बहता रहे। वरना पानी पर उतराते हुए स्मार्ट शहर मखमल पर टाट का पैबंद ही दिखेंगे।

-**एमके मिश्रा**, मां आनंदमयीनगर, रातू।

राजपाट

उलटबांसी

पुरानी कहावत है कि जिसकी लाठी उसकी भैंस। महाराष्ट्र में शिवसेना का नेतृत्व इस कहावत से अनभिज्ञ हो, यकीन नहीं होता। फिर क्यों उद्धव ठाकरे और उनके चंपू बार-बार दुहाई देते रहे कि विधानसभा चुनाव तो भाजपा और शिवसेना मिलकर ही लड़ेंगे पर सीट दोनों की बराबर यानी 144-144 ही रहेंगी। भाजपा ने शिवसेना नेताओं के बयानों पर तो चुप्पी ही साधे रखी पर आलाकमान ने अपने क्षत्रपों के जरिए संदेश उद्धव को साफ भेज दिया कि या तो 120 के आंकड़े को मान लें नहीं तो भाजपा की 288 उम्मीदवारों की अपनी सूची तैयार है। बाल ठाकरे को उनके समर्थक मराठी शेर कहते थे। जब तक ठाकरे थे, भाजपा और शिवसेना के बीच छोटे और बड़े भाई का ही रिश्ता रहा। यहां तक कि 1995 में पहली बार दोनों दलों की साझा सरकार बनी तो मुख्यमंत्री का पद शिव सेना के लिए आरक्षित रहा। यही फार्मूला 2014 के लोकसभा चुनाव तक दोनों दलों ने माना। विधानसभा चुनाव में गठबंधन की तरफ से मुख्यमंत्री का पद शिवसेना के लिए ही बना रहा। लोकसभा के 1996 के चुनाव में भाजपा को 18 और शिवसेना को 15 सीटें मिली थीं पर भाजपा ने तब भी पैतरेबाजी नहीं दिखाई। वह दौर वाजपेयी-आडवाणी का था। प्रमोद महाजन दोनों दलों की मैत्री के सूत्रधार थे। लेकिन आलाकमान की भाजपा अलग है। मोदी के नेतृत्व की 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को 24 में से 23 सीटों पर कामयाबी मिली थी। जबकि शिवसेना 20 में से 18 ही जीत पाई थी। उसी साल विधानसभा चुनाव हुए तो भाजपा ने बराबर की सीटें मांगी। उद्धव ठाकरे इसके लिए राजी नहीं हुए। लिहाजा पच्चीस साल पुरानी दोस्ती टूट गई। दोनों ने अलग-अलग चुनाव लड़ा। भाजपा ने 260 उम्मीदवार उतारे और 122 सीटें जीत ली। शिवसेना ने उससे 22 ज्यादा यानी 282 उम्मीदवार खड़े किए। पर कामयाबी महज 63 पर ही मिल पाई। त्रिशंकु विधानसभा में छोटी पार्टी होकर भी मुख्यमंत्री का पद मांग लिया शिवसेना ने। आलाकमान ने नकार दिया और शरद पवार की पार्टी का समर्थन लेने की धमकी दी तो उद्धव ठाकरे राह पर आ गए। उसी का अंजाम है कि इस बार झुक कर चुपचाप कर लिया भाजपा से तालमेल। काश! समझ पाते कि सियासी रिश्ते खून के रिश्ते नहीं होते कि जो बड़ा है, वही हमेशा बड़ा रहे। सियासी रिश्तों में बड़ा कब छोटा हो जाए, पता भी नहीं चलता। फिर बाल ठाकरे के दौर की शिवसेना अब बची कहां है? एक तो राज ठाकरे अलग हो गए ऊपर से उद्धव वैसी धमक नहीं बना पाए। कहीं कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस का 2014 की तरह इस बार भी गठबंधन न हुआ तो आलाकमान इतनी सीटें भी न देते उद्धव को।

वक्त का फेर

बकरे की मां आखिर कब तक खैर मनाएगी। राजस्थान में भाजपा के शिखर नेतृत्व ने पार्टी की अब तक सबसे कद्दावर क्षत्रप रही वसुंधरा राजे के सब्र का जैसे इम्तिहान लेने की ठान ली है। वे पिछले साल सूबे की सत्ता से क्या हटीं, उनकी चौतरफा अनदेखी ही शुरू कर दी। न केंद्रीय मंत्रिमंडल के गठन में उनसे सलाह ली और न उन्हें विधायक दल का नेता बनाया। नया सूबेदार भी उनसे परामर्श किए बिना ही नियुक्त कर दिया। सो, वे अब अपनी नाराजगी छिपा नहीं पा रहे। भले पार्टी आलाकमान कोई परवाह न करे। सतीश पूनिया को पार्टी का नेतृत्व सौंपना वसुंधरा को अखरा है। तभी तो दशहरे के मौके पर भाजपा दफ्तर में हुए पार्टी के समारोह में नहीं दिखीं। जबकि आलाकमान के दूत प्रकाश जावड़ेकर और सूबे के तमाम बड़े नेता मौजूद थे। दस हजार कार्यकर्ताओं को जुटा लिया था पूनिया ने अपने सम्मान में। अनुशासनहीनता का आरोप न लगे, इसका रास्ता भी खोज लिया था वसुंधरा ने। कन्या पूजन और कुछ दूसरे कार्यक्रम धौलपुर में पहले ही तय कर दिए थे। हेकड़ी की अपनी कार्यशैली को पलक झपकते तो बदल नहीं सकती। जो पूनिया उनके सामने बैठने की भी हिम्मत नहीं कर पाते थे, वैसे नौजवान के आगे वे भला नतमस्तक कैसे हो सकती हैं। उन्होंने तो राजनाथ सिंह और प्रधानमंत्री को अहमियत नहीं दी थी। मोदी के 2014 के शपथ ग्रहण समारोह पर अमेरिका चली गई थीं। काश समझ पातीं कि समय बलवान तो होता ही है, परिवर्तनशील भी होता है। हठधर्मिता तभी तक चलती है, जब तक ताकत पास हो। नई भाजपा में आलाकमान को आंख दिखाने की मजाल किसी क्षत्रप की नहीं। हवा के रुख को भांप कर खुद को बदल लेतीं तो प्रेम कुमार धूमल की तरह कम से कम अपने सांसद पुत्र को तो स्थापित करा ही सकती थीं।

छूटे ना मोह

साधू-संत-महंत और संन्यासी को कहने को तो दुनियादारी से कोई मोह नहीं पालना चाहिए। पर हकीकत में उलटा है। अपने भक्तों और अनुयायियों को तो ये साधू महात्मा त्याग का पाठ पढ़ाते हैं, मोह-माया के जाल में न उलझने की नसीहत देते हैं। पर खुद उनके माल पर नजर गड़ाए रखते हैं। और तो और धर्म को राजनीति से ऊपर बताते-बताते खुद राजनीतिक बियाबान में खो जाने को लालायित दिखते हैं। हरिद्वार में इन साधू-संतों की लीला आसानी से देख सकता है कोई भी। दांवपेच इन दिनों अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद की सियासत में आजमाए जा रहे हैं। परिषद के अध्यक्ष महंत नरेंद्र गिरि और महामंत्री महंत हरि गिरि ने ऐसा दांव खेल दिया कि आरएसएस के समर्थक साधू-संन्यासी धराशायी नजर आए। दरअसल हरिद्वार में जनवरी 2021 में कुंभ का आयोजन होगा। उससे एक साल पहले ही अखाड़ा परिषद का चुनाव हो जाना चाहिए। पर नरेंद्र गिरि और हरि गिरि ने कनखल स्थित पंचायती उदासीन अखाड़े में कनखल की बैठक बुला ली। बैरागी संप्रदाय के महंत राजेंद्र दास ने इस बैठक में नरेंद्र गिरि को ही दोबारा अध्यक्ष और हरि गिरि को महामंत्री बनाने का प्रस्ताव रख दिया। पंचायती उदासीन अखाड़े के महंत भगत राम ने उठ कर समर्थन कर दिया और फिर मौजूद बाकी साधू-संतों ने दोनों को फूल-मालाओं से लाद दिया। पांच साल के लिए फिर अखाड़ा परिषद पर काबिज हो गए नरेंद्र गिरि और हरि गिरि। पाठकों को याद दिला दें कि नरेंद्र गिरि यूपी के मुख्यमंत्री रहे सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के खास माने जाते हैं। संघी खेमा उनकी जगह अपने पसंदीदा एक महंत को अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष की कुर्सी पर बिठाने की जुगत भिड़ा रहा था कि नरेंद्र गिरि ने पहले ही शतरंज की बिसात बिछा गोटियां अपने पक्ष में फिट कर ली।

(प्रस्तुति : अनिल बंसल)

चिदंबरम को कोर्ट में 14 अक्तूबर को पेश होने के लिए वारंट जारी

नई दिल्ली, 11 अक्तूबर (भाषा)।

दिल्ली की एक अदालत ने प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दर्ज आइएनएक्स मीडिया धनशोधन मामले में शुक्रवार को पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम को 14 अक्तूबर को पेश होने के लिए वारंट जारी किया। विशेष न्यायाधीश अजय कुमार कुहार ने वारंट जारी किया और चिदंबरम को 14 अक्तूबर को अपराह्न तीन बजे अदालत के समक्ष पेश होने का निर्देश दिया। इससे पहले ईडी ने मामले में पेशी वारंट जारी करने की मांग की थी। एजंसी ने अपनी याचिका में कहा कि उसे चिदंबरम से हिरासत में पूछताछ की जरूरत है। चिदंबरम सीबीआइ द्वारा दर्ज आइएनएक्स मीडिया भ्रष्टाचार मामले में फिलहाल तिहाड़ जेल में बंद हैं।

इससे पहले दिल्ली हाई कोर्ट ने पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम और उनके बेटे कार्ति से शुक्रवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की एक याचिका पर जवाब मांगा। इस याचिका में एअरसेल-मैक्सिस मामले में दोनों को मिली अग्रिम जमानत को चुनौती दी गई है। न्यायमूर्ति सुरैश कैत ने चिदंबरम और कार्ति को उनकी अग्रिम जमानत रद्द करने संबंधी एजंसी की याचिका पर नोटिस जारी किया। अदालत ने मामले में अगली सुनवाई के लिए 29 नवंबर की तारीख तय की है। इसी मामले में पूर्व दूरसंचार मंत्री दयानिधि मारन और अन्य को आरोपमुक्त करने के निचली अदालत के फैसले को चुनौती देने वाली सीबीआइ और ईडी की याचिका पर भी साथ में सुनवाई होगी।

एअरसेल-मैक्सिस मामले में चिदंबरम और उनके बेटे को आरोपी बनाए जाने से पहले, एक विशेष अदालत ने दो फरवरी 2017 को द्रमुक नेता दयानिधि मारन, उनके भाई कलानिधि मारन और अन्य को इसी मामले में आरोपमुक्त कर दिया था। बाद में दोनों एजंसियों, ईडी व सीबीआइ ने पूरक आरोप-पत्र दायर कर घोटाले में चिदंबरम को नामजद किया। आइएनएक्स मीडिया भ्रष्टाचार मामले में सीबीआइ द्वारा गिरफ्तार किए जाने के बाद से 74 वर्षीय चिदंबरम तिहाड़ जेल में बंद हैं।

ईडी का पक्ष रख रहे सॉलिसीटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि विशेष न्यायाधीश ने पांच सितंबर को चिदंबरम व कार्ति को अग्रिम जमानत देने संबंधी फैसला, सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर विचार किए बिना सुना दिया था। आइएनएक्स मीडिया मामले में उच्चतम न्यायालय का फैसला भी उसी दिन (पांच सितंबर) आया था। जांच एजंसी ने कहा कि निचली अदालत ने इस तथ्य पर गौर नहीं किया कि आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ करने की जरूरत थी और अदालत का यह कहना कि अपराध की प्रकृति गंभीर नहीं है, यह पूरी तरह से कानून सम्मत नहीं है।

'उन्नाव पीड़िता से तीन दिन तक सामूहिक बलात्कार'

नई दिल्ली, 11 अक्तूबर (भाषा)।

सीबीआइ ने शुक्रवार को दिल्ली की अदालत को बताया कि उन्नाव दुष्कर्म पीड़िता का 2017 में कथित रूप से अपहरण करने के बाद तीन लोगों ने अलग-अलग जगहों पर नौ दिन तक उसका बलात्कार किया और उस समय वह नाबालिग थी। यह मामला निष्कासित भाजपा विधायक कुलदीप सिह सेंगर द्वारा 2017 में महिला के कथित बलात्कार के मामले से अलग है।

मामले से जुड़े एक वकील ने बताया कि बंद कमरे में हुई अदालत की कार्यवाही के दौरान जिला न्यायाधीश धर्मेश शर्मा ने सामूहिक बलात्कार मामले में सीबीआइ द्वारा दायर आरोप पत्र का संज्ञान लिया और मामले को आगे की सुनवाई के लिए 15 अक्तूबर के लिए सूचीबद्ध किया।

सीबीआइ ने अपने आरोप पत्र में भारतीय दंड संहिता की धाराओं 120बी (आपराधिक षड्यंत्र), 363 (अपहरण), 366 (अपहरण या महिला को शादी के लिए मजबूर करना), 376 डी (एक से अधिक लोगों द्वारा यौन उत्पीड़न) और बाल यौन अपराध संरक्षण अधिनियम (पोक्सो) की धाराओं तीन और चार (बलात्कार एवं सजा) के तहत आरोपियों के रूप में तीन लोगों- नरेश तिवारी, बृजेश यादव और शुभम सिह को नामजद किया है।

पंजाब-हिमाचल प्रदेश सीमा पर तलाशी अभियान

पठानकोट, 11 अक्तूबर (भाषा)।

पुलिस ने 'सामान्य सतर्कता' के तहत शुक्रवार को पंजाब और हिमाचल प्रदेश के बीच सीमावर्ती इलाके में तलाशी अभियान चलाया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने कहा कि दोनों राज्यों के सीमावर्ती इलाकों में अलर्ट जारी होने के बाद तलाशी अभियान चलाया गया। पुलिस महानिरीक्षक (आइजीपी) सुरिंदर पाल सिंह परमार ने कहा कि 'सामान्य सतर्कता' के तहत शुक्रवार को पठानकोट-हिमाचल प्रदेश के बीच सीमावर्ती इलाके में तलाशी अभियान चलाया गया।

अधिकारियों ने कहा कि जिस जगह तलाशी अभियान चलाया गया वह अधिकतर वन क्षेत्र है। आइजीपी ने कहा कि अभी तक सीमा से लगे पठानकोट क्षेत्र में कोई ड्रोन नहीं देखा गया है, लेकिन पुलिस और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) सतर्कता बरत रहे हैं।

1.1 फीसद घटा अगस्त में औद्योगिक उत्पादन

पेज 1 का बाकी

में भारी गिरावट की वजह औद्योगिक उत्पादन घटा है। दो साल में यह पहला मौका है जबकि औद्योगिक उत्पादन नकारात्मक दायरे में आया है। अगस्त, 2018 में औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आइआइपी) 4.8 फीसद बढ़ा था।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा आंकड़ों के अनुसार, अगस्त में विनिर्माण क्षेत्र का उत्पादन 1.2 फीसद घट गया। अगस्त, 2018 में विनिर्माण क्षेत्र का उत्पादन 5.2 फीसद बढ़ा था। आइआइपी में विनिर्माण क्षेत्र की हिस्सेदारी 77 फीसद है। इससे पहले अक्तूबर, 2014 में विनिर्माण क्षेत्र का उत्पादन 1.8 फीसद घटा था।

समीक्षाधीन महीने में बिजली क्षेत्र का उत्पादन 0.9 फीसद नीचे आया। अगस्त, 2018 में बिजली क्षेत्र का उत्पादन 7.6 फीसद बढ़ा था। वहीं खनन क्षेत्र के उत्पादन की वृद्धि 0.1 फीसद पर स्थिर रही। इसी माह रिजर्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर के अनुमान को घटाकर 6.1 फीसद कर दिया है। इससे पहले केंद्रीय बैंक ने वृद्धि दर 6.9 फीसद रहने का अनुमान लगाया था। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में जीडीपी की वृद्धि दर घटकर छह साल के निचले स्तर पांच फीसद पर आ गई है।

एनएसओ के आंकड़ों के अनुसार अगस्त में सबसे खराब प्रदर्शन पूंजीगत सामान क्षेत्र का रहा। समीक्षाधीन महीने में पूंजीगत सामान का उत्पादन 21 फीसद से अधिक घट गया। पिछले साल समान महीने में पूंजीगत सामान का उत्पादन 10.3 फीसद बढ़ा था।

टिकाऊ उपभोक्ता सामान क्षेत्र का उत्पादन भी 9.1 फीसद घट गया। अगस्त, 2018 में यह 5.5 फीसद बढ़ा था। बुनियादी ढांचा-निर्माण क्षेत्र का प्रदर्शन भी काफी खराब रहा। इस क्षेत्र में 4.5 फीसद की गिरावट आई। अगस्त, 2018 में इस क्षेत्र ने आठ फीसद की वृद्धि दर्ज की थी। हालांकि, समीक्षाधीन महीने में 'मध्यवर्ती वस्तुओं' के उत्पादन में अच्छी सात फीसद की वृद्धि दर्ज हुई। एक साल पहले समान महीने में इस क्षेत्र का उत्पादन 2.9 फीसद बढ़ा था। अगस्त में उपभोक्ता गैर टिकाऊ सामान क्षेत्र के उत्पादन की वृद्धि घटकर 4.1 फीसद रह गई। एक साल पहले समान महीने में इस क्षेत्र का उत्पादन 6.5 फीसद बढ़ा था। उद्योगों के संदर्भ में बात की जाए, तो विनिर्माण क्षेत्र के 23 में से 15 उद्योग समूहों के उत्पादन में गिरावट आई। फिच ग्रुप की रेटिंग एजेंसी इंडिया रेटिंग्स के मुख्य अर्थशास्त्री देवेंद्र कुमार पंत ने इन आंकड़ों पर टिप्पणी करते हुए कहा यह नरमी मांग में कमी की वजह से है और राजकोषीय तंगी के कारण सरकार के पास मांग को प्रोत्साहित करने के लिए ज्यादा गुंजाइश नहीं है।

पाकिस्तानी गोलाबारी में सेना का जवान शहीद

जम्मू, 11 अक्तूबर (भाषा)।

जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में शुक्रवार को नियंत्रण रेखा के पास पाकिस्तान की ओर से हुई गोलीबारी और गोलाबारी में एक जवान शहीद हो गया। रक्षा प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने कहा कि जम्मू जिले के अखनूर सेक्टर में पाकिस्तानी गोलीबारी में दो जवान घायल हो गए।

उन्होंने कहा, शुक्रवार सुबह पांच बजकर 50 मिनट से सात बजकर 30 मिनट के बीच नौशेरा सेक्टर में संघर्षविराम का उल्लंघन हुआ। प्रवक्ता ने कहा कि पाकिस्तान के सैनिकों द्वारा गोलीबारी और गोलाबारी के दौरान, एक जवान नायक सुभाष थापा (25) घायल हो गया। उसे उधमपुर के सैन्य कमान अस्पताल ले जाया गया, लेकिन बाद में उसकी मौत हो गई।

ग्यारह तिब्बती प्रदर्शनकारी गिरफ्तार

पेज 1 का बाकी

लिया। अपनी दो दिवसीय यात्रा के दौरान चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग इसी होटल में ठहरने वाले हैं। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस तिब्बती झंडे के साथ मौजूद एक शख्स को वहां से दूर ले गई और यहां पहुंचने के बाद चीनी राष्ट्रपति जिस होटल में ठहरने वाले हैं उसके बाहर अचानक प्रदर्शन की कोशिश कर रहे चार अन्य को भी दूर ले गई। कुछ पुलिसकर्मी प्रदर्शनकारी को एक ऑटोरिक्शा में बैठा कर दूर ले गए, जबकि चार अन्य को पुलिस वाहन में ले जाया गया। इस बीच हवाईअड्डा पुलिस ने बताया कि उन्होंने शी के पहुंचने से पहले हवाईअड्डा पर प्रदर्शन की कोशिश कर रहे छह तिब्बतियों को हिरासत में लिया।

कांग्रेस ने किया कर्ज माफी, मुफ्त बिजली का वादा

पेज 1 का बाकी

के अंदर किसानों के कर्ज माफ कर दिए जाएंगे। कांग्रेस ने राज्य में सरकार बनने पर किसानों और घरेलू उपभोक्ताओं की श्रेणियों में मुफ्त बिजली तथा डिग्री धारकों को बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया।

पार्टी ने महिलाओं के विकास के लिए उन्हें सभी सरकारी नौकरियों में 33 फीसद आरक्षण, स्थानीय निकाय चुनावों में 50 फीसद आरक्षण, 5100 रुपए की पेंशन से लेकर बीपीएल महिलाओं को हर महीने चूल्हा खर्च से लेकर रोडवेज की मुफ्त यात्रा करवाने का संकल्प लिया है। वहीं युवाओं पर भी डोरे डालते हुए हर परिवार को एक नौकरी से लेकर रोजगार मिलने तक 10 हजार तक भत्ता और निजी क्षेत्र की नौकरियों में हरियाणा को युवाओं को 75 फीसदी आरक्षण देने का संकल्प लिया है।

पार्टी ने सत्ता में आने के 24 घंटे के भीतर भूमिहीन किसान का कर्ज तुरंत माफ करने, गरीब किसान को मुफ्त बिजली, सरकार बनते ही फसल बीमा की किश्तों का बोझ हटाने जैसे वादे कर प्रदेश के सबसे बड़े वोट बैंक को लुभाने की कोशिश की है। इसी तरह दलितों, कर्मचारियों और मजदूरों सहित तमाम वर्गों को लुभाने की कोशिश की गई है। पार्टी ने हरियाणा की राजनीति में मुद्दा बनते रहे बुढ़ापा पेंशन को 5100 रुपए प्रतिमाह करने पेंशन की उम्र पुरुषों के लिए 58 साल जबकि महिलाओं के लिए 55 साल करने का वादा किया है।

कुल मिलाकर सत्तारूढ़ भाजपा के 75 प्लस के लक्ष्य को कमजोर करने के लिए कांग्रेस तमाम जतन करती हुई नजर आ रही है। कांग्रेस ने अपने 21 पेज के संकल्प पत्र के जरिए एक तरह से भाजपा सरकार के बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के नारे के मुकाबले नए वादे कर पूरे चुनावी खेल को रोचक बनाने की कोशिश की है। हरियाणा में करीब 85 लाख महिला मतदाता हैं और इनमें युवा महिलाओं की संख्या काफी ज्यादा है। इन दो बड़े वर्गों से वायदे करते हुए पार्टी बुजुर्गों के लिए पेंशन और किसानी के लिए अपनी सोच सामने लेकर आई है।

हरियाणा में संकल्प पत्र

पेज 1 का बाकी

- किसानों का कर्ज सरकार बनते ही 24 घंटे के अंदर माफ। भूमिहीन किसानों का भी कर्ज माफ।
- 300 यूनिट तक बिजली माफ व उससे ऊपर के रेट आधे किए जाएंगे।
- फसलों की बिक्री आनलाइन होगी।
- गरीबों को 100 गज के प्लाट व मकान के लिए डेढ़ लाख की राशि दी जाएगी।
- कर्मचारियों को सातवां वेतन आयोग व नई नीति के तहत पेंशन दी जाएगी।
- हर परिवार में एक रोजगार सुनिश्चित किया जाएगा।
- सभी तरह की पेंशन को 5100 प्रतिमाह किया जाएगा।
- एससी/एसटी छात्रों को हर महीने 12 हजार का वजीफा।
- हर जिले में मेडिकल कॉलेज व यूनिवर्सिटी बनाई जाएगी।
- नशा तस्करी रोकने के लिए विशेष एसटीएफ का गठन।
- उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए व्यापार आयोग का गठन।
- पत्रकारों का बस किराया व टोल माफ, 20 हजार की पेंशन व कैशलेस इलाज

राहुल ने खुद को बताया बेकसूर, मिली जमानत

पेज 1 का बाकी

पेश हुए, जो कि नोटबंदी के बाद नोटों की अदला-बदली में अमदाबाद जिला सहकारी (एडीसी) बैंक की संलिप्तता के उनके दावे से संबंधित है। शाह बैंक के निदेशकों में से एक हैं। शाह को हत्या का आरोपी कहने के कारण राहुल के खिलाफ भाजपा पार्षद कृष्णवदन ब्रह्मभट्ट द्वारा दायर अवमानना मामले में सुनवाई करते हुए अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट आरबी इटालिया ने कांग्रेस नेता को दस हजार रुपए की जमानत राशि पर जमानत दे दी। राहुल ने मामले में खुद को बेकसूर बताया।

राहुल के वकील ने अदालत से कांग्रेस नेता को व्यक्तिगत पेशी से छूट देने का अनुरोध किया। इस पर अदालत ने कहा कि वह मामले में सात दिसंबर को सुनवाई करेगी।

लोकसभा चुनाव से पहले जबलपुर में एक चुनावी रैली में राहुल ने कहा था, 'हत्या के आरोपी भाजपा प्रमुख अमित शाह। वाह क्या शान है।' शिकायतकर्ता ने अपने मानहानि मुकदमे में कहा कि 2015 में सोहराबुद्दीन शेख फर्जी मुठभेड़ मामले में शाह को बरी कर दिया गया था, लेकिन राहुल ने शाह पर झूठे आरोप लगाए।

एडीसी बैंक मानहानि मामले में अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एनबी मुंशी की अदालत में राहुल गांधी के पेश होने के बाद उनके वकील ने इस मामले में भी उनकी व्यक्तिगत पेशी से छूट देने का अनुरोध किया, जिस पर अदालत ने मामले में सात दिसंबर को सुनवाई की बात कही। राहुल, बैंक एवं इसके अध्यक्ष अजय पटेल की ओर से दायर इस मामले में अदालत में जुलाई में पेश हो चुके हैं, जिसमें उन्होंने खुद को बेकसूर बताया था।

यह मामला राहुल के उस आरोप से संबंधित है जिसमें उन्होंने बैंक पर 2016 में नोटबंदी के दौरान पांच दिन के अंदर 750 करोड़ रुपए की अमान्य मुद्रा को वैध मुद्रा से बदलने के घोटाले में शामिल होने का आरोप लगाया था। वायनाड से सांसद राहुल गांधी मानहानि के एक और मामले में गुरुवार को सूरत की अदालत में पेश हुए थे और वहां भी उन्होंने खुद को बेकसूर बताया था अदालत में पेश हुए थे और वहां भी उन्होंने खुद को बेकसूर बताया था।

जहानाबाद में हिंसा : एक की मौत, तीन घायल

जहानाबाद, 11 अक्तूबर (भाषा)।

बिहार के जहानाबाद में शुक्रवार को सांप्रदायिक हिंसा की ताजा घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि एक सुरक्षाकर्मी समेत तीन लोग घायल हो गए। यहां बृहस्पतिवार को दुर्गा विसर्जन के दौरान दो समुदायों के बीच झड़प हुई थी।

जिलाधिकारी नवीन कुमार ने नवीनतम हिंसा में एक व्यक्ति की मौत और तीन अन्य के घायल होने की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि जकारगंज के बाशिंदों ने शुक्रवार तड़के गौरक्षमी कॉलोनी में विष्णु यादव और बिट्टू कुमार पर हमला किया। विष्णु कुमार की मौत हो गई, जबकि बिट्टू के पैर में गोली लगी। बिट्टू का इलाज चल रहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि हमने जकारगंज के 12 लोगों को गिरफ्तार किया है और उनके घरों से कई तलवार जब्त किए गए हैं।

उन्होंने कहा कि गोलियां चलाने के बाद हमलावरों ने मौके पर पहुंचे सुरक्षाकर्मियों पर पत्थर फेंके। इस घटना में त्वरित कार्यबल के एक कमांडो और एक स्थानीय व्यक्ति घायल हो गए। उनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। उन्होंने कहा कि स्थिति तनावपूर्ण लेकिन नियंत्रण में है।

फासले मिटाने की कवायद

पेज 1 का बाकी

साथ अत्यंत सार्थक दिन का समापन हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी ने कलाक्षेत्र की अद्भुत सांस्कृतिक प्रस्तुति के बाद रात्रिभोज में भारत-चीन साझेदारी को गहरा करने पर अपने विचारों का आदान-प्रदान करना जारी रखा।' इस बात की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई कि मोदी और शी ने कश्मीर मुद्दे पर बातचीत की या नहीं। इस मामले के कारण दोनों देशों के संबंध तनावपूर्ण हो गए थे, लेकिन ऐसी अटकलें लगाई जा रही है कि रात्रिभोज में दोनों देशों के बीच हुई बातचीत के दौरान इसका जिक्र हुआ था।

मोदी ने रात्रिभोज के बाद ट्वीट किया, 'मामल्लापुरम भारत के सबसे खूबसूरत स्थानों में से एक है, यह जीवंतता से भरा है। यह वाणिज्य, अध्यात्म से जुड़ा है और अब यह एक लोकप्रिय पर्यटन केंद्र है। मुझे खुशी है कि मैं और राष्ट्रपति शी जिनपिंग इस खूबसूरत जगह में समय बिता रहे हैं, जो यूनेस्को का धरोहर स्थल भी है। सूत्रों ने बताया कि शी और मोदी ने द्विपक्षीय विकास साझेदारी को नई ऊर्जा देने एवं विवादास्पद मामलों पर मतभेदों से समग्र संबंधों को अलग करने का संकल्प लिया।

बंगाल की खाड़ी को निहार रहे चट्टानों पर उकेरे गए सातवीं सदी के 'पंच रथ' स्मारक की पृष्ठभूमि में शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने नारियल पानी का आनंद लिया और इस खूबसूरत परिदृश्य में अनौपचारिक बातचीत कर के कश्मीर मामले के कारण तनावपूर्ण हुए द्विपक्षीय संबंधों के सहज और सकारात्मक दिशा में बढ़ने का संकेत दिया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रवीश कुमार ने ट्वीट किया, 'यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल पर अनौपचारिक शिखर वार्ता की यह सहज प्रकृति आगे भी जारी रहेगी और यह उच्चतम स्तर पर संपर्कों को गहरा करेगी और भारत-चीन संबध के भविष्य के मार्ग को निर्देशित करेगी।' शी की भारत यात्रा से दो दिन पहले ही चीनी राष्ट्रपति ने बेजिंग में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान से बातचीत की थी।

दक्षिण भारतीय व्यंजनों का आनंद लिया

पेज 1 का बाकी

दोनों नेताओं ने पारंपरिक दक्षिण भारतीय व्यंजनों का आनंद लिया। मिली जानकारी के अनुसार दोनों नेताओं को शानदार रात्रिभोज में अन्य व्यंजनों के साथ साथ दालों से बनाया जाने वाला पारंपरिक दक्षिण भारतीय व्यंजन 'सांभर' भी परोसा गया।

यात्री वाहनों की बिक्री में 11वें महीने भी गिरावट

पेज 1 का बाकी

तेजी दिखी। उसने कहा कि अब कुछ तेजी दिखने लगी हैं और इस बात की उम्मीद है कि सरकार के उपायों से इस तेजी को बनाए रखने में मदद मिलेगी। सियाम के ताजा आंकड़ों के अनुसार, घरेलू बाजार में यात्री वाहनों की बिक्री सितंबर महीने में 23.69 प्रतिशत गिरकर 2,23,317 इकाइयों पर आ गई। पिछले साल इसी महीने 2,92,660 यात्री वाहनों की बिक्री हुई थी। अप्रैल से सितंबर की अवधि के दौरान पिछले साल की तुलना में यात्री वाहनों की बिक्री में 23.56 प्रतिशत की गिरावट आई।

अगस्त में यात्री वाहनों की बिक्री में दो दशक से भी अधिक समय की सबसे बड़ी गिरावट देखने को मिली थी। अगस्त में इसमें 31.57 प्रतिशत की कमी आई थी। सियाम के आंकड़ों के अनुसार, आलोच्य माह के दौरान कारों की घरेलू बिक्री सितंबर 2018 की 1,97,124 इकाइयों की तुलना में 33.40 प्रतिशत गिरकर 1,31,281 इकाइयों पर आ गई। इस दौरान मोटरसाइकिलों की बिक्री पिछले साल की 13,60,415 इकाइयों की तुलना में 23.29 प्रतिशत कम होकर 10,43,624 इकाइयों पर आ गई। यह मोटरसाइकिलों की बिक्री का दो दशक का सबसे निचला स्तर है।

अनुशासन समिति को भेजा दीक्षित के पत्र का मामला

पेज 1 का बाकी

चाको का कहना है कि उन्होंने यह पत्र लीक नहीं किया, बल्कि सोनिया गांधी के पास भेजा था। सूत्रों का कहना है कि सोनिया ने इस मामले को अनुशासनात्मक समिति के पास भेजा है।

दरअसल, संदीप दीक्षित द्वारा पीसी चाको को लिखा गया पत्र फिलहाल सामने नहीं आया है। लेकिन कहा जा रहा है कि उसमें संदीप ने चाको पर गंभीर आरोप लगाए हैं। खबरों के मुताबिक संदीप ने इस पत्र में लिखा है कि उनकी मां (शीला दीक्षित) की मौत के जिम्मेदार वही हैं, क्योंकि चाको के मानसिक उत्पीड़न से उनकी मां का निधन हुआ। पत्र में संदीप ने कथित तौर पर कहा है कि अब चाको इसके लिए माफी मांगें या फिर कानूनी कार्रवाई के लिए तैयार रहें।

कभी शीला के करीबी रहे दिल्ली कांग्रेस के नेताओं- मंगत राम सिंघल, किरण वालिया, रमाकांत गोस्वामी और जितेंद्र कोचर ने चाको पर पत्र लीक करने का आरोप लगाया और उन्हें प्रभारी पद से हटाने की मांग की। इन नेताओं ने कहा कि बतौर प्रभारी चाको की भूमिका की जांच के लिए एक समिति बनाई जाए।

राधास्वामी सत्संग के प्रमुख ने कहा, सिंह बंधुओं का कोई पैसा बकाया नहीं

पेज 1 का बाकी

अपील दायर कर कहा है कि उनके ऊपर मालविंदर और शिविंदर सिंह प्रर्वितत आरएचसी होल्डिंग्स प्राइवेट लि. का कोई पैसा बकाया नहीं है। जापान की फार्मा कंपनी दाइची सान्क्यो ने रैनबैक्सी लैबोरेटरीज के पूर्व प्रवर्तकों मालविंदर और शिविंदर के खिलाफ 3,500 करोड़ रुपए का मध्यस्थता का मामला जीता था। अदालत ने ढिल्लों को निर्देश दिया था कि वह 3,500 करोड़ रुपए के पंचाट निर्णय के क्रियान्वयन के सिलसिले में आरएचसी होल्डिंग्स प्राइवेट लि.को देय धन अदालत में जमा कराएं। ढिल्लों ने अदालत के इस निर्देश के बाद अपील दायर की है। ढिल्लों ने अदालत से कहा कि आरएचसी होल्डिंग्स का यह दावा गलत है कि उनके ऊपर कंपनी का धन बकाया है।

न्यायमूर्ति जेआर मिधा ने ढिल्लों की याचिका पर आरएचसी होल्डिंग्स, सिंह बंधुओं और दाइची से जवाब मांगा है। अदालत ने सितंबर में अपने गार्निशी आदेश में ढिल्लों परिवार सहित तीसरे पक्ष के 55 लोगों और इकाइयों को अपने ऊपर आरएचसी होल्डिंग्स के बकायों की राशि 30 दिन में दिल्ली हाई कोर्ट के महापंजीयक के पास जमा कराएं। गार्निशी आदेश से तात्पर्य कर्ज या बकाये की वसूली को तीसरे पक्ष के खिलाफ आदेश से है।

आतंकियों से डरने की जरूरत नहीं

पेज 1 का बाकी

ने लोगों से पूछा है कि क्या वे दशकों पुरानी डराने धमकाने की चालों के प्रभाव में आते रहेंगे? सरकार ने कहा कि घाटी की भलाई के लिए कश्मीर के लोगों को ही सोचना है। इसमें कहा गया, 'यह हमारा घर है। हमें इसकी भलाई और खुशहाली के बारे में सोचना होगा। डर क्यों?

मालविंदर-शिविंदर चार दिन की पुलिस हिरासत में

पेज 1 का बाकी

दायर याचिका पर नोटिस जारी करने के सवाल पर दिल्ली हाई कोर्ट ने कहा कि इस पर आदेश बाद में दिया जायेगा। इन लोगों को रेलिगेयर फिनवेस्ट लिमिटेड (आरएफएल) के कोष का गबन करने और उसे 2,397 करोड़ रुपए का नुकसान पहुंचाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। धन का अन्य मद में इस्तेमाल करने और दूसरी कंपनियों में निवेश करने के आरोपों में गिरफ्तार लोगों में मलविंदर (44) के अलावा उसका भाई शिविंदर (48), रेलिगेयर एंटरप्राइजेज लिमिटेड (आरईएल) के पूर्व अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक सुनील गोधवानी (58) और आरईएल और आरएफएल में महत्वपूर्ण पदों पर रह चुके कवि अरोड़ा और अनिल सक्सेना शामिल हैं।

दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने सभी आरोपियों को शुक्रवार को मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट दीपक शेरावत की अदालत में पेश किया। अपराध शाखा ने आरोपियों को छह दिन की पुलिस हिरासत में देने का अनुरोध किया था। मामले में मलविंदर को शुक्रवार सुबह जबकि शिविंदर, गोधवानी, अरोड़ा और सक्सेना को बृहस्पतिवार को गिरफ्तार किया गया था।

वहीं प्राथमिकी निरस्त करने की याचिका पर न्यायमूर्ति बृजेश सेठी ने सबकी दलीलें सुनने के बाद कहा कि इस मामले में आदेश बाद में सुनाया जाएगा। सिंह ने शुक्रवार को अपनी गिरफ्तारी से पहले हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी। उन्होंने अपनी याचिका में कहा है कि कॉरपोरेट मंत्रालय के अधीन आने वाला गंभीर कपट अन्वेषण कार्यालय (एसएफआइओ) ही उनके खिलाफ फर्जीवाड़े और धोखाधड़ी के आरोपों की जांच कर सकता है। सिंह ने कहा कि मामले में आरईएल की शिकायत पर एसएफआइओ पहले ही जांच कर रहा है।

मोदी ने अंग्रेजी, तमिल व मंडारिन में किए ट्वीट

पेज 1 का बाकी

ट्वीट किया। उन्होंने जिनपिंग के भारत में स्वागत के लिए भी तीनों भाषाओं में ट्वीट किया। जिनपिंग के यहां पहुंचने के बाद मोदी ने अंग्रेजी में अपने ट्वीट में लिखा, 'राष्ट्रपति शी जिनपिंग, भारत में आपका स्वागत है।' उन्होंने इसे तमिल और मंडारिन भाषा में भी लिखा। इससे पहले मोदी ने शुक्रवार सुबह जिनपिंग के साथ अनौपचारिक शिखर वार्ता के लिए अपने चेन्नई पहुंचने की जानकारी देते हुए तीनों भाषाओं में ट्वीट किया, 'चेन्नई पहुंचा हूं। मैं तमिलनाडु की महान भूमि पर आकर खुश हूं जो अपनी अद्भुत संस्कृति और आतिथ्य सत्कार के लिए जानी जाती है।' उन्होंने कहा, 'खुशी की बात है कि तमिलनाडु राष्ट्रपति शी जिनपिंग की अगवानी करेगा। इस अनौपचारिक शिखर वार्ता से भारत और चीन के बीच संबंध और मजबूत होंगे, ऐसी आशा है।' हाल ही में मोदी तमिल भाषा पर बहुत जोर दे रहे हैं जो सितंबर में उनकी अमेरिका यात्रा के दौरान इस भाषा में उनके भाषणों में तथा इस भाषा के बारे में बात करने से साफ जाहिर हुआ।

कश्मीर में आज से मोबाइल सेवा शुरू होने की उम्मीद

पेज 1 का बाकी

होगा। अधिकारियों ने शुक्रवार को जानकारी दी। अधिकारियों ने कहा कि फिलहाल पोस्ट पेड मोबाइल सेवा बहाल की जाएगी और प्रीपेड सेवा बाद में शुरू की जाएगी। उन्होंने जोर दिया कि पोस्ट पेड मोबाइल सेवा के लिए उपभोक्ताओं को समुचित सत्यापन भी कराना होगा। घाटी में 66 लाख मोबाइल उपभोक्ता हैं जिनमें से तकरीबन 40 लाख उपभोक्ताओं के पास पोस्ट पेड सुविधा है।

पर्यटकों के लिए घाटी को खोले जाने का परामर्श जारी करने के दो दिन बाद यह निर्णय हुआ है। पर्यटन से जुड़े संगठनों ने प्रशासन से अनुरोध किया था कि मोबाइल फोन काम नहीं करेंगे, तो कोई भी पर्यटक घाटी नहीं आना चाहेगा। लैंडलाइन सेवा आंशिक तौर पर 17 अगस्त को बहाल की गई थी। चार सितंबर तक करीब सभी 50,000 लैंडलाइनों को बहाल कर दिया गया था।

जम्मू में संचार-व्यवस्था कुछ दिन के भीतर ही बहाल कर दी गई थी और मोबाइल इंटरनेट सेवा भी मध्य अगस्त में चालू कर दी गई थी। हालांकि, दुरुपयोग के बाद मोबाइल फोन पर इंटरनेट सेवा 18 अगस्त को रोक दी गई थी।

जन-जीवन अब भी सामान्य नहीं : कश्मीर में सामान्य जन-जीवन शुक्रवार को लगातार 68वें दिन भी प्रभावित रहा। मुख्य बाजार बंद रहे और सरकारी गाड़ियां सड़कों से नदारद रहीं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि नमाज के मद्देनजर संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त बलों की तैनाती की गई है। उन्होंने बताया कि शहर और पूरी घाटी में कहीं भी प्रतिबंध नहीं है। हालांकि, घाटी के संवेदनशील क्षेत्रों में हर शुक्रवार को प्रतिबंध लगाए जाते हैं। प्रशासन का तर्क है कि निहित स्वार्थी तत्व प्रदर्शन के लिए बड़ी मस्जिदों और धार्मिक स्थलों पर बड़ी तादाद में लोगों को एकत्र कर सकते हैं।

epaper.jansatta.com

खबर कोना

बर्लिन में पर्यावरण संरक्षण के लिए हुए प्रदर्शन में 'पायरेट्स ऑफ कैरिबियन' फिल्म के एक किरदार की वेशभूषा में पर्यावरण कार्यकर्ता।

टेक्सास में 22 लोगों की हत्या के आरोपी ने खुद को निर्दोष बताया

वाशिंगटन, 11 अक्तूबर (एएफपी)।

टेक्सास में गोलीबारी करने वाले व्यक्ति ने अदालत में खुद को निर्दोष बताया है। उस घटना में 22 लोगों की मौत हो गई थी। पश्चिम टेक्सास शहर के अल पासो में तीन अगस्त को वालमार्ट में पेट्रिक क्रूसियस (21) ने बड़े समूह पर गोलीबारी की थी। उसने पुलिस के समक्ष अपराध स्वीकार कर लिया था और कहा था कि वह 'मेक्सिको' के लोगों को निशाना बना रहा था। लेकिन खबरों के मुताबिक क्रूसियस ने अल पासो काउंटी कोर्टहाउस में सुनवाई के दौरान अपने ऊपर लगे आरोपों को नकार दिया है। उस घटना में मारे गए लोगों में मेक्सिको के नौ नागरिक थे।

कांगो में आठ लोगों को लेकर मालवाहक विमान लापता

किन्शासा, 11 अक्तूबर (एएफपी)।

कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य के राष्ट्रपति फेलिक्स शीसेकेडी की हवाई यात्रा में शामिल एक मालवाहक विमान लापता हो गया है। कांगो के नागरिक उड्डयन प्राधिकरण ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। प्राधिकरण ने बताया कि गुरुवार को गोमा शहर से उड़ान भरने के 59 मिनट बाद वायुयान नियंत्रकों का एंतोनोव-72 से संपर्क टूट गया। प्राधिकरण के महानिदेशक जेन मपुंगा ने एक वक्तव्य में जानकारी कि विमान में चालक दल के चार सदस्य और अन्य चार व्यक्ति सवार थे और राष्ट्रपति के लिए साजो-सामान लेकर जा रहे थे। विमान में छह घंटे के लिए पर्याप्त ईंधन था और उसे दोपहर तक किन्शासा में उतरना था। मपुंगा ने बताया कि विमान के निर्धारित मार्ग में उसका पता नहीं चल पाया है। तलाशी अभियान के आदेश दिए जा चुके हैं। राष्ट्रपति शीसेकेडी देश के पूर्वी भाग की चार दिनों की यात्रा के बाद गुरुवार शाम को किन्शासा लौट आए हैं। एंतोनोव विमानों की दुर्घटनाएं कांगो में आम हैं।

पद के दुरुपयोग के कारण पाक सेना के तीन मेजर बर्खास्त

इस्लामाबाद, 11 अक्तूबर (भाषा)।

पाकिस्तान की सेना ने तीन मेजर को गैर कानूनी गतिविधियों में शामिल होने और अपने पद के दुरुपयोग के आरोप में सेवा से बर्खास्त कर दिया है। सेना ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। इंटर सर्विसेज पब्लिक रिलेशन्स ने एक बयान में कहा है कि तीन मेजरों में से दो को कठोर कारावास की सजा भी सुनाई गई है। इसमें कहा गया है कि तीनों को अनुशासनहीनता एवं दुर्व्यवहार के आरोपों में दोषी पाया गया है।

पाकिस्तान आतंकवादी समूहों में बच्चों को करता है भर्ती : भारत

संयुक्त राष्ट्र, 11 अक्तूबर (भाषा)।

भारत ने जम्मू-कश्मीर में रहने वाले बच्चों के बारे में 'गलत बातें पेश' करने पर पाकिस्तान पर हमला करते हुए कहा कि पाकिस्तान युवाओं में हिंसक कट्टरपंथी विचारधाराएं पैदा कर उन्हें उकसाता है और उन्हें आतंकी समूहों में भर्ती करता है।

'बाल अधिकारों के संवर्धन और संरक्षण' पर संयुक्त राष्ट्र महासभा की तीसरी समिति के सत्र को गुरुवार को संबोधित करते हुए, संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन की प्रथम सचिव पॉलोमी त्रिपाठी ने पाकिस्तान का नाम लिए बिना कहा कि एक प्रतिनिधिमंडल ने फर्जी कहानी पेश कर और 'हमारे देश के आंतरिक मामलों का अवांछित उल्लेख कर' समिति का ध्यान भटकाने की कोशिश की है।

त्रिपाठी बुधवार को संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान की निवर्तमान राजदूत मलीहा लोधी द्वारा समिति में की गई टिप्पणी का जवाब दे रही थीं, जिसमें उन्होंने जम्मू-कश्मीर के मुद्दे को उठाया था और अनुच्छेद 370 के ज्यादातर प्रावधानों को निरस्त करने के बाद राज्य में बच्चों की स्थिति के बारे में जिक्र किया था। लोधी ने अपने बयान में जम्मू-कश्मीर की स्थिति पर संयुक्त राष्ट्र के मानवाधिकार उच्चायुक्त की रिपोर्ट का भी जिक्र किया था।

पाकिस्तान पर हमला करते हुए, त्रिपाठी ने कहा, 'यह एक ऐसा देश है, जहां बच्चों को हिंसक उग्रवादी विचारधारा से दीक्षित किया जाता है और आतंकवादी समूहों में उनकी भर्ती की जाती है। उन बच्चों से न सिर्फ उनका भविष्य छीना जाता है, बल्कि सीमा पर के बच्चों का भविष्य भी खतरे में डाला जाता है।' उन्होंने पूछा, 'यह मासूम बच्चों की स्वतंत्रता का हनन और उनके अधिकारों का उल्लंघन नहीं है, तो और क्या है?'

'बच्चों से छीना जाता है उनका भविष्य'

भारत के स्थायी मिशन की प्रथम सचिव पॉलोमी त्रिपाठी ने कहा कि पाक बच्चों को हिंसक उग्रवादी विचारधारा में दीक्षित करता है। उन बच्चों से न सिर्फ उनका भविष्य छीना जाता है, बल्कि अन्य बच्चों का भविष्य भी खतरे में डाला जाता है।

न्यू कैलेडोनिया फ्रांस से अलग होने के लिए कराएगा जनमत संग्रह

पेरिस, 11 अक्तूबर (एएफपी)।

फ्रांस का प्रशांत द्वीप क्षेत्र न्यू कैलेडोनिया अपनी स्वतंत्रता पर अगले साल एक बार फिर जनमत संग्रह कराएगा। फ्रांसीसी प्रधानमंत्री एडवर्ड फिलिप ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मतदाताओं ने नवंबर 2018 के जनमत संग्रह में फ्रांस का हिस्सा बने रहने के पक्ष में मतदान किया था। 57 फीसद लोगों ने फ्रांस के साथ जुड़े रहने जबकि 43 फीसद ने अलग होने को लेकर मतदान किया था। जमनत संग्रह के इस परिणाम को राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने 'ऐतिहासिक' बताया था। फलिप ने कहा किजनमत संग्रह की तिथि आने वाले एक-दो हफ्तों में तय की जाएगी लेकिन यह या तो 30 अगस्त को होगा या छह सितंबर को।

कश्मीर को लेकर कॉर्बिन अपने रुख पर कायम

लंदन, 11 अक्तूबर (भाषा)।

ब्रिटेन में विपक्षी लेबर पार्टी पार्टी के नेता जेर्मी कॉर्बिन ने कहा है कि उनकी पार्टी द्वारा पारित विवादास्पद कश्मीर प्रस्ताव की भाषा के कुछ हिस्से को गलत ढंग से 'भारत के विरुद्ध व्याख्यायित' किए जाने की गुंजाइश है लेकिन वे जम्मू कश्मीर के विशेष दर्जे को खत्म करने के विरुद्ध इस आपात प्रस्ताव के पक्ष में खड़े हैं।

ब्रिटेन के विपक्ष के नेता उनकी पार्टी में भारत के प्रति दोस्ताना रुख रखने वाले एक समूह लेबर फ्रेंड्स ऑफ इंडिया (एलएफआइएन) के एक पत्र का जवाब दे रहे थे। पार्टी के कई सदस्यों ने पिछले महीने वार्षिक सम्मेलन में पारित किए गए उस प्रस्ताव पर चिंता प्रकट की है जिसमें भारत सरकार द्वारा अनुच्छेद 370 के ज्यादातर प्रावधानों निरस्त किए जाने के आलोक में कश्मीर में अंतरराष्ट्रीय हस्तक्षेप का आह्वान किया गया है।

कॉर्बिन ने गुरुवार को एलएफआइएन को जवाब दिया, 'कश्मीर पर आपात प्रस्ताव लेबर पार्टी के सम्मेलन की लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत आया। लेकिन, ऐसा जरूर है कि उसकी भाषा के कुछ अंशों को गलत ढंग से भारत और प्रवासी भारतीयों के विरुद्ध पेश किए जाने की गुंजाइश है। उन्होंने कहा कि ब्रिटेन में रह रहे भारतीय समुदाय को कश्मीर की स्थिति के बारे में जो चिंता है, उसे लेबर पार्टी समझती है और वह उन चिताओं को गंभीरता से लेती है। कॉर्बिन लेबर पार्टी द्वारा यह प्रस्ताव पारित किए जाने के बाद से ही ब्रिटेन में भारतवंशी समूहों के गहरे दबाव में हैं।

लेबर नेता ने इस बात पर जोर दिया है कि उनकी पार्टी यह सुनिश्चित करने के लिए कटिबद्ध है कि कश्मीर के सभी नागरिकों के अधिकारों का सम्मान किया जाए और उन्हें अक्षुण्ण रखा जाए। उन्होंने कहा, 'यह हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता बनी हुई है और मैं सहमत हूं कि हमें इस उपमहाद्वीप की राजनीति को ब्रिटेन में भारत वंशियों को नहीं बांटने देना चाहिए।'

कॉर्बिन ने गुरुवार को तब भारत में सत्तारूढ़ भाजपा और विपक्षी कांग्रेस में वाकयुद्ध को जन्म दे दिया था जब उन्होंने दावा किया था कि इसी हफ्ते के शुरू में कांग्रेस के प्रतिनिधियों के मुलाकात के दौरान कश्मीर में मानवाधिकार की स्थिति पर चर्चा हुई।



कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के बावजूद नहीं बदले सुर, कहा; जम्मू कश्मीर के विशेष दर्जे को खत्म करने के विरुद्ध आपात प्रस्ताव के पक्ष में खड़े हैं

इथियोपिया के प्रधानमंत्री को मिला शांति का नोबेल

ओस्लो/अदीस अबाबा, 11 अक्तूबर (एएफपी)।

इथियोपिया के प्रधानमंत्री अबी अहमद को शांति का नोबेल पुरस्कार दिया गया है। उनको यह पुरस्कार उनके देश के चिर शत्रु इरिट्रिया के साथ संघर्ष को सुलझाने के लिए दिया गया है। नोबेल कमेटी ने इसकी जानकारी दी है।

नोबेल पुरस्कार जूरी ने बताया अबी को 'शांति और अंतरराष्ट्रीय सहयोग प्राप्त करने के प्रयासों के लिए और विशेष रूप से पड़ोसी इरिट्रिया के साथ सीमा संघर्ष को सुलझाने के निर्णायक पहल के लिए इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।'

इस घोषणा के बाद इथियोपिया के प्रधानमंत्री अबी अहमद के कार्यालय ने शुक्रवार को कहा कि देश उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार के लिए चुने जाने पर गर्व महसूस करता है और यह देश में सुधार लाने एवं इरिट्रिया के साथ शांति कायम करने के प्रयासों का सबूत है।

अहमद को इस पुरस्कार के लिए चुने जाने के बाद उनके कार्यालय ने ट्वीट किया, 'हम बतौर राष्ट्र गर्व महसूस करते हैं। यह एकता, सहयोग और सह-अस्तित्व, जिनकी प्रधानमंत्री निरंतर वकालत करते रहे हैं, ... का कालातीत सबूत है।'

बयान में कहा गया है, 'अप्रैल, 2018 में अबी अहमद ने राजनीतिक नेतृत्व संभालने के बाद से शांति, क्षमादान और मेल-मिलाप को अपने प्रशासन का नीतिगत अंग बनाया है।' बयान में कहा गया है कि राष्ट्रीय स्तर पर हजारों राजनीतिक बंदियों की रिहाई, मीडिया निकायों एवं राजनीतिक दलों को क्षमादान एवं शांतिपूर्ण संवाद और राजनीतिक दलों के लिए दायरे का विस्तार.... कुछ उल्लेखनीय मील के पत्थर हैं।

भारत और कोमोरोस के बीच छह समझौतों पर हस्ताक्षर

मोरोनी, 11 अक्तूबर (भाषा)।

उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू और कोमोरोस के राष्ट्रपति अजाली असौमानी ने शुक्रवार को समग्र बातचीत की और दोनों देशों के बीच रक्षा समेत छह समझौते पर हस्ताक्षर किए।

कोमोरोस के राष्ट्रपति ने उपराष्ट्रपति को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'द आर्डर ऑफ द ग्रीन क्रिसेंट' प्रदान किया। नायडू 10 से 14 अक्तूबर तक कोमोरोस और सियेरा लियोन के दौरे पर हैं। नायडू ने ट्वीट कर कहा कि मोरोनी में कोमोरोस के राष्ट्रपति असौमानी से शुक्रवार को देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'द आर्डर ऑफ द ग्रीन क्रिसेंट' पाकर सम्मानित महसूस कर रहा हूं। एक अन्य ट्वीट में उपराष्ट्रपति ने कहा कि भारत और कोमोरोस के बीच छह महत्त्वपूर्ण समझौते पर किए गए हस्ताक्षर का गवाह बना। रक्षा सहयोग से संबंधित सहमति पत्र और स्वास्थ्य व संस्कृति समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।

हमने छोटी यात्राओं के लिए राजनयिक और आधिकारिक पासपोर्ट धारकों के लिए वीजा से एक-दूसरे को छूट देने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि समुद्री पड़ोसी होने के नाते, भारत और कोमोरोस के बीच सहयोग और हमारे रक्षा संबंधों को बढ़ाने की शानदार गुंजाइश है, विशेष रूप से समुद्री क्षेत्र में। उन्होंने ट्वीट किया कि मैं आतंकवाद के खिलाफ हमारी लड़ाई में कोमोरोस के समर्थन के साथ-साथ सुरक्षा परिषद में सुधारों और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सीट के लिए भारत की उम्मीदवारी के लिए उसके निरंतर समर्थन के लिए राष्ट्रपति अजाली असौमानी को धन्यवाद देता हूं।

ईरानी टैंकर पर मिसाइल हमले की आशंका

तेहरान, 11 अक्तूबर (एएफपी)।

सऊदी तट के पास शुक्रवार को संभावित मिसाइल हमले में एक ईरानी तेल टैंकर क्षतिग्रस्त हो गया। टैंकर के मालिक ने यह जानकारी दी है। 'सबीति' नामक टैंकर-पोत राष्ट्रीय ईरानी टैंकर कंपनी (एनआइटीसी) का था।

कंपनी ने कहा कि जेद्दाह बंदरगाह के निकट सबीति के मुख्य भाग पर संभवतः किसी मिसाइल से दो बार हमले किए गए। खबरों में तेल की कीमतों में दो प्रतिशत से अधिक का उछाल बताया गया है जिससे तेल की आपूर्ति को लेकर चिताएं बढ़ गई हैं। इस हमले के बाद अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजंसी ने बाजार में संतोषजनक स्थिति रहने के संकेत दिए हैं।

यह हमला सऊदी अरब के तेल के दो सबसे बड़े कुंओं पर कुछ हफ्ते पहले हुए हमले के बाद हुआ है। सऊदी के तेल के कुंओं पर हुए हमले के कारण तेल के वैश्विक उत्पादन का 5 प्रतिशत हिस्सा बर्बाद हो गया था।

एनआइटीसी ने कहा कि सऊदी तट से 100 किमी दूर स्थित टैंकर पर हमले के कारण दो विस्फोट हुए। कंपनी ने मिसाइल द्वारा हमले की आशंका जताई है। एनआइटीसी ने कहा कि चालक दल के सभी सदस्य सुरक्षित हैं और क्षतिग्रस्त हिस्सों की मरम्मत की जा रही है। ईरान के विदेश मंत्रालय ने सऊदी अरब का नाम न लेते हुए कहा है कि लाल सागर के पूर्व में स्थित गलियारे के निकट किसी स्थान से टैंकर पर हमला हुआ।

ब्रिटेन के शॉपिंग सेंटर में चाकू से हमला, पांच घायल

लंदन, 11 अक्तूबर (भाषा)।

ब्रिटिश शहर मैनचेस्टर में एक व्यस्त शॉपिंग सेंटर में शुक्रवार को चाकूबाजी की भीषण घटना में पांच लोग घायल हो गए। मामले में आतंकवाद-रोधी अधिकारी जांच कर रहे हैं। ग्रेटर मैनचेस्टर पुलिस (जीएमपी) ने कहा कि घटनास्थल और उसकी प्रकृति को देखते हुए विशेषज्ञ अधिकारी निरंतर जांच कर रहे हैं। इससे पहले इस गंभीर हमला मामले में एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया गया है।

यह शॉपिंग सेंटर मैनचेस्टर एरिना के पास स्थित है जो 2017 में आतंकवादी हमले का स्थल रहा है। इस्लामिक स्टेट (आइएसआइएस) ने इस आत्मघाती बम हमले की जिम्मेदारी ली थी। एरियाना ग्रांदे कंसर्ट के दौरान हुए इस हमले में 22 लोग मारे गए थे।

जीएमपी ने बयान दिया, 'हम इस बात की पुष्टि कर सकते हैं कि पांच लोगों को चाकू घोंपा गया है, जिन्हें अस्पताल ले जाया गया है। घटनास्थल और उसकी प्रकृति को देखते हुए काउंटर टेररिज्म पुलिस नॉर्थ वेस्ट जांच का नेतृत्व कर रही है।' हालांकि पुलिस बल ने कहा कि वे आतंकवादी घटनाओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रहे हैं। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने ट्वीट किया, 'मैनचेस्टर की घटना के बारे में सुनकर स्तब्ध हूं। मेरी संवेदनाएं घायलों और पीड़ितों के साथ हैं।'

आतंकवाद के आरोप में हमलावर गिरफ्तार

मैनचेस्टर (ब्रिटेन), 11 अक्तूबर (एएफपी)।

हमला करने वाले व्यक्ति पर आतंकवाद के आरोप लगाए गए हैं। पुलिस ने शुक्रवार को इस बारे में बताया। ग्रेटर मैनचेस्टर पुलिस ने बताया कि व्यक्ति से आतंकवाद के कृत्य के लिए पूछताछ की जा रही है। जैकसन ने कहा कि संदिग्ध की उम्र 40 साल के आसपास है। उसने एक बड़े से चाकू से पांच लोगों को घायल कर दिया। माना जा रहा कि उसने अकेले ही घटना को अंजाम दिया।

अंतरिक्ष में सैर करने वाले पहले व्यक्ति एलेक्सी का निधन

मास्को, 11 अक्तूबर (एएफपी)।

अंतरिक्ष में 1965 में चहलकदमी करने वाले प्रथम व्यक्ति सोवियत रूस कालीन अंतरिक्ष यात्री एलेक्सी लियोनोव का लंबी बीमारी के बाद शुक्रवार को निधन हो गया। वह 85 साल के थे।

रूसी अंतरिक्ष एजंसी रोस्कोमोस ने कहा कि उसे अंतरिक्ष यात्री नंबर 11 के निधन की घोषणा करते हुए दुख हो रहा है, जिन्हें दो बार देश के शीर्ष सम्मान 'हीरो ऑफ सोवियत यूनियन' से सम्मानित किया गया। लियोनोव, यूरी गगारिन के घनिष्ठ मित्र थे, जो 1961 में बाहरी अंतरिक्ष में कदम रखने वाले पहले मानव थे। चार साल बाद जब लियोनोव वोस्कोड-2 मिशन के दौरान अंतरिक्ष यान से बाहर निकले और उन्होंने 12 मिनट नौ सेंकेंड तक अंतरिक्ष में चहलकदमी की, तब उन्होंने एक इतिहास रचा था। वैसे तो अंतरिक्ष उड़ान और अंतरिक्ष में चहलकदमी सफल रही, लेकिन धरती पर उनकी वापसी दुखद घटना में तब्दील हो गई। वह और अन्य अंतरिक्ष यात्री पावेल बेलयायेव दुर्घटना का शिकार होकर साइबेरिया के जंगलों में उतरे थे।

लियोनोव की सहायिका नतालिया फिलिमोनोवा ने कहा कि लियोनोव ने लंबी बीमारी के बाद मास्को के बुर्डेंको अस्पताल में अंतिम सांस ली। एक अन्य अंतरिक्ष यात्री बोरिस वोलीनोव की पत्नी तमारा वोलीनोव ने कहा कि यह हम सभी के लिए बड़ी त्रासदी है। वह अनोखे व्यक्ति थे। तमारा ने अंतरिक्ष यात्रियों के बारे में एक पुस्तक लिखी है।

सऊदी और ईरान की यात्रा करेंगे इमरान

इस्लामाबाद, 11 अक्तूबर (भाषा)।

पश्चिम एशिया में बढ़े तनाव को कम करने के प्रयास के तहत शनिवार को पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान के ईरान एवं सऊदी अरब की यात्रा पर जाने की संभावना है। राजनयिक सूत्रों ने यहां शुक्रवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि खान सबसे पहले तेहरान पहुंचेंगे, जहां वह ईरान के राष्ट्रपति हसन रुहानी से रविवार को मुलाकात करेंगे। इस बैठक के बाद प्रधानमंत्री खान रियाद के लिए उड़ान भरेंगे। वहां वह सऊदी के शीर्ष नेताओं से मुलाकात करेंगे।

उन्होंने बताया कि इस दौरान खान के साथ पाकिस्तानी सेना के वरिष्ठ प्रतिनिधि भी होंगे। इस यात्रा को लेकर पाकिस्तान ने चुप्पी साध रखी है। विदेश कार्यालय के प्रवक्ता मोहम्मद फैसल ने बताया कि 'जब चीजें स्पष्ट हो जाएंगी' तब इस यात्रा के बारे में वह मीडिया को सूचित करेंगे।

'कश्मीर पर आखिरी कार्ड खेला है मोदी ने'

इमरान खान ने शुक्रवार को कहा कि नरेंद्र मोदी ने जम्मू कश्मीर का विशेष दर्जा समाप्त कर 'अपना आखिरी कार्ड खेला' है। इस्लामाबाद में कश्मीर की जनता के साथ एकजुटता प्रदर्शित करने के लिए बनाई गई 'मानव शृंखला' में शामिल हुए लोगों को संबोधित करते हुए खान ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मीडिया हांगकांग के प्रदर्शनों को पूरा कवरेज दे रहा है लेकिन कश्मीर मुद्दे की अनदेखी कर रहा है।

धनशोधन के अन्य मामले में हिरासत में भेजे गए शरीफ



एनएबी के वकील हाफिज असदुल्लाह अवान ने दलील देते हुए उनकी 15 दिन की हिरासत मांगी कि वह सुगर मिल के शेयरों की बिक्री और खरीद की आड़ में धनशोधन में शामिल रहे हैं।

लाहौर, 11 अक्तूबर (भाषा)।

जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ को धनशोधन के एक अन्य मामले में गिरफ्तार किए जाने के बाद शुक्रवार को 14 दिनों के लिए देश के भ्रष्टाचार निरोधक निकाय की हिरासत में भेज दिया गया।

राष्ट्रीय जवाबदेह ब्यूरो (एनएबी) की एक टीम ने शरीफ (69) को लाहौर की कोट लखपत जेल से अपने गिरफ्त में लिया और हिरासत में लेने के लिए उन्हें जवाबदेही अदालत के न्यायाधीश के सामने पेश किया। वे अल अजीजिया मिल भ्रष्टाचार मामले में जेल में सात साल की कैद की सजा काट रहे हैं।

एनएबी के वकील हाफिज असदुल्लाह अवान ने यह दलील देते हुए उनकी 15 दिन की हिरासत मांगी कि वह चौधरी सुगर मिल के शेयरों की बिक्री और खरीद की आड़ में धनशोधन में शामिल रहे हैं। एनएबी ने शरीफ पर चौधरी शुगर मिल का प्रत्यक्ष लाभार्थी होने और उनकी बेटी मरियम पर सुगर मिल्स में 1.2 करोड़ शेयर होने का आरोप लगाया। मरियम को उनके चचेरे भाई युसूफ अब्बास के साथ अगस्त में इस मामले में गिरफ्तार किया गया था।

एनएबी अदालत ने एनएबी को शरीफ की 14 दिन की हिरासत मंजूर की। उन्हें लाहौर में एनएबी मुख्यालय ले जाया जा रहा है जहां उनसे धनशोधन के आरोपों पर पूछताछ की जाएगी।

पीएमएल-एन के एक नेता ने कहा कि एनएबी ने अल अजीजिया मामले में शरीफ को जमानत मिलने की आशंका से ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने कहा, 'इमरान खान सरकार अल अजीजिया मामले में शरीफ की संभावित रिहाई से घबरा गई है इसलिए उसने एनएबी को उन्हें एक दूसरे झूठे मामले में फंसाने का आदेश दिया ताकि उन्हें जेल में रखा जा सके।'

एलाइड निप्पोन लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालय : 1006, आकाशदीप बिल्डिंग, 26/ए, बाराखम्भा रोड, नई दिल्ली -110001
क्षेत्रीय निदेशक, नियमित मामलों की मंत्रालय उत्तरी क्षेत्र, से समक्ष
CIN : U34300DL1988PLC030910
ईमेल आई डी – cs@alliednippon.com
कम्पनीज अधिनियम, 2013, कम्पनीज अधिनियम, 2013 की धारा 13, 14 और कम्पनीज (समामेलन) नियम, 2014 के नियम 41 के मामले में
और
मैसर्स एलाइड निप्पोन लिमिटेड इसका पंजीकृत कार्यालय : 1006, आकाशदीप बिल्डिंग, 26/ए, बाराखम्भा रोड, नई दिल्ली -110001 के मामले में
इसद्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कम्पनी उपरोक्त नियमों के साथ पठित कम्पनीज अधिनियम, 2013 की धारा 13, 14 के अन्तर्गत केन्द्र सरकार को आवेदन की इच्छुक है और प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी में परिवर्तन को प्रभावी बनाने के लिए कम्पनी को सक्षम बनाने में 30 सितम्बर, 2019 को आयोजित वार्षिक आम बैठक में पारित विशेष प्रस्ताव के संबंध में परिवर्तन की इच्छुक है।
कोई व्यक्ति जिसकी अभिरुचि कम्पनी के इस प्रस्तावित परिवर्तन/स्थिति से प्रभावित होने की संभावना है, तो वह अपनी अभिरुचि की प्रकृति और विरोध के आधार, को यदि कोई है, को बताते हुए आवेदनकर्ता कम्पनी को नीचे वर्णित इसके पंजीकृत कार्यालय में हस्ताक्षरी एक प्रति के साथ इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से चौदह दिनों के भीतर क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र, नियमित मामलों की मंत्रालय, बी-2, विंग दूसरी मंजिल, पर्यावरण भवन, सीजीओ कॉम्प्लैक्स, नई दिल्ली-110003 को पंजीकृत डाक द्वारा भेज या डिलीवर कर सकते है।
1006, आकाशदीप बिल्डिंग, 26/ए, बाराखम्भा रोड, नई दिल्ली -110001
आवेदक की ओर से
एलाइड निप्पोन लिमिटेड
हस्ता/–
मोनिका डोगरा
कम्पनी सचिव
दिनांक : 11.10.2019
स्थान : नई दिल्ली
मेम्बर्शिप नंबर : 18806

भूतपूर्व सैनिक अंशदायी स्वास्थ्य योजना (ई.सी.एस.एच.)
ईसीएसएच निम्नलिखित विवरणों के अनुसार ईसीएचएस पॉलीक्लीनिक खानपुर, वायुसेना केन्द्र, वुगलकाबाद, नई दिल्ली हेतु अनुबन्ध आधार पर निम्नलिखित स्टाफ को नियुक्त करने तथा एक आरक्षित पैनल निर्मित करने का इच्छुक है :-

क्र. सं.	नियुक्ति	आवश्यक योग्यता	रिक्ति	कार्य का अनुभव	वांछित योग्यता	आयु सीमा	भूतपूर्व सैनिकों हेतु आरक्षण	अनुबन्ध शुल्क (प्रतिमाह)	साक्षात्कार का स्थान, तिथि एवं समय
01	फार्मासिस्ट	(1) किसी मान्यताप्राप्त संस्थान से बी. फार्मा अथवा फार्मेसी में अनुमोदित डिप्लोमा	01	न्यूनतम 03 वर्ष का अनुभव	विशिष्ट फार्मेसी में कोई डिप्लोमा/कोर्स	53 वर्ष	70%	रु. 28,100/-	ईसीएचएस पॉलीक्लीनिक में 24 अक्टू. 19 को 1000 बजे

नोट : उपर्युक्त पदों के लिए आवेदन सामान्य निर्देश के क्रम सं. 06 में लिखित पते पर 23 अक्टूबर, 2019 तक जमा किये जाने हैं।
सामान्य निर्देश :
1. अनुबन्धात्मक पारिश्रमिक : उपर्युक्त रिक्तियों में प्रत्येक के सम्मुख अनुबन्धात्मक शुल्क प्रदर्शित है। अनुबन्धात्मक कर्मचारी सरकारी कर्मचारियों की भाँति किसी भत्ते/वित्तीय लाभ अथवा छूट के अधिकारी नहीं होंगे।
2. अनुबन्ध की शर्तें तथा नियम : अनुबन्धात्मक सेवा दो वर्षों की अवधि के लिए होगी जिसमें प्रथम वर्ष के कार्य निष्पादन के आधार पर द्वितीय वर्ष के विस्तार की अनुमति सम्भावित है। रोजगार के लिए विस्तृत नियम एवं शर्तें ईसीएचएस प्रकोष्ठ केन्द्र मुख्यालय पर उपलब्ध होंगी। ईसीएचएस को परिस्थितियों के आधार पर 30 दिनों की सूचना देकर एक माह का अनुबन्धात्मक पारिश्रमिक प्रदान करके तत्काल प्रभाव से स्टाफ के अनुबन्ध को समाप्त करने की स्वतन्त्रता होगी। इसमें चयन विशुद्ध रूप से अनुबन्धात्मक प्रकृति का है और नियमितीकरण तथा स्थायी समावेशन के लिए कोई अधिकार नहीं प्रदान करता है।
3. कार्य के घण्टे : स्टाफ के लिए सोमवार से शनिवार तक प्रति सप्ताह (8x6) 48 कार्य घण्टे निर्धारित हैं।
4. अवकाश : स्टाफ अनुबन्ध अवधि के दौरान प्रत्येक पूर्ण माह के लिए 2.5 दिनों की दर से अवकाश के लिए अधिकारी है जो रविवार तथा राजपत्रित अवकाशों के अतिरिक्त छः माह की समाप्ति तक संचित होने पर समाप्त हो जायेगा।
5. आवेदकों को आवेदन प्रपत्र, एसएमओ/सीएमओ से चिकित्सकीय फिटनेस प्रमाणपत्र, मूल डिग्री प्रमाणपत्र तथा अनुभव प्रमाणपत्र जेरोक्स प्रतियों सहित ऊपर बताये गये के अनुसार साक्षात्कार के स्थान, तिथि तथा समय पर रिपोर्ट करना होगा। आवेदन प्रपत्र ईसीएचएस की वेबसाइट www.echs.gov.in से प्राप्त किये जा सकते हैं। साक्षात्कार के परिणाम 15 नवम्बर, 2019 को 1100 बजे मेन गार्ड रूम के सूचना पट पर उपलब्ध होगा और यह सक्षम प्राधिकरण के अनुमोदन पर निर्भर करेगा तथा चयनित अभ्यर्थियों पंजीकृत डाक द्वारा सूचित कर दिया जायेगा।
6. सभी आवेदन सी एडीएम ओ, वायुसेना केन्द्र, वुगलकाबाद, एमबी रोड, नई दिल्ली-110080 पर भेजे जाने हैं तथा साथ ही इस केन्द्र के मेन गार्ड रूम में रखे ड्रॉप बॉक्स में दस्ती तौर पर भी जमा करने हैं।

नई दिल्ली

करोड़पति करदाताओं की संख्या 20 फीसद बढ़ी

नई दिल्ली, 11 अक्तूबर (भाषा)।

आकलन वर्ष 2018-19 में करोड़पति करदाताओं की संख्या 20 फीसद बढ़कर 97,689 पर पहुंच गई है। राजस्व विभाग द्वारा शुक्रवार को जारी कर रिटर्न आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। आकलन वर्ष 2017-18 में एक करोड़ रुपए से अधिक की करयोग्य आय वाले करदाताओं की संख्या 81,344 थी।

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने वित्त वर्ष 2018-19 तक अद्यतन आंकड़े और आकलन वर्ष 2018-19 (वित्त वर्ष 2017-18) के नियमित समयांतराल पर जारी आय वितरण के आंकड़े जारी किए हैं। इन आंकड़ों में कंपनियों, फर्मों, हिंदू अविभाजित परिवार और व्यक्तिगत लोगों की आय वितरण सूचना दी गई है।

यदि सभी करदाताओं को इसमें शामिल किया जाए, तो एक करोड़ रुपए से अधिक की सालाना कर योग्य आय वाले लोगों की संख्या 1.67 लाख है। यह आकलन वर्ष 2017-18 की तुलना में 19 फीसद अधिक है। आंकड़ों के अनुसार 15 अगस्त, 2019 तक कुल 5.87 करोड़ आयकर रिटर्न दाखिल किए गए।

वैश्विक रुख से सूचकांक 247 अंक सुधरा, निफ्टी में भी तेजी

मुंबई, 11 अक्तूबर (भाषा)।

अमेरिका-चीन व्यापार गतिरोध थमने की उम्मीदों से वैश्विक शेयर बाजार में तेजी का रुख रहा। इसका असर सूचकांक और निफ्टी में भी देखने को मिला। बंबई शेयर बाजार का 30 शेयरों वाला सूचकांक 600 से ज्यादा अंक के उतार - चढ़ाव के बाद 246.68 अंक यानी 0.65 फीसद बढ़कर 38,127.08 अंक पर बंद हुआ। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 66.70 अंक यानी 0.59 फीसद चढ़कर 11,301.25 अंक पर बंद हुआ। सप्ताह के दौरान , सूचकांक 453.77 अंक यानी 1.20 फीसद जबकि 126.50 अंक यानी 1.13 फीसद बढ़ा।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिका-चीन व्यापार वार्ता को लेकर सकारात्मक रुख जताने से वैश्विक बाजारों में तेजी का रुख रहा। इसका असर घरेलू शेयर बाजार में भी देखने को मिला।

ट्रंप ने गुरुवार को वाइट हाउस में संवाददाताओं से कहा , ह्ल हमने चीन के साथ बातचीत की एक प्रक्रिया पूरी की है। हम अच्छा कर रहे हैं। हम कल एक और वार्ता का

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिका-चीन व्यापार वार्ता को लेकर सकारात्मक रुख जताने से वैश्विक बाजारों में तेजी का रुख रहा।

आयोजन कर रहे हैं। मैं व्हाइट हाउस में चीन के उप - प्रधानमंत्री के साथ बैठक कर रहा हूं। ब्रोकरों ने कहा कि सकारात्मक वैश्विक रुख ने घरेलू कंपनियों के तिमाही नतीजों के सुस्त दौर के प्रभाव को कम करने में मदद की।

सूचकांक की कंपनियों में इंफोसिस में सबसे ज्यादा तेजी रही। तिमाही नतीजों से पहले कंपनी का शेयर 4.19 फीसद बढ़ा। अन्य कंपनियों में वेदांता, टाटा मोटर्स, ओएनजीसी, टाटा स्टील, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एचसीएल टेक, टेक महिंद्रा और भारती एअरटेल के शेयरों में 3.96 फीसद तक की तेजी दर्ज की गई। दूसरी ओर, येस बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टीसीएस, हीरो मोटोकॉर्प, इंडसइंड बैंक और एनटीपीसी के शेयर 3.30 फीसद तक गिर गए।

कोटक सिक्योरिटीज के पीसीजी रिसर्च के उपाध्यक्ष संजीव जरबादे ने कहा- अमेरिका - चीन व्यापार समझौते को लेकर सकारात्मक रुख और त्योहारी सीजन से पहले ऋण वृद्धि की दर को सुधारने के लिए सरकारी उपायों की उम्मीदों से सूचकांक सप्ताह के दौरान बढ़त के साथ बंद हुआ। उन्होंने कहा- वित्तीय क्षेत्र में संकट और चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में कंपनियों के कमजोर नतीजों से शेयर बाजार सावधानी बरत रहा है। एशिया में शंघाई कंपोजिट सूचकांक, हेंगसेंग, कोस्पी और निफ्टी अच्छे - खासे बढ़त के साथ बंद हुए।

इस साल पहली बार बैंक ऋण की वृद्धि दर हुई 10 फीसद से नीचे

मुंबई, 11 अक्तूबर (भाषा)।

चालू वित्त वर्ष में पहली बार बैंकों द्वारा दिए गए ऋण की वृद्धि दर 10 फीसद से नीचे आ गई है। भारतीय रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार 27 सितंबर को समाप्त पखवाड़े में बैंकों के ऋण की वृद्धि घटकर 8.79 फीसद रह गई। इस अवधि में बैंकों का ऋण 97.71 लाख करोड़ रुपए रहा। एक साल पहले समान पखवाड़े में बैंकों का ऋण 89.82 लाख करोड़ रुपए रहा था। इससे पिछले यानी 14 सितंबर को समाप्त पखवाड़े में बैंकों का ऋण 10.26 फीसद बढ़कर 97.01 लाख करोड़ रुपए पर पहुंचा था।

रिजर्व बैंक के अनुसार इस अवधि में बैंकों के जमा की वृद्धि भी घटी है। समीक्षाधीन पखवाड़े में बैंकों का जमा 9.38 फीसद बढ़कर 129.06 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच गया। एक साल पहले समान पखवाड़े में बैंकों का जमा 118 लाख करोड़ रुपए था। बैंकों का जमा 13 सितंबर को समाप्त पखवाड़े में 10.02 फीसद बढ़ा था। सालाना आधार पर गैर खाद्य ऋण की वृद्धि अगस्त, 2019 में घटकर 9.8 फीसद रह गई। यह अगस्त, 2018 में 12.4 फीसद थी। अगस्त में कृषि और संबद्ध क्षेत्रों के लिए ऋण की वृद्धि 6.8 फीसद रही जो इससे पिछले साल समान महीने में 6.6 फीसद थी।

सेवा क्षेत्र को ऋण की वृद्धि अगस्त में 26.7 फीसद से घटकर 13.3 फीसद रह गई। व्यक्तिगत ऋण की वृद्धि अगस्त में घटकर 15.6 फीसद रही, जो अगस्त, 2018 में 18.2 फीसद थी। हालांकि, इस दौरान उद्योग को ऋण की वृद्धि दोगुना होकर 3.9 फीसद पर पहुंच गई, जो अगस्त, 2018 में 1.9 फीसद थी।

प्रतिशत दर ई-निविदा आमंत्रण प्रेस सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से कार्यपालक अभियंता (सी), डाक सिविल प्रभाग नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्यों के लिए ऑनलाइन प्रतिशत दर (के लोनिवि-7) ई-निविदा आमंत्रित है:

1) एनआईटी सं. एनआईटी/ईईपीसीएनडी/2019-20/60 कार्य का नामः ''पीओ कम्पाउण्ड, तिलक नगर, नई दिल्ली में नोडल डेलिवरी कार्यालय के लिये अस्थाई शेड का प्रावधान'' अनुमानित लागतः रु. 39,18,966/-, धरोहर राशिः रु. 78,379/- एवं पूर्णता समयः 4(चार) माह।

2) एनआईटी सं. एनआईटी/ईईपीसीएनडी/2019-20/61, कार्य का नामः ''सेवा नगर, नई दिल्ली में डाक कर्मचारी क्वा. का विशेष नागरिक मरम्मत कार्य एवं एआरएमओ''। अनुमानित लागतः रु. 42,03,537/-; धरोहर राशिः रु. 84,071/- एवं पूर्णता समय- 03 (तीन) दिन।

बोली जमा करने की अंतिम तिथि 22.10.2019 के 15.00 बजे तक है।

बोली प्रपत्र तथा अन्य विवरण वेबसाईट **https: //dopcivil/euniwizard.com** से प्राप्त की जा सकती है।

कमजोर रुपए, त्योहारी मांग से सोना 126 रुपए चमका

नई दिल्ली, 11 अक्तूबर (भाषा)।

कमजोर रुपए और त्योहारी मांग से दिल्ली सर्राफा बाजार में शुक्रवार को सोना 126 रुपए की बढ़त के साथ 39,160 रुपए प्रति दस ग्राम पर पहुंच गया। गुरुवार को सोना 39,034 रुपए प्रति दस ग्राम पर बंद हुआ था।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के अनुसार चांदी में भी 380 रुपए का उछाल आया और यह 46,900 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। गुरुवार को चांदी 46,520 रुपए प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) तपन पटेल ने कहा कि दिल्ली में 24 कैरट सोने का हाजिर भाव त्योहारी सीजन की मांग उभरने और कमजोर रुपए से 126 रुपए चढ़ गया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने का भाव लाभ के साथ 1,502 डॉलर प्रति औंस पर था। वहीं चांदी 17.71 डॉलर प्रति औंस पर चल रही थी।

तीन पीएसयू की रणनीतिक बिक्री के लिए सलाहकार अनुबंधित करने की प्रक्रिया शुरू

नई दिल्ली, 11 अक्तूबर (भाषा)।

सरकार ने चालू वित्त वर्ष के लिए रणनीतिक विनिवेश की प्रक्रिया शुरू कर दी है। सरकार की ओर से तीन सार्वजनिक उपक्रमों कंटेनर कॉरपोरेशन आफ इंडिया (कॉनकॉर), नीपको और टीएचडीसी इंडिया में नियंत्रक हिस्सेदारी की बिक्री के संबंध में सलाहकारों को अनुबंधित करने के लिए बोलियां आमंत्रित की हैं।

विनिवेश के लिए जरूरी अनुभव रखने वाली प्रतिष्ठित इकाइयों से प्रस्ताव मांगे गए हैं।

इससे पहले इसी महीने केंद्रीय मंत्रिमंडल ने कॉनकॉर में 30 फीसद हिस्सेदारी बिक्री प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। अभी सरकार की कंपनी में 54.80 फीसद हिस्सेदारी है। हिस्सेदारी बिक्री के बाद सरकार का कंपनी से प्रबंधकीय नियंत्रण समाप्त हो जाएगा। इसके अलावा मंत्रिमंडल ने बिजली कंपनियों टीएचडीसी इंडिया और नार्थ ईस्टर्न इलेक्ट्रिक पावर कॉरपोरेशन (नीपको) में हिस्सेदारी एनटीपीसी को बेचने को भी मंजूरी दे दी है। रणनीतिक विनिवेश के तहत खरीदार के पास प्रबंधन नियंत्रण भी रहता है।

टीएचडीसी केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार के बीच 75-25 अनुपात का संयुक्त उद्यम है। केंद्र सरकार की नीपको में सौ फीसद हिस्सेदारी है।

कॉनकॉर का नाम लिए बिना एक अलग नोटिस में कहा गया है कि सरकार रेल मंत्रालय के तहत एक सरकारी कंपनी में अपनी कुल चुकता इक्विटी हिस्सेदारी के आंशिक विनिवेश पर विचार कर रही है। इसके साथ प्रबंधन नियंत्रण भी स्थानांतरित किया जाएगा।

इन विनिवेश के लिए जरूरी अनुभव रखने वाली प्रतिष्ठित इकाइयों से प्रस्ताव मांगे गए हैं। ये इकाइयां विनिवेश प्रक्रिया में लेनदेन-कानूनी सलाहकार-संपत्ति मूल्यांकक की भूमिका निभाएंगी और सरकार को इसमें मदद करेंगी। सरकार ने चालू वित्त वर्ष में विनिवेश से 1.05 लाख करोड़ रुपए जुटाने का लक्ष्य रखा है। आंकड़ों के अनुसार अभी तक सरकार विनिवेश से 12,357.49 करोड़ रुपए जुटा पाई है।

सीतारमण ने जीएसटी पर विशेषज्ञों से मांगी सलाह

पुणे, 11 अक्तूबर (भाषा)।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने स्वीकार किया है कि मौजूदा रूप में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) में कुछ खामियां हो सकती हैं। उन्होंने कर पेशेवरों से कहा कि वे इसे कोसना छोड़कर बेहतर बनाने के बारे में सुझाव दें। वित्त मंत्री शुक्रवार को यहां कराधान पेशेवरों द्वारा जीएसटी को लेकर जताई गई चिंता पर प्रतिक्रिया दे रही थीं। उन्होंने कहा कि उद्योग जीएसटी के क्रियान्वयन के तरीके पर सरकार को कोस रहा है।

जीएसटी को सबसे बड़ा अप्रत्यक्ष कर सुधार कहा जा रहा है। इसे जुलाई, 2017 में लागू किया गया। सीतारमण ने सवाल उठाने वाले एक व्यक्ति पर आपत्ति भी जताई और उससे कहा कि संसद और सभी राज्य विधानसभाओं द्वारा पारित कानून की आलोचना नहीं करें। वित्त मंत्री ने कहा कि काफी लंबे समय बाद संसद में कई दल और राज्य विधानसभाओं ने मिलकर काम किया और इस कानून को लेकर आए।

सीतारमण ने उद्योग के लोगों, चार्टर्ड अकाउंटेंट, कंपनी सचिवों और वित्तीय क्षेत्र के गई अन्य अंशधारकों के साथ चर्चा की। उन्होंने कहा, 'मैं चाहती हूं कि सभी अंशधारक जीएसटी के बेहतर अनुपालन के लिए कुछ समाधान दें। हम सिर्फ इसकी आलोचना नहीं करें। इसमें कुछ खामियां हो सकती हैं। इससे आपको कुछ परेशानी हुई हो सकती है, लेकिन मुझे माफ करें यह कानून है।'

एअर इंडिया के प्रबंधक निजीकरण के मुद्दे पर बैठेंगे यूनियनों के साथ

मुंबई, 11 अक्तूबर (भाषा)।

सार्वजनिक क्षेत्र की विमानन कंपनी एअर इंडिया ने अपने यहां की ट्रेड यनियनों के प्रतिनिधियों की सोमवार को बैठक बुलाई है। इसमें कंपनी के प्रस्तावित निजीकरण पर विचार किया जाएगा।

निजीकरण का विरोध कर रही यूनियनों का कहना है कि इसके परिणाम बर्बादी भरे हो सकते हैं। यह घटनाक्रम ऐसे समय होने जा रहा है जबकि सरकार विमानन सेवा के इस उपक्रम से बाहर निकलने के लिए अगले महीने के शुरू में एक प्रारंभिक सूचना ज्ञापन (पीआइएम) जारी करने वाली है।

ICRA Limited

Corporate Identity Number (CIN): L74999DL1991PLC042749
Registered Office: 1105, Kailash Building, 11th Floor
26, Kasturba Gandhi Marg, New Delhi-110 001
Telephone No.: +91.11.23357940-45
Website: www.icra.in Email ID: investors@icraindia.com

NOTICE

Notice is hereby given, pursuant to regulations 29 and 47 of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, that a meeting of the Board of Directors of ICRA Limited (the "Company") is scheduled to be held on Thursday, October 24, 2019, inter alia, to consider and approve the unaudited financial results (standalone & consolidated) of the Company for the second quarter and half year ended September 30, 2019. The above information is available on the website of the Company (www.icra.in), the BSE Limited (www.bseindia.com) and the National Stock Exchange of India Limited (www.nseindia.com).

For ICRA Limited
(S. Shakeb Rahman)
Company Secretary & Compliance Officer

Place : Gurugram
Date : October 11, 2019

शुद्धि पत्र

फाइनांसियल एक्स्प्रेस (अंग्रेजी) तथा जनसत्ता (हिन्दी) समाचार पत्रों में 5.10.2019 को प्रकाशित स्वैच्छिक परिसमापन के अंतर्गत मिटलाइट इलेक्ट्रिक कम्पनी प्राईवेट लिमिटेड के फार्म ए के क्रम सं. 7 देखें। पंजीकृत ईमेल आईडी इस प्रकार से जोड़ें: ashokjuneja@gmail.com. जबकि, ईमेल आईडी: mitlite.liq@gmail.com को पत्राचार के लिये ईमेल आईडी के रूप में पढ़ें।

शेष विषय पूर्ववत रहेंगे। अशोक कुमार जुनेजा
LL.B, FCS, ACMA, DBA, NCFM, ADICA, M.COM
मिटलाइट इलेक्ट्रिक कम्पनी प्रा.लि. के परिसमापक
IBBI Reg.No. IBBI/ IPA-002/ IP-N00117/ 2017-18/ 10286

SRS LIMITED

Regd. & Corporate Off : SRS Multiplex, 2nd Floor, City Center, Sector -12, Faridabad, NCR-Delhi -121007
E-mail:compliances@srsparivar.com, Website- www.srsparivar.com, CIN - L74999HR2000PLC040183
Extract of Standalone and Consolidated Unaudited Results for the Quarter ended 30th June 2019
(₹ in Lacs, except per equity share data)

S. No.	Particulars	Standalone				Consolidated	
		Quarter Ended			Year Ended	Quarter Ended	Year Ended
		30-Jun-19	31-Mar-19	30-Jun-18	31-Mar-19	30-Jun-19	31-Mar-19
		Unaudited	Audited	Unaudited	Audited	Unaudited	Audited
1	Total Income From Operations (net)	2,276.10	2,396.89	2,643.40	8,869.68	2,880.54	10,858.98
2	Net Profit / (Loss) after Tax	9.67	579.35	(4,316.96)	(5,401.24)	16.60	(6,069.15)
3	Total Comprehensive Income for the period	3.30	549.66	(4,315.55)	(5,426.71)	10.54	(6,093.38)
4	Equity Share Capital	27,858.20	27,858.20	27,858.20	27,858.20	27,858.20	27,858.20
5	Other Equity				(131,025.44)		(131,902.22)
6	Earning Per Share (of Re 10/- each)						
	Basic :	0.00	0.21	(1.55)	(1.94)	0.01	(2.13)
	Diluted :	0.00	0.21	(1.55)	(1.94)	0.01	(2.13)

Notes : The above is an extract of the detailed format of Unaudited Financial Results for the quarter ended 30th June 2019 filed with the Stock Exchange(s) under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations 2015. The full format of the Unaudited Results for the quarter ended 30th June 2019 are available on the Stock Exchange websites (www.bseindia.com / www.nseindia.com) and Company's website www.srsparivar.com.

For SRS Limited
Vikash Sharma
Chief Financial Officer

Ashok Kumar Gulla
Resolution Professional
Taken of Record

Place: Faridabad
Date: 11.10.2019

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, राँची

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

ई- निविदा सूचना संख्या - RDD/SD/RANCHI/05/2019-20

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

क्र० सं०	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (लाख में)	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	राँची जिला के लहुँगा प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम पलानु में करो नदी पर पुल निर्माण। पुल की लम्बाई- 96.94 मीटर	487.75600	9,76,000.00	10,000.00	18 माह

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि - दिनांक 17.10.2019
3. ई-निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय - दिनांक 24.10.2019 से दिनांक 01.11.2019 के अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, राँची /मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एच० एफ० पी० भवन, धुर्वा, राँची में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि एवं Bank Credit Certificate जमा करने की तिथि एवं समय दिनांक 05.11.2019 अपराह्न 05:00 बजे तक।
5. निविदा खोलने का स्थान - मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एच० एफ० पी० भवन, धुर्वा, राँची।
6. तकनीकी निविदा खोलने की तिथि एवं समय - दिनांक 06.11.2019 अपराह्न 2:00 बजे
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :- कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, राँची।
8. ई-निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० - 9931162912
9. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट / बैंकर्स चेक के रूप में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, राँची के पक्ष में, जो भारतीय स्टेट बैंक ओरमांझी शाखा में भुगतान होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।
10. प्राक्कलित राशि घट-बढ़ सकती है, तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
राँची

PR 219345 (Rural Development)19-20*D
बूंद - बूंद नहीं बटरेंगे तो बूंद को तरसेंगे

पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank
...भरोसे का प्रतीक ! ...the name you can BANK upon !

प्र.का: मुद्रण एवं लेखन सामग्री विभाग
सी-13, सैक्टर-1, नोएडा - 201301 (उ.प्र.)

कोरियर तथा कार्गो सेवाओं हेतु ई-निविदा सूचना (2019-20)

पंजाब नैशनल बैंक ऐसे अखिल भारतीय नेटवर्क वाली अनुभवी व प्रतिष्ठित कोरियर व कार्गो कम्पनियों/फर्मों या उनके प्राधिकृत फ्रैन्चाइजियों से अपने ई-खरीद पोर्टल https://etender.pnbnet.in के माध्यम से ई-निविदाएं आमंत्रित करता है जिनका हमारे कार्यालय के निकट या नोएडा/ग्रेटर नोएडा/दिल्ली में कार्यालय हो तथा जो सम्पूर्ण भारत के मैट्रो, शहरी, अर्ध-शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित हमारे अधिकतम कार्यालयों/शाखाओं तक अपनी सेवाएं प्रदान कर सकते हों, विशेषत: निविदा के संलग्नक -II में उल्लिखित पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 35 जिलों में।

इच्छुक कोरियर कम्पनी का गत तीन वित्तीय वर्षों (2016-17 से 2018-19 तक) में न्यूनतम औसत वार्षिक कारोबार रु.10 करोड़ होना चाहिए जबकि एक प्राधिकृत फ्रैन्चाइजी के लिए यह रु.1 करोड़ होना चाहिए।

निविदा दस्तावेज व्यक्तिगत रूप से इस कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय के दौरान प्राप्त किया जा सकता है या इसे बैंक की ई-खरीद पोर्टल (https://etender.pnbnet.in) और बैंक की वेबसाइट (www.pnbindia.in) से भी डाउनलोड किया जा सकता है। निविदा दस्तावेज के साथ रु.1,180/- (केवल एक हजार एक सौ अस्सी रुपये) का (अवापसीय) क्रॉस डिमांड ड्राफ्ट संलग्न होना अनिवार्य है जो कि वरिष्ठ प्रबंधक, पंजाब नैशनल बैंक, मुद्रण एवं लेखन सामग्री विभाग, नोएडा _____ (फर्म का नाम) के पक्ष में देय हो।

इच्छुक निविदाकर्ता सम्पूर्ण विवरण के लिए कृपया निविदा दस्तावेज का संदर्भ लें।

बैंक की ई-खरीद पोर्टल के माध्यम से निविदा जमा कराने की अंतिम तिथि 01.11.2019, दोपहर 1.00 बजे तक है।

वरिष्ठ प्रबंधक

प्रपत्र संख्या आईएनसी-26
(कंपनी (निगमन) नियमावली 2014 के नियम 30 के अनुपालन में)
केंद्र सरकार के समक्ष (क्षेत्रीय निदेशक) उत्तरी क्षेत्र, नई दिल्ली
कम्पनी अधिनियम, 2013, की धारा 13 की उप-धारा(4) तथा कम्पनी (निगमन) नियमावली, 2014 के नियम 30 के उप-नियम(5) के खण्ड(ए) के विषय में
और
एडीआई स्टार्फीग एंड कन्सल्टिंग प्राइवेट लिमिटेड
CIN:U59191DL2011PTC227813
जिसका पंजीकृत कार्यालय, हाउस न. 1476, ग्राउंड फ्लोर, बी ब्लॉक, शकरपुर, दिल्ली 110052 के मामले में ...आवेदक

सूचना

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचना दी जाती है कि कम्पनी द्वारा इसका पंजीकृत कार्यालय 'राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली' से 'उत्तर प्रदेश राज्य' में स्थानांतरित करने के लिए कम्पनी की साधारण सभा की बैठक दिनांक 26 जून, 2019 को आयोजित की गयी थी तथा कम्पनी की तीसरी वार्षिक आम बैठक में पारित विशेष प्रस्ताव के निबंधनों अनुसार कम्पनी के संस्था ज्ञापन में संशोधन की पुष्टि की याचना हेतु कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 के अधीन एक आवेदन केन्द्र सरकार के समक्ष प्रस्तुत किया जाना प्रस्तावित है।

कोई भी व्यक्ति जिसका हित कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय के स्थानांतरण सम्बन्धित प्रभावित होने की संभावना है, अपने हित के स्वरूप तथा विरोध के आधार के उल्लेखकारी शपथ-पत्र भरकर अपनी याचिका को एमसीए21 पोर्टल (www.mca.gov.in) पंजीकृत उपयोगकर्ता, एनसीएलटी, बी-2, विंग, दूसरा तल, पर्यावरण भवन, सीजीओ कम्प्लेक्स, नई दिल्ली-110003 को इस सूचना के प्रकाशन तिथि के 14 दिन के भीतर सुपुर्द कर्ता सकता है अथवा रजिस्टर्ड पोस्ट के द्वारा भेज सकते हैं। साथ ही इसकी एक प्रति याचिकाकर्ता कंपनी के पंजीकृत कार्यालय को भी निम्नलिखित पते पर भेजी जानी चाहिए:
हाउस न. 1476, ग्राउंड फ्लोर, बी ब्लॉक, शकरपुर, दिल्ली 110052

कोर्ट के द्वारा और उनके ऑर्डर से
कृते एडीआई स्टार्फीग एंड कन्सल्टिंग प्राइवेट लिमिटेड
लाल सिंह बन्सीवाल
(निदेशक)
(डीआईएन: 07457046)

दिनांक: 11.10.2019
स्थान: दिल्ली

झारखंड सरकार
ग्रामीण विकास विभाग (ग्रा०का०मामले) मुख्य अभियंता का कार्यालय
102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, रांची
ई-अल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना

ई-निविदा संख्या:- 43/RI/2019-20/RDD(RWA)/CHATRA दिनांक : 10.10.2019

मुख्य अभियंता, ग्रामीण विकास विभाग(ग्रा०का०मा०), झारखंड, राँची द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्र० सं०	आईडेन्टी फिकेशन संख्या / पैकेज संख्या	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रुपये में) अंक में	अक्षर में	कार्य समाप्ति की तिथि	टेण्डर कॉल नं०
1.	RDD(RWA) / CHATRA/02/ 2019-20	मैराग से बलनिया तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (ल- 6.400 कि०मी०)	2,10,50,718.00	दो करोड़ दस लाख पचास हजार सात सौ अठारह रु० मात्र	12 माह	द्वितीय

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि - 16.10.2019
3. ई-निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय- 25.10.2019 अपराह्न 5:00 बजे।
4. जिला नियंत्रण कक्ष, रांची में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ पत्र की मूल प्रति एवं अपलोड किये गये तकनीकी योग्यता दस्तावेज की एक प्रति जमा करने की तिथि - 30.10.2019 पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 3:30 बजे तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय - 31.10.2019 पूर्वाह्न 11:30 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:- मुख्य अभियंता, ग्रामीण विकास विभाग (ग्रा०का०मामले), झारखंड, रांची,102 द्वितीय तल्ला अभियंत्रण भवन, रांची।
7. ई-निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं०- 0651-2207818
8. निविदा शुल्क भारतीय स्टेट बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विभाग (ग्रा०का०मामले), कार्य प्रमंडल, रांची के पक्ष में भुगतान होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

नोडल पदाधिकारी
ई-प्रोक्युरमेन्ट सेल

PR 219358 Rural Work Department(19-20)D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना
(मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजनामद)

ई- निविदा संख्या:- RWD/SD/LATEHAR/04/2019-20 दिनांक:- 10.10.2019

1. कार्य का नाम

क्र. सं.	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रुपये में) अंक में	अक्षर में	निविदा शुल्क	अग्रधन की राशि	कार्य समाप्ति की तिथि	टेण्डर कॉल नं0
1	लातेहार जिला के महुआडांड प्रखण्ड अन्तर्गत पंचायत- चटकपुर में चटकपुर से पोटमकोढ़ के बीच बोहटा नदी पर पुल निर्माण।	533.30100	पांच करोड़ तैंतीस लाख तीस हजार एक सौ रुपये मात्र।	10,000.00 (दस हजार) रुपये मात्र।	10,70,000.00 (दस लाख सत्तर हजार) रुपये मात्र।	24 महिना	प्रथम

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :- 14.10.2019
3. ई-निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय- 21.10.2019 अपराह्न 06:00 बजे तक।
4. कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार / मुख्य अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एच0एफ0 पी0 भवन धुर्वा, राँची के कार्यालय में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ पत्र के मूल प्रति एवं अपलोड किये गये तकनीकि योग्यता दस्तावेज की एक प्रति जमा करने की तिथि एवं समय 22.10.2019 अपराह्न 05:00 बजे तक।
5. परिमाण विपत्र की राशि घट-बढ़ सकती है, तद्नुसार परिमाण विपत्र का 02 प्रतिशत राशि अग्रधन की राशि के रूप में जमा करना होगा।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 23.10.2019 पूर्वाह्न 02:00 बजे।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार

PR219347 (Rural Development)19-20*D
बूंद - बूंद नहीं बटरेंगे तो बूंद को तरसेंगे

विद्युत विभाग
नई दिल्ली नगर पलिका परिषद
कार्यालय: कार्यपालक अभियंता
रखरखाव, उत्तर प्रभाग, नई दिल्ली
ई-प्रापण निविदा सूचना

क्रम सं.	निविदा आईडी	कार्य का नाम	अनुमानित लागत	धरोहर राशि	निविदा जारी की तिथि	प्राप्ति/ खुलने की तिथि एवं समय
1.	2019-NDMC-181928-1	एम/एन एरिया में 11 केवी ईएसएस के लिये इंस्युलैटिंग मैट की आपूर्ति	2339321/-	46786/-	10.10.2019	23.10.2019 3.30 अप. से 4.00 बजे अप तक
2.	2019-NDMC-181935-1	एम/एन एरिया में दैनिक रखरखाव के लिये 168 केवी एआर, 6.35 केवी I फेज 50 एचजेड पीएफसी कैपेसिटर्स की आपूर्ति	992333/-	19847/-	10.10.2019	23.10.2019 3.30 अप. से 4.00 बजे अप तक

विस्तृत विवरण https://govtprocurement.delhi.gov.in पर देखी जा सकती है।
टिप्पणी: नदिनप में ई-निविदा में भाग लेने के लिए रा.रा. क्षेत्र दिल्ली सरकार की ई-निविदा प्रणाली में पंजीकरण अनिवार्य है।

हस्ता./- ई.ई. (ई) एम/एन
हस्ता./- ई.ए. (एम/एन)

झारखण्ड सरकार
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, गिरिडीह
ई-प्रोक्योरमेंट सूचना
(अतिअल्पकालिन द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना)

ई-निविदा प्रसंग सं० :- RCD/GIRIDIH/1530 दिनांक :- 10.10.2019

1.	कार्य का नाम	पारसनाथ हिल रोड (MDR-82) पथ (कुल लंबाई - 5.00 कि०मी०) का Renovation कार्य वर्ष 2019-20
2.	प्राक्कलित राशि (रुपये में)	रू0 5,62,99,099.00 (पाँच करोड़ बासठ लाख निनान्वे हजार निनान्वे रुपये मात्र)
3.	कार्य समाप्ति की अवधि	05 (पाँच) माह
4.	निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय	19.10.2019 12:00 बजे दिन तक
5.	वेबसाईट पर निविदा प्रकाशित होने की तिथि एवं समय	12.10.2019 10:30 बजे पूर्वाह्न
6.	निविदा आमंत्रित करने वाले का नाम एवं पता	कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रम

सार्वजनिक सूचना

श्री स्वास्तिक सेल्स कारपोरेशन प्रा. लि.
(कारपोरेट दिवाला प्रस्ताव प्रक्रिया के अंतर्गत)

कारपोरेट दिवाला प्रस्ताव प्रक्रिया से गुजरने वाली श्री स्वास्तिक सेल्स कारपोरेशन प्रा. लि. के लेनदारों से दावे फार्म के आमंत्रण के लिए दिनांक 18.08.2019 को समाचार पत्रों में प्रकाशित फॉर्म-ए में सार्वजनिक उद्घोषणा और दिनांक 21.08.2019 को समाचार पत्रों में प्रकाशित शुद्धिपत्र से आगे सभी संबंधितों को यह सूचित किया जाता है कि माननीय नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल, नई दिल्ली कोर्ट रूम नं. 3 के दिनांक 12.09.2019 के आदेशानुसार ऊपरकथित की कारपोरेट दिवाला प्रस्ताव प्रक्रिया को बंद कर दिया गया है। तदनुसार, ऊपरकथित सार्वजनिक उद्घोषणा के संबंध में कोई कार्यवाही नहीं की जाएगी।

दिनांक: 11.10.2019 — राकेश टक्कर,
स्थान: नई दिल्ली — भूतपूर्व अंतरिम प्रस्ताव पेशेवर

प्रपत्र सं. आरएससी-4
[नियम 3(3) के अनपालन में]
राष्ट्रीय कम्पनी विधि अधिकरण पीठ, चंडीगढ़ के समक्ष
सी.पी. नं. 134/सीएचडी/एचआरवाई/2019
मामले में:
कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 52 तथा राष्ट्रीय कम्पनी विधि अधिकरण (कम्पनी की शेयर पूंजी में कटौती की प्रक्रिया) नियमावली, 2016 के नियम 2 के साथ पठित धारा 66 के अंतर्गत आवेदन;
तथा
मामले में:
डैटाबैक मीडिया प्राईवेट लिमिटेड, CIN: U72200HR2016PTC064099, कम्पनी अधिनियम, 2013 के अंतर्गत निगमित कम्पनी जिसका पंजीकृत कार्यालय 402 एफ एवं जी, 4था तल, सेन्ट्रम प्लाजा, सेक्टर-53, गोल्फ कोर्स रोड, गुड़गाँव, हरियाणा-122002 में है
..... आवेदक कम्पनी

सूचना का प्रकाशन

सूचित किया जाता है कि उपरोक्त आवेदक कम्पनी की शेयर पूंजी रु. 16,29,16,660/- (रुपये सोलह करोड़ उन्नतीस लाख सोलह हजार छः सौ साठ मात्र) से घटाकर रु. 1,00,000/- (रुपये एक लाख मात्र) करने तथा रिटेन्ड अर्निंग्स में डैबिट बैलैंस के लिये रु. 29,83,80,081/- (उन्नतीस करोड़ तिड़ासी लाख अस्सी हजार इक्यासी मात्र) की राशि के आवेदक कम्पनी की सिक्युरिटीज प्रीमियम खाता की कटौती की पुष्टि के लिये 20 सितम्बर, 2019 को राष्ट्रीय कम्पनी विधि अधिकरण (''अधिकरण''), चंडीगढ़ (पीठ) के पास एक आवेदन प्रस्तुत किया गया था। वैयक्तिक क्रेडीटरों को सूचनाऐं जारी की गई हैं। आवेदक कम्पनी द्वारा 26 अगस्त, 2019 को तैयार की गई क्रेडीटरों की सूची आवेदक कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय तथा 402 एफ एवं जी, 4था तल, सेन्ट्रम प्लाजा, सेक्टर-53, गोल्फ कोर्स रोड, गुड़गाँव, हरियाणा-122002 में सोमवार से शनिवार तक सभी कार्य दिवसों को 11 बजे पूर्वा. से 4 बजे अप. तक निरीक्षण के लिये उपलब्ध है।

यदि आवेदक कम्पनी के किसी भी क्रेडीटर को आवेदन अथवा क्रेडीटरों की सूची में विवरणों के प्रति कोई आपत्ति हो तो वे (समर्थक दस्तावेजों के साथ) तथा अपने नाम तथा पते तथा प्राधिकृत प्रतिनिधि, यदि कोई हो, के नाम एवं पते के साथ उसे इस सूचना की तिथि से तीन माह के भीतर 402 एफ एवं जी, 4था तल, सेन्ट्रम प्लाजा, सेक्टर-53, गोल्फ कोर्स रोड, गुड़गाँव, हरियाणा-122002 में अधोहस्ताक्षरी के पास भेजें।

यदि उपरोक्त समय में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होती है तो कम्पनी की शेयर पूंजी में कटौती के लिये उपरोक्त आवेदन के अंतर्गत सभी कार्रवाइयों में क्रेडीटरों की सूची में प्रविष्टियों को सही माना जायेगा। यह ध्यान रहे कि 10.01.2020 को एक सुनवाई निर्धारित की गई है जिस पर अधिकरण इस आवेदन की सुनवाई करेगी। यदि कोई क्रेडीटर सुनवाई में शामिल होना चाहते हों, वे अपनी आपत्ति, यदि कोई हो, के साथ अपना आवेदन प्रस्तुत करें।

आज, 12 अक्टूबर, 2019 को — श्री महेश चन्द गुप्ता
स्थानः गुरुग्राम — आवेदक कम्पनी के प्राधिकृत प्रतिनिधि

Fullerton India
फुलरटॉन इंडिया क्रेडिट कम्पनी लिमिटेड
शाखा: तृतीय तल, बी-45/47, पीसीआर प्लाजा के पास, कनॉट पैलेस, नई दिल्ली- 110001

कब्जे की सूचना (अचल सम्पत्ति के लिए)

जबकि, अधोहस्ताक्षरकर्ता ने बैसर्स फुलरटॉन इंडिया क्रेडिट कम्पनी लिमिटेड जिसका पंजीकृत कार्यालय पेस टावर्स, तृतीय तल, पूसा नं. 307, न्यू नं. 165, पूनमल्ली हाई रोड पद्मावथम, चेन्नई, तमिलनाडु और शाखा कार्यालय तृतीय तल, बी- 45/47, पीसीआर प्लाजा के पास, कनॉट पैलेस, नई दिल्ली-110001 के प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन एवं प्रतिभूति-हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत एवं धारा 13(12) तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 (2002 का सं. 54) के सपठित नियम 3 के सहित प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एक मांग सूचना दिनांक 14.10.2016 को धारा 13(2) के अन्तर्गत निर्गमित किया जिसमें ऋणियों श्री चरणजीत सिंह एवं सुश्री हरजीत कौर से पुनर्भुगतान की मांग करते हुए मांग सूचना में वर्णित रुपये 1,58,29,500/- (रुपये एक करोड़ अट्ठावन लाख उनतीस हजार पांच सौ मात्र) उक्त सूचना पत्र की प्राप्ति की दिनांक से 60 दिनों के भीतर लौटाने के लिए कहा गया था।

उपरोक्त वर्णित ऋणी द्वारा भुगतान करने में विफल होने पर ऋणियों तथा आम जनता को सामान्यतया सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) अधिनियम 2002 की उपधारा (4) एवं धारा 13 के सपठित नियम 8 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए दिनांक 04.10.2019 को नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा ले लिया है।

उपरोक्त वर्णित ऋणियों को विशेष रूप से तथा जनसाधारण को सामान्यतया एतद्द्वारा सम्पत्ति के साथ व्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है और वर्णित सम्पत्ति के साथ किया गया कोई भी व्यवहार फुलरटॉन इंडिया क्रेडिट कम्पनी लिमिटेड के रुपये 1,58,29,500/- (रुपये एक करोड़ अट्ठावन लाख उनतीस हजार पांच सौ मात्र) तथा ब्याज एवं प्रभारों के अध्यधीन होगा।

ऋणियों का ध्यान प्रतिभूत आस्तियों के मोचन के लिए उपलब्ध समय के संदर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उप धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकृष्ट किया जाता है।

अचल सम्पत्ति का विवरण

सम्पत्ति के सभी अंश व हिस्से सहित होते हैं: निर्मित प्लॉट नं. 20 बी/ 108, एबी तिलक नगर, नई दिल्ली 110018 में स्थित जिसका क्षेत्रफल 100 वर्गगज। सीमाएं:- उत्तर में: रोड, दक्षिण में: सर्विस लेन, पूर्व में: प्लॉट का हिस्सा, पश्चिम में: प्लॉट नं. 104

दिनांक: 04.10.2019 — स्थान: नई दिल्ली — प्राधिकृत अधिकारी (फुलरटॉन इंडिया क्रेडिट कम्पनी लिमिटेड)

प्रपत्र ए
सार्वजनिक उद्घोषणा
(भारतीय दिवाला तथा दिवालिया बोर्ड (कॉर्पोरेट व्यक्तियों के लिए दिवाला प्रस्ताव प्रक्रिया) विनियमन, 2016 के विनियम 6 के अंतर्गत)

सी एंड सी टॉवर्स लिमिटेड के क्रेडीटरों के ध्यानार्थ

संक्षिप्त विवरण

1.	कॉर्पोरेट ऋणधारक का नाम	सी एंड सी टॉवर्स लिमिटेड
2.	कॉर्पोरेट ऋणधारक के निगमन की तिथि	27.03.2004
3.	वह प्राधिकरण जिसके अधीन कॉर्पोरेट ऋणधारक निगमित/पंजीकृत है	कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय - आरओसी - दिल्ली और हरियाणा
4.	कॉर्पोरेट पहचान सं	U45200HR2004PLC038928
5.	कॉर्पोरेट ऋणधारक के पंजीकृत कार्यालय तथा प्रधान कार्यालय का पता	पंजीकृत कार्यालय: प्लॉट नं.-70, सेक्टर-32, गुड़गांव, हरियाणा-122001 परिसमाप्ति कार्यालय: आईएनडी सह कमर्शियल कॉम्प्लेक्स, बेरका पिल्क प्लांट के सामने, फेज-II, मोहाली-160055, पंजाब
6.	कॉर्पोरेट ऋणधारक के संबंध में दिवाला आरंभ होने की तिथि	10.10.2019 आदेश की सूचना 10.10.2019 को प्राप्त हुई
7.	दिवाला प्रस्ताव प्रक्रिया के समाप्त की अनुमानित तिथि	07.04.2020
8.	अंतरिम प्रस्ताव प्रोफेशनल का नाम, पंजीकरण संख्या, जो अंतरिम प्रस्ताव प्रोफेशनल के रूप में कार्यरत है	अंकित गुप्ता IBBI/IPA-002/IP-N00021/2016-2017/10048
9.	बोर्ड में पंजीकृत अंतरिम प्रस्ताव प्रोफेशनल का पता एवं ईमेल	पंजीकृत पता: बी-12, बेसमेंट, गुलशन प्लाजा, 19-ए अशोक मार्ग, लखनऊ-226001 ईमेल: ankitgupta@gmail.com
10.	अंतरिम प्रस्ताव प्रोफेशनल के साथ पत्राचार के लिये प्रयुक्त होने वाला पता तथा ईमेल	पत्राचार का पता: डी-28, प्रथम तल, साउथ एक्सटेंशन-1, नई दिल्ली-110049 ईमेल: cdtcinsolvency@gmail.com सम्पर्क नं. 011-40622200
11.	दावे जमा करने की अंतिम तारीख	24.10.2019
12.	क्रेडीटर का नाम यदि कोई हो, साथ 21 की उप धारा (6क) के उपबंध (बी) के अंतर्गत अंतरिम प्रस्ताव प्रोफेशनल द्वारा सूचीबद्ध किया गया	रियल एस्टेट आस्तियाँ
13.	किसी वर्ग में क्रेडीटर के प्राधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने के लिये पहचान किये गये इन्सॉल्वेन्सी प्रोफेशनल का नाम	(1) श्री संजीव अग्रवाल ए-226, तिलक मार्ग, महावीर नगर, जयपुर, राजस्थान, 302017 ईमेल - sanjivagarwal@gmail.com IBBI/IPA-002/IP-N00626/2018-2019/11953 (2) श्री भूपेश कुमार गुप्ता बी/-173बी, अलकापुरी सिटल कॉलोनी सेक्टर 1, अलका सिनेमा बालागंजपुल, लखनऊ, उत्तर प्रदेश, 226021 ईमेल - cabhoopesh@rediffmail.com IBBI/IPA-001/IP-P01406/2018-2019/12271 (3) श्री योगेश कुमार गुप्ता सी-17बी, बेसमेंट, मालवीयनगर, नई दिल्ली - 110017 ईमेल - yogesh64@yahoo.co.in IBBI/IPA-003/IP-N00078/2017-18/10701
14.	(क) सम्बंधित प्रपत्र तथा (ख) अधिकृत प्रतिनिधियों का विवरण उपलब्ध है	(क) सम्बंधित प्रपत्र, वेबसाईट लिंक https://ibbi.gov.in/home/downloads (ख) अधिकृत प्रतिनिधियों का विवरण बिंदु 13 पर उपलब्ध है

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण ने 10.10.2019 को सी एंड सी टॉवर्स लिमिटेड की कॉर्पोरेट इन्सॉल्वेन्सी प्रस्ताव प्रक्रिया शुरू करने का आदेश दिया है।

एतद्द्वारा सी एंड सी टॉवर्स लिमिटेड के क्रेडीटरों को निर्देश दिया जाता है कि प्रविष्टि संख्या 10 में वर्णित पते पर अंतरिम प्रस्ताव प्रोफेशनल के पास 24.10.2019 को या उससे पूर्व अपने दावों का प्रमाण जमा करें। कब्जा-वित्तपत्र क्रेडीटरों केवल इलेक्ट्रानिक पद्धति से ही अपने दावे का प्रमाण जमा कर सकते हैं। अन्य सभी क्रेडीटर व्यक्तिगत, डाक द्वारा अथवा इलेक्ट्रानिक माध्यमों से अपने दावे का प्रमाण जमा कर सकते हैं।

प्रविष्टि सं. 12 के सामने सूचीबद्ध किसी वर्ग का कोई वित्तीय लेनदार, प्रविष्टि सं. 13 के सामने सूचीबद्ध तीन दिवाला व्यावसायिकों में से एक वर्ग के प्राधिकृत प्रतिनिधि को उपस्थिति करेगा जो कि फॉर्म सीए में वर्ग (रियल एस्टेट आस्तियों) के अधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कार्य करता है।

दावे का गलत अथवा भ्रामक प्रमाण जमा करने पर दंडित किया जा सकता है।

स्थान: दिल्ली — हस्ता/- अंकित गुप्ता
दिनांक: 11.10.2019 — (अंतरिम प्रस्ताव प्रोफेशनल सी एंड सी टॉवर्स लिमिटेड के लिए)
IBBI/IPA-002/IP-N00021/2016-2017/10048

कीमिया बायोसाइंसेस लिमिटेड

(पूर्व में लॉरेल ऑर्गेनिक्स लिमिटेड)
पंजी. कार्यालयः ग्राम भोण्डसी, तहसील सोहना, जिला गुड़गाँव, हरियाणा-122102
CIN: L24239HR1993PLC032120,
ई-मेलः laurelorganicslimited@gmail.com,
वेबसाईटः www.laurel.co.in,
टेली.: 011-47063600, फैक्सः 011-47063601/02

सूचना

सेबी (सूचीयन दायित्व तथा उद्घाटन अपेक्षा) विनियमन, 2015 के विनियमन 47 के साथ पठित विनियमन 29 के अनुपालन में एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि कम्पनी के निदेशक मंडल की एक बैठक गुरुवार, 24 अक्टूबर, 2019 को 2.00 बजे अप. में कंपनी के कॉर्पोरेट कार्यालय अर्थात् 974, 9वाँ तल, अग्रवाल मिलेनियम, नेताजी सुभाष प्लेस, नई दिल्ली-110034 में आयोजित की जाएगी जिसमें अन्य विषयों के साथ 30 सितम्बर 2019 को समाप्त तिमाही के लिए अनंकेक्षित वित्तीय परिणामों (स्टैण्डएलॉन) सहित अन्य विषयों पर विचार, अनुमोदन कर उसे अभिलेख में लिए जाएंगे।

इस सिलसिले में सेबी (इन्सायडर ट्रेडिंग निषेध) विनियमन, 2015 के लागू होने वाले प्रावधानों के साथ पठित इन्सायडर ट्रेडिंग के लिये कम्पनी की आचार संहिता के अनुसार विनिर्दिष्ट व्यक्तियों (तथा उनके निकटतम संबंधी) द्वारा कम्पनी की इक्विटी शेयरों में व्यवसाय के लिये ट्रेडिंग विण्डो 30 सितम्बर, 2019 से स्टॉक एक्सचैंज के लिये 30 सितम्बर, 2019 को समाप्त दूसरी तिमाही तथा छमाही के लिये अनंकेक्षित वित्तीय परिणामों (स्टैंडएलॉन) की घोषणा के 48 घंटे की पूर्णता तक बंद रहेंगे।

उपरोक्त जानकारी कंपनी वेबसाईट अर्थात् www.laurel.co.in तथा स्टॉक एक्सचैंज की वेबसाईट अर्थात् www.bseindia.com पर उपलब्ध है।

कीमिया बायोसाइंसेस लिमिटेड के लिए
हस्ता./-
समीर गोयल
नई दिल्ली — अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
11 अक्टूबर, 2019 — (DIN: 00161786)

आदित्य ओवरसीज लिमिटेड

पंजी. कार्यालयः द्वितीय तल, 10, जमरुदपुर कम्युनिटी सेन्टर, कैलाश कॉलोनी एक्सटेंशन, नई दिल्ली-110048
ईमेलः admin.nd@aadya-group.com,
टेलीफोनः +91-011-46465216,
CIN: U74899DL1993PLC054872
केन्द्र सरकार के समक्ष
द्वारा क्षेत्रीय निदेशक कार्यालय, उत्तरी क्षेत्र, कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय, नई दिल्ली
कम्पनी अधिनियम, 2013, कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 14 तथा कम्पनी (निगमन) नियमावली, 2014 के नियम 41 के मामले में तथा
आदित्य ओवरसीज लिमिटेड जिसका पंजीकृत कार्यालय है: द्वितीय तल, 10, जमरुदपुर कम्युनिटी सेन्टर, कैलाश कॉलोनी एक्सटेंशन, नई दिल्ली-110048 के मामले में — आवेदक

एतद्द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि यह कम्पनी उपरोक्त नियमावली के साथ पठित कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 14 के अंतर्गत केंद्र सरकार के पास एक आवेदन करने के लिये इच्छुक है तथा ऐसे रूपांतरण को प्रभावी करने के लिये कम्पनी को सक्षम बनाने के लिए सोमवार, 23 सितम्बर, 2019 को आयोजित असाधारण आमसभा में पारित विशेष प्रस्ताव के अनुसार कंपनी को एक प्राईवेट लिमिटेड कम्पनी में रूपांतरित करने के लिए इच्छुक है।

कंपनी की स्थिति में इस प्रस्तावित परिवर्तन से यदि किसी व्यक्ति का हित प्रभावित होता हो, वे एमसीए-21 पोर्टल (www.mca.gov.in) पर निवेशक शिकायत प्रपत्र दाखिल करें अथवा उसके नीचे वर्णित पते पर पंजीकृत कार्यालय में आवेदक कंपनी को उसकी एक प्रति के साथ इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से चौदह दिनों के भीतर अपने हित की प्रकृति तथा आपत्ति के कारणों का उल्लेख करते हुए एक शपथ पत्र द्वारा समर्थित अपनी आपत्ति क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र, बी-2 विंग, द्वितीय तल, पर्यावरण भवन, सीजीओ कॉम्प्लैक्स, नई दिल्ली-110003 के पास जमा करें या जमा कराएं या पंजीकृत डाक से भेजें।

पताः द्वितीय तल, 10, जमरुदपुर कम्युनिटी सेन्टर, कैलाश कॉलोनी एक्सटेंशन, नई दिल्ली-110048
आदित्य ओवरसीज लिमिटेड के द्वारा तथा उसकी ओर से
हस्ता./-
तिथिः 07 अक्टूबर, 2019 — धीरज कुमार
स्थानः नई दिल्ली — निदेशक
DIN: 007718251

जिंदल पोली फिल्म्स लिमिटेड
सीआईएन : L17111UP1974PLC003979
पंजीकृत कार्यालय : ग्राम बी.एम. टापुर-बुलंदशहर रोड, पी.ओ. गुलावठी, जिला बुलंदशहर (उत्तर प्रदेश)-203408, फोन : 0573 2238007
कॉर्पोरेट कार्यालय : प्लॉट नंबर 13, लोकल शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, सेक्टर-बी-1, वसंत कुंज, नई दिल्ली-110070, (फोन : (011) 46322100, फैक्स : (011) 46322129)
ई-मेल : cs_jsfy@indiagroup.com; वेबसाइट : www.indiajsfy.com

सूचना

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि निम्नलिखित मूल शेयर प्रमाणपत्रों, जो खो गए/ गुम हो गए/ चोरी हो गए प्रतिवेदित किए गए हैं, का विवरण यहां नीचे दिया गया है तथा जिन संबंधित शेयरधारकों ने अनुरोध के अनुसरण में, कम्पनी मूल प्रमाणपत्रों के स्थान पर अनुलिपि शेयर प्रमाणपत्र जारी करने का आवेदन किया है :

फोलियो नम्बर	शेयरधारक का नाम	शेयर प्रमाणपत्र सं.	विशिष्ट संख्या से	विशिष्ट संख्या तक	शेयरों की संख्या
JPL0182667	श्री बाला लाल गुप्ता	206507	51151138	51151145	08

लोगों की सलाह, जिसके कम्पनी द्वारा मूल प्रमाणपत्र के स्थान पर अनुलिपि प्रमाणपत्र जारी करने के संबंध में कोई आपत्ति है, अपनी आपत्ति इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय/ कॉर्पोरेट कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है।

कृते जिंदल पॉलि फिल्म्स लिमिटेड
हस्ता./-
नवीन कुमार
कम्पनी सचिव
(एसीएस : 18997)

स्थान : दिल्ली
दिनांक: 11.10.2019

Syndicate Bank
सिंडिकेट बैंक, कीर्ति नगर, 38, डीएलएफ इंडस्ट्रियल एरिया, नजफगढ़ रोड, कीर्ति नगर, नई दिल्ली-110015
ई-मेल: br.9039@syndicatebank.co.in

कब्जा सूचना
[अधिनियम- नियम 8-(1) के अंतर्गत परिशिष्ट IV]

जैसा कि, वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्त्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत सिंडिकेट बैंक के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्त्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (2) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी ने मांग सूचना तिथि 20.7.2019 जारी कर ऋणधारक/स्युरिटी/सम्पत्ति के स्वामी मै. रेबसेब डिजायन्स को उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर सूचना में नीचे वर्णित राशि रु. 3798044.53 (रुपये रुपये सैंतीस लाख अन्ठानवे हजार चौआलिस तथा पैसे तिड़ेपन मात्र) वापस लौटाने का निर्देश दिया था।

ऋणधारक/स्युरिटी/सम्पत्ति के स्वामी इस राशि को वापस लौटाने में विफल रहे, अतः एतद्द्वारा ऋणधारक/स्युरिटी/सम्पत्ति के स्वामी तथा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आज, 5 दिसम्बर, 2019 को अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (4) के अंतर्गत उन्हें प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी ने यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा कर लिया है।

ऋणधारक का ध्यान प्रतिभूत परिसम्पत्तियों को विमोचित करने के लिए उपलब्ध समय के संदर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों के प्रति आकृष्ट की जाती है।

विशेष रूप से ऋणधारकों/ गारन्टरों तथा आम जनता को एतद्द्वारा सतर्क किया जाता है कि वे यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का व्यवसाय न करें तथा इन सम्पत्तियों का किसी भी तरह का व्यवसाय रु. 3,905743.88 तथा उस पर ब्याज, लागत आदि की राशि के लिये सिंडिकेट बैंक, कीर्तिनगर, दिल्ली शाखा के चार्ज के अधीन होगा।

अचल सम्पत्ति का विवरण

सम्पत्ति सं. ए-3/242, पश्चिम विहार में निर्मित भू तल का आवासीय फ्लैट बिना छत के अधिकार के जो दर्शन नागपाल के स्वामित्व में है, का सभी भाग तथा हिस्सा।
चौहद्दी:
उत्तरः सर्विस लेन
दक्षिणः फ्रान्ट रोड
पूर्वः मकान सं. 241
पश्चिमः मकान सं. 243

तिथि: 5.10.2019 — प्राधिकृत अधिकारी
स्थानः नई दिल्ली — सिंडिकेट बैंक

प्रपत्र सं. आईएनसी-26
[कम्पनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30 के अनुसार]
केन्द्र सरकार उत्तरी-पश्चिमी क्षेत्र के सम्मुख
कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 की उपधारा (4) तथा कम्पनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30 के उपनियम (5) के उपपद (अ) के मामले में
तथा
सृजन कैपिटल लिमिटेड
जिसके पंजीकृत कार्यालय का पता 112-बी, शक्ति नगर, कोटा, राजस्थान-324009 है
के मामले में
.....याचिकाकर्ता

एतद्वारा जनसामान्य को सूचना दी जाती है कि कम्पनी अपने पंजीकृत कार्यालय को ''राजस्थान राज्य'' से ''पंजाब राज्य'' में परिवर्तित करने में सक्षम होने के लिए 27 सितम्बर, 2019 को आयोजित असाधारण आम बैठक में पारित विशेष प्रस्ताव के सन्दर्भ में कम्पनी की संस्था के MOA के परिवर्तन की पुष्टि के लिए कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 के तहत केन्द्र सरकार से आवेदन करने का प्रस्ताव करती है।

कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय के प्रस्तावित परिवर्तन से प्रभावित होने वाला कोई भी सम्भावित व्यक्ति अपने हित तथा विरोध की पृष्ठभूमि की प्रकृति बताते हुए एक शपथपत्र द्वारा समर्थित अपनी आपत्तियाँ या तो एमसीए-21 पोर्टल (www.mca.gov.in) पर निवेशक शिकायत प्रपत्र भरकर भेजे या पंजीकृत डाक द्वारा क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी-पश्चिमी क्षेत्र, आर.ओ.सी. भवन, सामने रूपल पार्क सोसाइटी, अंकुर बस स्टॉप के पीछे, नारनपुरा, अहमदाबाद-380013 के पास तथा एक प्रति आवेदक कम्पनी के पास इसके निम्नलिखित पंजीकृत कार्यालय के पते पर इस सूचना के प्रकाशन की तिथि के 14 दिनों के भीतर भेज सकता है :
112-बी, शक्ति नगर, कोटा, राजस्थान-324009

सृजन कैपिटल लिमिटेड के लिए तथा उनकी ओर से
ओम प्रकाश माहेश्वरी
तिथि : 10 अक्टूबर, 2019 — निदेशक
स्थान : कोटा — डीआईएन : 00185677

प्रपत्र सं. आईएनसी-26
[कम्पनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30 के अनुसार]
केन्द्र सरकार उत्तरी-पश्चिमी क्षेत्र के सम्मुख
कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 की उपधारा (4) तथा कम्पनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30 के उपनियम (5) के उपपद (अ) के मामले में
तथा
कॅरिअर पॉइंट इन्फ्रा लिमिटेड
जिसके पंजीकृत कार्यालय का पता बी-28, 10-बी स्कीम, गोपालपुरा बाईपास जयपुर, राजस्थान-302018 है के मामले में
.....याचिकाकर्ता

एतद्वारा जनसामान्य को सूचना दी जाती है कि कम्पनी अपने पंजीकृत कार्यालय को ''राजस्थान राज्य'' से ''पंजाब राज्य'' में परिवर्तित करने में सक्षम होने के लिए 27 सितम्बर, 2019 को आयोजित असाधारण आम बैठक में पारित विशेष प्रस्ताव के सन्दर्भ में कम्पनी की संस्था के MOA के परिवर्तन की पुष्टि के लिए कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 के तहत केन्द्र सरकार से आवेदन करने का प्रस्ताव करती है।

कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय के प्रस्तावित परिवर्तन से प्रभावित होने वाला कोई भी सम्भावित व्यक्ति अपने हित तथा विरोध की पृष्ठभूमि की प्रकृति बताते हुए एक शपथपत्र द्वारा समर्थित अपनी आपत्तियाँ या तो **एमसीए-21 पोर्टल (www.mca.gov.in) पर निवेशक शिकायत प्रपत्र** भरकर भेजे या पंजीकृत डाक द्वारा क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी-पश्चिमी क्षेत्र, आर.ओ.सी. भवन, सामने रूपल पार्क सोसाइटी, अंकुर बस स्टॉप के पीछे, नारनपुरा, अहमदाबाद-380013 के पास तथा एक प्रति आवेदक कम्पनी के पास इसके निम्नलिखित पंजीकृत कार्यालय के पते पर इस सूचना के प्रकाशन की तिथि के 14 दिनों के भीतर भेज सकता है :
बी-28, 10-बी स्कीम, गोपालपुरा बाईपास जयपुर, राजस्थान-302018

कॅरिअर पॉइंट इन्फ्रा लिमिटेड के लिए तथा उनकी ओर से
ओम प्रकाश माहेश्वरी
तिथि : 10 अक्टूबर, 2019 — निदेशक
स्थान : जयपुर — डीआईएन : 00185677

प्रपत्र सं. आईएनसी-26
[कम्पनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30 के अनुसार]
केन्द्र सरकार (उत्तरी-पश्चिमी क्षेत्र)
के समक्ष रजनी क्षेत्र, नई दिल्ली
कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 की उपधारा (4) और कंपनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30 के उपनियम (5) के खंड (अ) के मामले में
और
आईसिया इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
(CIN-U72900DL2011FTC223549)
जिसका पंजीकृत कार्यालय : 125वी, सीएस वन टॉवर-1 ए, नोएडाडी सामा प्लेस, नई दिल्ली -110066 में स्थित है।
.....याचिकाकर्ता

याचिका की सूचना

आम जनता को यह नोटिस दी जाती है कि यह कंपनी केन्द्र सरकार के समक्ष कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 के अधीन आवेदन फाइल का प्रस्ताव करती है जिसमें कंपनी का पंजीकृत कार्यालय राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली से तमिलनाडु राज्य तमिलनाडु में रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज चेन्नई के अधिकार क्षेत्र में बदले में स्थानांतरित करने के लिए तारीख 20 सितम्बर 2019 को आयोजित वार्षिक आम बैठक में पारित विशेष संकल्प के संदर्भ में कंपनी के संस्था ज्ञापन में संशोधन की पुष्टि की जाने की गई है।

कंपनी के पंजीकृत कार्यालय के प्रस्तावित स्थानांतरण से यदि किसी व्यक्ति का हित प्रभावित होता है तो वह व्यक्ति या तो निवेशक शिकायत प्रपत्र फाइल कर एमसीए-21 पोर्टल (www.mca.gov.in) में शिकायत दर्ज कर सकता है या एक शपथ पत्र जिसमें उसके हित का प्रकार और उसके विरोध का कारण दर्शित हो के साथ अपनी आपत्ति क्षेत्रीय निदेशक को इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 14 दिनों के भीतर बी-2 विंग, द्वितीय तल, पर्यावरण भवन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली-110003 पते पर पंजीकृत डाक द्वारा भेज सकता है या सुपुर्द कर सकते हैं और इसकी प्रति आवेदक कंपनी को उसके उपरोक्त पंजीकृत कार्यालय के पते पर भी भेजेगा।

कृते आईसिया इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
हस्ता./-
कुमार राजगोपालन
तिथि : 08/10/2019 — निदेशक
स्थान : चेन्नई — डीआईएन : 03119315

इण्डियन ओवरसीज बैंक
INDIAN OVERSEAS BANK
सम्पत्ति वसूली प्रबंधन शाखा, रचना बिल्डिंग, 2 राजेन्द्र प्लेस, दिल्ली-110008, फोन : 011-25758124 ईमेल : iob1997@iob.in

शुद्धिपत्र

सामान्य जन को सूचित किया जाता है कि इस समाचार पत्र में 06.10.2019 को ई-नीलामी सूचना पत्र प्रकाशित किया गया था जिसमें क्रम सं. 20 में 1. मै. वसन्त गारमेन्ट प्रा. लि. 2. मै. आर्य इम्पैक्स निदेशक श्रीमति अमिता बसन्त स्थित लॉट-1 : फ्रीहोल्ड आवासीय सम्पत्ति दूसरे तल के साथ 2/39 (प्लॉट नं. 39 रोड नं. 2) सर्वप्रिया विहार नई दिल्ली-110016 स्वामी अमिता बसन्त एवं लॉट नं.2 प्रापर्टि बियरिंग एमसीडी नं. 209, प्रथम तल, खसरा नं. 429, लाल डोरा 1908-1909, गांव मस्जिद मोथ, नियर साउथ एक्सटेंशन पार्ट-।।, नई दिल्ली-110049 निर्माण एरिया 444 वर्ग फीट स्वामी श्रीमति अमिता बसन्त की सम्पत्ति जिसकी निलामी 21.10.2019 को होनी थी उसे बैंक ने निरस्त करने का निर्णय किया है। बाकि नियम व शर्तें सामान्य रहेंगी।

स्थान : नई दिल्ली — प्राधिकृत अधिकारी
दिनांक : 11.10.2019 — इंडियन ओवरसीज बैंक

डीसीबी बैंक लिमिटेड — डीसीबी
7/56, 3रा तल, देशबंधु गुप्ता रोड, करोल बाग, नई दिल्ली-110005, टेली.: (011) 45016060/ 45016055

परिशिष्ट-IV-ए (देखें 8 (6) का प्रावधान)
अचल सम्पत्ति की बिक्री के लिये ई-नीलामी बिक्री सूचना

प्रतिभूति हित प्रवर्त्तन नियम 8 (6) के साथ पाठित वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्त्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत बैंक के पास चार्ज्ड अचल परिसम्पत्तियों की बिक्री

एतद्द्वारा आम जनता तथा ऋणधारक, सह-ऋणधारकों तथा विशेष रूप से गारन्टरों को अधो

कोहली की एक और विराट पारी

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टैस्ट में भारत ने बनाए 601 रन

पुणे, 11 अक्तूबर (भाषा)।

कप्तान विराट कोहली के रेकार्ड सातवें दोहरे शतक की बदौलत भारत ने दूसरे टैस्ट के दूसरे दिन पांच विकेट पर 601 रन के विशाल स्कोर पर पहली पारी घोषित की। इसके बाद स्टंप तक दक्षिण अफ्रीका के तीन विकेट भी झटक लिए। कोहली ने अपने करिअर की सर्वश्रेष्ठ नाबाद 254 रन की पारी खेली जिससे उन्होंने मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर और वीरेंद्र सहवाग को पीछे छोड़ दिया जिनके नाम छह-छह दोहरे शतक हैं।

रविंद्र जडेजा (91) ने भी कुछ बेहतरीन शॉट लगाकर बड़ी पारी खेली लेकिन वह दूसरे टैस्ट शतक से चूक गए और कोहली ने उनके आउट होने के तुरंत बाद पारी घोषित कर दी। स्टंप तक दक्षिण अफ्रीका के तीन विकेट पर 36 रन थे जिससे भारतीय टीम इस तीन मैचों की श्रृंखला को चार दिन के अंदर अपने नाम करना चाहेगी। उमेश यादव ने दोनों सलामी बल्लेबाजों डीन एल्गर (06) और ऐडन मार्कराम (शून्य) को आउट किया जबकि मोहम्मद शमी ने तेम्बा बावुमा (08) का विकेट झटका।

दक्षिण अफ्रीकी टीम पहले सत्र के बाद से ही ढीली दिख रही थी और कोहली ने भी उनके आक्रमण की धज्जियां उड़ाते हुए पारी को आगे बढ़ाया। पहले सत्र में कोहली ने वर्नोन फिलैंडर को बेहतरीन स्ट्रेट ड्राइव लगाकर अपना 69वां अंतरराष्ट्रीय और 26वां टैस्ट शतक पूरा किया। उन्होंने ढीली गेंदों को नसीहत देते हुए बेहद संयमित पारी खेली जिसमें 336 गेंदों में 33 चौके और दो छक्के जड़े थे। यह मैराथन पारी रही

शतकीय पारी के बाद दर्शकों का अभिवादन करते विराट कोहली।

156.3 ओवर में 56 ओवरों का सामना किया विराट कोहली ने इस मैच में

जिसमें उन्होंने अकेले ही भारत की पारी के 156.3 ओवर में से 56 ओवरों का सामना किया।

कोहली ने उपकप्तान अजिंक्य रहाणे (59 रन) के साथ मिलकर चौथे विकेट के लिए 178 रन की साझेदारी निभाई जिससे दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों का मनोबल ही कमजोर पड़ गया। इस भागीदारी को स्पिनर केशव महाराज ने रहाणे को आउट कर तोड़ा। इसके बाद मेहमानों की गेंदबाजी को और शर्मसार करते हुए उन्होंने जडेजा के साथ 39.1 ओवर में 225 रन की भागीदारी निभाई। वह कहीं भी अपनी इस उपलब्धि को पूरा करने में जल्दबाजी में नहीं दिखे और उन्होंने दक्षिण अफ्रीकी आक्रमण की अच्छी गेंदों का सम्मान भी किया।

कोहली ने कागिसो रबादा की ऑफ स्टम्प पर पड़ती गेंदों से कोई छेड़खानी नहीं की। उन्होंने पहले सत्र में एक ही बार खराब शॉट खेला जब फिलैंडर की आउट स्विंगर पर विकेटकीपर क्विंटन डिकॉक डाइव लगाने के बावजूद कैच नहीं लपक सके। दक्षिण अफ्रीकी टीम निश्चित रूप से निराश होगी लेकिन उनके गेंदबाजों ने फिर भी अच्छा प्रदर्शन किया, भले ही स्कोरबोर्ड को देखकर ऐसा नहीं लग रहा हो।

रबादा और फिलैंडर ने लगातार दूसरे दिन विकेट की उम्मीद में अच्छी गेंदबाजी की लेकिन उन्हें कोई सफलता नहीं मिली। कप्तान और उपकप्तान की पहले घंटे में बल्लेबाजी काबिलेतारीफ रही। भारतीय कप्तान की दमदार पारी के बूते टीम ने पहले दो सत्र में 200 से अधिक रन बनाए और इस दौरान सिर्फ एक विकेट गंवाया। इस विकेट के गिरने के बाद हरफनमौला जडेजा को बल्लेबाजी के लिए भेजा गया। केशव महाराज की गेंद पर डीआरएस अपील से बचे रहाणे ने अपना 20वां अर्धशतक एनरिच नोर्जे की गेंद पर पूरा किया।

विराट के सात दोहरे शतक

रन	बनाम	साल
254	द. अफ्रीका	2019
243	श्रीलंका	2017
235	इंग्लैंड	2016
213	श्रीलंका	2017
211	न्यूजीलैंड	2016
204	बांग्लादेश	2017
200	वेस्ट इंडीज	2016

स्कोर बोर्ड

भारत पहली पारी : मयंक अग्रवाल का डुप्लेसी बो रबादा 108, रोहित शर्मा का डिकॉक बो रबादा 14, चेतेश्वर पुजारा का डुप्लेसी बो रबादा 58, विराट कोहली नाबाद 254, अजिंक्य रहाणे का डिकॉक बो महाराज 59, रविन्द्र जडेजा का डि ब्रून बो मुथुस्वामी 91, **गेंदबाजी** : फिलैंडर 26-6-66-0, रबादा 30-3-93-3, नोर्जे 25-5-100-0, महाराज 50-10-196-1, मुथुस्वामी 19.3-1-97-1, एल्गर 4-0-26-0, मार्कराम 2-0-17-0,

दक्षिण अफ्रीका पहली पारी : डीन एल्गर बो उमेश यादव 06, ऐडन मार्कराम पगबाधा उमेश यादव 00, थ्यूनिस डि ब्रून खेल रहे हैं 20, तेंबा बावुमा का साहा बो शमी 08, एनरिच नोर्जे खेल रहे हैं 02, **गेंदबाजी** : ईशांत 4-0-17-0, उमेश 4-1-16-2, जडेजा 4-4-0-0, शमी 3-1-3-1

कोहली ने ब्रैडमैन, तेंदुलकर का रिकार्ड तोड़ा

पुणे, 11 अक्तूबर (भाषा)।

भारतीय कप्तान विराट कोहली ने शुक्रवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टैस्ट में करियर की सर्वश्रेष्ठ 254 रन की नाबाद पारी खेलकर टैस्ट क्रिकेट में महान बल्लेबाज सर डान ब्रैडमैन और सचिन तेंदुलकर का रिकार्ड तोड़ा। कोहली ने सातवां दोहरा शतक लगाकर नया भारतीय रिकार्ड बनाया। उन्होंने तेंदुलकर और वीरेंद्र सहवाग के छह-छह दोहरे शतक के रिकार्ड को पीछे छोड़ा। इस सूची में आस्ट्रेलिया के ब्रैडमैन शीर्ष पर हैं जिन्होंने 12 दोहरे शतक लगाए हैं।

कोहली के नाम अब टैस्ट क्रिकेट में 26 और कुल 69 अंतरराष्ट्रीय शतक (वनडे में 43 शतक) हैं। उन्होंने अपनी पारी के दौरान ब्रैडमैन के 6,996 टैस्ट रन को पीछे छोड़ दिया। तीस साल के कोहली के नाम अब टैस्ट में 7,000 से ज्यादा रन हो गए हैं। वेस्टइंडीज के खिलाफ 2011 में करियर का आगाज करने वाला यह बल्लेबाज अब टैस्ट में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष 50 में शामिल हो गया है। इस तालिका में तेंदुलकर (15,921 रन) शीर्ष पर हैं। उन्होंने इस दौरान श्रीलंका के सनथ जयसूर्या, आस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ और इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज लेन हटन (6,971) को टैस्ट करियर के रनों के मामले में पीछे छोड़ा।

उन्होंने कुछ समय के लिए ब्रैडमेन का अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में बतौर कप्तान सबसे ज्यादा 150 प्लस स्कोर करने का रिकार्ड भी तोड़ दिया था। इसके बाद हालांकि उन्होंने दोहरा शतक जड़ डाला।

जोकोविच को हराकर सिटसिपास ने किया उलटफेर

शंघाई, 11 अक्तूबर (एएफपी)।

दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी नोवाक जोकोविच को शुक्रवार को शंघाई मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल में यूनान के युवा खिलाड़ी स्टेफानोस सिटसिपास से उलटफेर का सामना करना पड़ा। अब सिटसिपास का सामना शनिवार को सेमी फाइनल में 23 साल के दानिल मेदवेदेव से होगा। सातवीं रैंकिंग के सिटसिपास ने पहला सेट गंवाने के बाद वापसी की और मौजूदा चैंपियन को 3-6, 7-5, 6-3 से मात दी। सिटसिपास शीर्ष रैंकिंग के सर्बियाई खिलाड़ी के खिलाफ पिछले तीन मैचों में दो बार जीत हासिल कर चुके हैं। मेदवेदेव ने फैबियो फोगनिनी को 6-3, 7-6 से मात देकर सेमी फाइनल में प्रवेश किया। वहीं 20 बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन रोजर फेडरर का सामना क्वार्टर फाइनल में जर्मनी के युवा एलेक्जेंडर ज्वेरेव से जबकि आस्ट्रिया के डोमिनिक थिएम की भिड़ंत इटली के माटियो बेरेटेनी से होगी। अमेरिकी ओपन चैंपियन राफेल नडाल कलाई की चोट के कारण शंघाई में नहीं खेल रहे हैं।

प्रागनानंदा स्वर्ण पदक जीतने से एक कदम दूर

मुंबई, 11 अक्तूबर (भाषा)।

ग्रैंडमास्टर आर प्रागनानंदा के अलावा भारत के अन्य वर्गों के खिलाड़ी विश्व युवा शतरंज चैंपियनशिप में पदक जीतने के करीब पहुंच गए जिसमें केवल एक दौर का मुकाबला बचा है। प्रागनानंदा ने शुक्रवार को पुरूष अंडर-18 में 63 चाल तक चले मुकाबले में लिथुआनिया के अंतरराष्ट्रीय मास्टर पौलियस पुल्टिनेविसिया को हराया। वह इस जीत से साढे आठ अंक के साथ तालिका में शीर्ष पर पहुंच गए। अर्मेनिया के शीर्ष वरीय सार्गस्यान शांत उनसे आधा अंक पीछे हैं। शांत ने भारत के अंतरराष्ट्रीय मास्टर मित्राभ गुहा को हराकर लगातार तीसरी जीत दर्ज की। प्रागनानंदा के अलावा महिला अंतरराष्ट्रीय मास्टर वंतिका अग्रवाल (अंडर-18 महिला), कैंडिडेट मास्टर आरोनयाक घोष (अंडर-16 ओपन) और एलआर श्रीहरि (अंडर -14 ओपन) भी पदक जीतने की स्थिति में है। इनमें से वंतिका और आरोनयाक के पास स्वर्ण जीतने का मौका होगा।

कुंबले बने किंग्स इलेवन पंजाब के मुख्य कोच

नई दिल्ली, 11 अक्तूबर (भाषा)।

भारत के पूर्व कप्तान अनिल कुंबले को इंडियन प्रीमियर लीग के अगले सत्र के लिए किंग्स इलेवन पंजाब का मुख्य कोच बनाया गया है। ईएसपीएन क्रिकइन्फो के अनुसार कुंबले को टीम के क्रिकेट से जुड़े सभी मसलों का प्रभारी बनाया गया है। वह अपनी योजनाओं के बारे में 19 अक्तूबर को टीम प्रबंधन के सामने बात रखेंगे।

टीम के सह मालिक मोहित बर्मन ने कहा कि कुंबले स्पिनर आर अश्विन के भविष्य के बारे में भी उसी दिन फैसला लेंगे। पिछले दो सत्र से पंजाब के लिए खेल रहे अश्विन अब दिल्ली कैपिटल्स के लिए खेल सकते हैं। भारतीय टीम के साथ 2016 से 2017 के बीच कुछ समय के लिए कोच रहे कुंबले फिलहाल आइपीएल में अकेले भारतीय कोच हैं।

वह रॉयल चैलेंजर्स बंगलुरु के खिलाड़ी और कप्तान रहे। फिर 2013 में मुंबई इंडियंस के मेंटर रहे लेकिन 2015 में अलग हो गए। कप्तान विराट कोहली से तालमेल नहीं बैठने के कारण उन्हें भारतीय टीम के मुख्य कोच का पद छोड़ना पड़ा।

महिला टीम ने दक्षिण अफ्रीका को हराया

वडोदरा, 11 अक्तूबर (भाषा)।

पूनम राउत (65) और कप्तान मिताली राज (66) की अर्धशतकीय पारियों के दम पर भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने शुक्रवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे मुकाबले को पांच विकेट से जीत लिया। इसके साथ ही तीन मैचों की वनडे श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली।

पहले बल्लेबाजी का न्यौता मिलने पर दक्षिण अफ्रीकी महिला टीम ने निर्धारित 50 ओवर में छह विकेट पर 247 रन बनाए। भारतीय टीम ने दो ओवर शेष रहते पांच विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया।

दक्षिण अफ्रीका की सलामी बल्लेबाज लिजेली ली (40) और लौरा वोलवार्डट (69) ने पहले विकेट के लिए 76 रन की साझेदारी कर अच्छी शुरुआत दिलाई। वोलवार्डट ने 98 गेंद की पारी में सात चौके लगाए। अंतिम ओवरों में मिगनान डु प्रीज (44) और लारा गुडाल (38) ने तेजी से रन जुटाए जिससे टीम 247 के स्कोर तक पहुंच सकी।

मिताली ने 82 गेंद की पारी में आठ चौके लगाए जबकि पूनम ने 92 गेंद की पारी में सात बार गेंद को सीमा रेखा के पार पहुंचाया।

भारतीय टीम के लिए शिखा पांडे, एकता बिष्ट और पूनम यादव ने दो-दो विकेट लिए। भारतीय टीम ने संयमित तरीके से लक्ष्य का पीछा करना शुरू किया लेकिन प्रिया पूनिया (20) और जेमिमा रौद्रिगेज (18) की सलामी जोड़ी सधी शुरुआत को बड़ी पारी में नहीं बदल पाई। इसके बाद मिताली और पूनम ने तीसरे विकेट के लिए 129 रन की साझेदारी कर टीम के स्कोर को 200 रन के करीब पहुंचाया।

मिताली ने 82 गेंद की पारी में आठ चौके लगाए जबकि पूनम ने 92 गेंद की पारी में सात बार गेंद को सीमा रेखा के पार पहुंचाया। तीन गेंद के अंदर (40वें और 41वें ओवर में) दोनों का विकेट झटक कर दक्षिण अफ्रीका ने वापसी की लेकिन हरमनप्रीत कौर ने 27 गेंद में 39 रन की तेजतर्रार पारी खेलकर भारत की जीत सुनिश्चित कर दी। उन्होंने अपनी पारी में पांच चौके और एक छक्का लगाया। अयाबोंगा खाका दक्षिण अफ्रीकी टीम की सबसे सफल गेंदबाज रहीं। उन्होंने 10 ओवर में 69 रन देकर तीन विकेट चटकाए। श्रृंखला का तीसरा मुकाबला 14 अक्तूबर को खेला जाएगा।

भूटान को 10-1 से रौंदकर भारत फाइनल में

थिम्पू (भूटान), 11 अक्तूबर (भाषा)।

भारतीय महिला फुटबॉल टीम ने सैफ अंडर-15 चैंपियनशिप के मुकाबले में शुक्रवार को मेजबान भूटान को 10-1 से हराकर फाइनल में जगह पक्की की। साइ संखाई (63वें, 64वें और 72वें) टूर्नामेंट में दूसरी बार हैट्रिक बनाने में सफल रहीं। लींडा कोम सेर्थो (19वें और 54वें), सुमती कुमारी (24वें और 86वें) और किरण (15वें और 21वें) ने दो-दो गोल किए जबकि प्रियंका सुजीश ने आठवें मिनट में टीम के लिए पहला गोल किया।

भूटान ने हालांकि नौवें मिनट में ही सांगे वांगमो के गोल से स्कोर 1-1 कर दिया लेकिन इसके बाद भारतीय खिलाड़ियों ने विरोधी टीम को कोई मौका नहीं दिया। मध्यांतर तक भारतीय टीम 5-1 से आगे थी।

खेल संहिता में 'वीआइपी' प्रावधान पर नरमी बरत सकती है सरकार

नई दिल्ली, 11 अक्तूबर (भाषा)।

खेल मंत्री किरेन रीजीजू ने शुक्रवार को कहा कि सरकार प्रस्तावित राष्ट्रीय खेल संहिता में उस प्रावधान में रियायत देने के लिए तैयार थी जिसमें मंत्रियों, सांसदों और विधायकों के देश में खेल प्रशासन का हिस्सा बनने से रोक लगी है। उन्होंने इस विवादास्पद मुद्दे को देखने के लिए एक विशेषज्ञ पैनल के गठन का भी वादा किया।

राष्ट्रीय खेल महासंघों और भारतीय ओलंपिक संघ के अधिकारियों के साथ शुक्रवार को यहां पहली औपचारिक मुलाकात के बाद रीजीजू ने कहा कि सरकार और आइओए के बीच संहिता के मुद्दे पर कोई मतभेद नहीं है लेकिन साथ ही उन्होंने जोर दिया कि आज इस मुद्दे पर चर्चा नहीं हुई।

रीजीजू ने कहा, 'खेल संहिता सिर्फ एक चीज का हिस्सा है जिसे हम महत्वपूर्ण समझते हैं लेकिन हमारा मुख्य उद्देश्य खेलों को बढ़ावा देना है। खेल संहिता के संदर्भ में हमने पहले ही फैसला ले लिया है कि यह एक तकनीकी मुद्दा है। यह मुद्दा नीति से संबंधित है इसलिए एक विशेषज्ञ समिति उचित समय पर इस मुद्दे पर गौर करेगी।'

उन्होंने कहा, 'आइओए सभी खेल महासंघों के हितों का प्रतिनिधित्व करता है। जब आइओए अध्यक्ष ने कहा कि वह आज की बैठक से संतुष्ट हैं तो इसका मतलब है कि हम एक साथ हैं। टकराव की कोई बात नहीं है। कोई टकराव नहीं है।' खेल मंत्री ने बैठक से पहले कहा था कि सरकार सभी को स्वीकार्य खेल संहिता ही लागू करेगी ।

एशिया के शीर्ष युगल खिलाड़ी बने दिविज शरण

नई दिल्ली, 11 अक्तूबर (भाषा)।

दिविज शरण एटीपी युगल रैंकिंग सूची में अब केवल भारत के ही नहीं बल्कि एशिया के भी नंबर एक खिलाड़ी बन गए हैं। हाल में तीन पायदान के फायदे से वह 42वें नंबर पर पहुंच गए हैं। उनसे ऊपर सभी 41 खिलाड़ी यूरोप, अमेरिका और कुछ दक्षिण अमेरिकी देश जैसे ब्राजील और अर्जेंटीना के हैं।

दिविज ने कहा कि इस उपलब्धि तक पहुंचकर अच्छा महसूस हो रहा है। यह ऐसी उपलब्धि है जो पूरी जिंदगी मेरे साथ ही रहेगी।

मैरी कॉम समेत चार भारतीयों की निगाहें स्वर्ण पदक पर

उलान उदे, 11 अक्तूबर (भाषा)।

एमसी मैरी कॉम समेत चार भारतीय मुक्केबाज शनिवार को जब महिला विश्व चैंपियनशिप के सेमी फाइनल में उतरेंगी तो उनका इरादा अपने पदक का रंग बेहतर करने का होगा। तीसरी वरीयता प्राप्त मैरी कॉम (51 किलो) ने रेकार्ड आठवां विश्व चैंपियनशिप पदक पक्का कर लिया है। उनका सामना तुर्की की यूरोपीय चैंपियन बुसानाज काकिरोग्लू से होगा।

पहली बार खेल रही मंजू रानी (48 किलो), पिछले सत्र की कांस्य पदक विजेता और तीसरी वरीयता प्राप्त लवलीना बोरगोहेन (69 किलो) और जमुना बोरो (54 किलो) भी सेमी फाइनल में पहुंच गई थीं। रानी का सामना अब थाईलैंड की सी रकसात से, बोरो का मुकाबला सियाओ वेन से होगा।

रजिस्ट्रेशन नं. डी.एल.-21047/03-05, आरएनआई नं. 42819/83, वर्ष 36, अंक 328, *हवाई शुल्क:* इंफल-पांच रुपए, गुवाहाटी-चार रुपए, रायपुर-दो रुपए और पटना-एक रुपए।
दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड के लिए आर. सी. मल्होत्रा द्वारा ए-8, सेक्टर 7, नोएडा- 201301, जिला गौतम बुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित और मेजनीन फ्लोर, एक्सप्रेस बिल्डिंग, 9-10, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित। फोनः (0120) 2470700/2470740, ई-मेलः edit.jansatta@expressindia.com, फैक्सः (0120) 2470753, 2470754, **बोर्ड अध्यक्षः विवेक गोयनका, कार्यकारी संपादकः मुकेश भारद्वाज***, *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेवार। कापीराइटः दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड। सर्वाधिकार सुरक्षित। लिखित अनुमति लिए बगैर प्रकाशित सामग्री या उसके किसी अंश का प्रकाशन या प्रसारण नहीं किया जा सकता।